उज्जैन
बुधवार
27
मई, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-203
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



अनन्या पांडे के भरतनाट्यम पर भड़की कांग्रेस प्रवक्ता हमारे पसंदीदा डांस फॉर्म को मार दिया फिल्म 'चांद मेरा दिल' के डांस सीन पर विवाद



## जनसंपर्क विभाग के उज्जैन कार्यालय में पदस्थ कर्मी कपिल की एक और फिल्म रिलिज

# मैं करोड़पति हूँ, नाम की नौकरी करता हूँ : कपिल मिश्रा

## पत्रकार से बोला - जहां शिकायत करना है कर दो, जितनी खबर लगानी है लगा दो...

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

संभागीय जनसंपर्क कार्यालय में पदस्थ परीविक्षाधीन कर्मी एवं विभागीय परीक्षा दिए बगैर सिर्फ पद नाम का अधिकारी कपिल मिश्रा की बदमिजाजी, अभद्रता एवं बडबोलेपन का एक और मामला उजागर हुआ है। इसने दैनिक लोकदेश के जिला ब्यूरो तथा सेटेलाइट न्यूज चैनल स्वदेश न्यूज के संवाददाता के साथ अभद्रता एवं धमकी देते हुए कहा कि जहां शिकायत करना है कर दो, जितनी खबर लगानी है लगा दो...। संबंधित पत्रकार वासुदेव (विशाल) दुबे ने इसकी शिकायत जनसंपर्क आयुक्त सहित तमाम अधिकारियों से की है। देखना है कि पूर्ववत घुटना पेट की तरफ झुकता है या फिर न्याय का पक्ष लिया जाता है।

श्री दुबे ने अपनी शिकायतों का पुलिंदा खोलते हुए अभद्रता की हदें लांघने वाले दुस्साहसी कपिल की हरकतों को सिलसिलेवार रखा है। उन्होंने इसकी रेकार्डिंग एवं अन्य साक्ष्य भी इसके अधिकारियों को संलग्न कर भेजे हैं लेकिन कार्रवाई की स्थिति में अब तक कुछ भी सामने नहीं आया है। ऐसे में विभागीय अधिकारियों की निष्पक्षता पर सवाल खड़ा हो गया है।

### पत्रकारों के काम में बाधा डाल रहा

श्री दूबे ने आरोप में कहा कि यह पहली घटना नहीं है। पूर्व में भी कपिल मिश्रा ने कई महत्वपूर्ण शासकीय कार्यक्रमों की जानकारी समय पर उपलब्ध नहीं कराई । इस कारण अनेक पत्रकार कवरेज एवं बाइट लेने से वंचित रह गए।

- 5 मई को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उज्जैन दौरे की सूचना समय पर उपलब्ध नहीं कराई गई, जिसकी शिकायत पत्रकारों द्वारा मौके पर कलेक्टर रौशन कुमार सिंह से मौखिक की थी। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारी को सभी पत्रकारों को समयपूर्व सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए थे।
- 15 मई को मुख्यमंत्री के रामघाट पर सिंहस्थ निर्माण कार्यों के निरीक्षण कार्यक्रम की सूचना भी समय पर उपलब्ध नहीं कराई गई, जिससे पुनः कई पत्रकार कवरेज से वंचित रहे। इस संबंध में भी पत्रकारों ने कलेक्टर को चर्चा कर अवगत करवाया था।

### मैं करोड़पति हूँ, नाम की नौकरी करता हूँ



दो माह पूर्व कपिल मिश्रा के गैर-जिम्मेदाराना रवैये के विरुद्ध सीपीआर को भी शिकायत संभागीय जनसंपर्क कार्यालय उज्जैन के कर्मचारी अशोक मोहरे द्वारा भी की गई थी। श्री मिश्रा कार्यालय के कर्मचारियों के साथ बदतमीजी करते हैं, उन्हें डराते-धमकाते हैं तथा अहंकारपूर्ण अंदाज में कहते हैं कि मैं करोड़पति हूँ, नाम के लिए नौकरी करता हूँ।

- **प्रशासकीय अधिकारियों को भी नहीं बख्शा-** शिकायत में बताया गया है कि कपिल मिश्रा के व्यवहार के कारण कार्यालय में अनुशासनहीनता फैल गई है। इसके अतिरिक्त पूर्व में उनका एसडीएम एवं तहसीलदार के साथ विवाद हो चुका है, जिसकी शिकायत पहले भी वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष पहुंच चुकी है। जनसंपर्क विभाग को श्री महाकाल मंदिर की व्यवस्था से प्रथक किए जाने के दौरान भी मिश्रा ने एक आईएएस अधिकारी से अभद्रतापूर्ण व्यवहार को अंजाम दिया था।
- **विभाग में पत्रकारों से भेदभाव-** शिकायत में बताया गया है कि जनसंपर्क विभाग में कार्यरत कुछ अधिकारी / कर्मचारी जानबूझकर चुनिंदा पत्रकारों को ही सूचनाएं उपलब्ध करा रहे हैं तथा अन्य पत्रकारों के साथ भेदभावपूर्ण एवं पक्षपातपूर्ण व्यवहार कर रहे हैं। इससे निष्पक्ष पत्रकारिता प्रभावित हो रही है तथा शासन की सूचनाओं के समान प्रसार की भावना भी आहत हो रही है।
- **ये रखी मांग-** शिकायत में श्री दुबे ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराए जाने, पत्रकारों के साथ किए जा रहे भेदभावपूर्ण व्यवहार को बंद करने, सभी मान्यता प्राप्त एवं सक्रिय पत्रकारों को समान रूप से शासकीय सूचनाएं उपलब्ध कराने, कपिल मिश्रा द्वारा की गई अभद्रता, मानसिक प्रताड़ना एवं धमकीपूर्ण व्यवहार पर उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई करने,पत्रकारों को सूचना समूहों से हटाने एवं शासकीय सूचनाएं रोकने के कारणों की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग रखी है।

### ये है मामला

श्री दुबे ने दैनिक अवंतिका को अपनी शिकायतों से अवगत करवाते हुए बताया कि वे दो संस्थानों से अधिकृत रूप से जुडे हुए हैं। इसकी जानकारी जनसंपर्क कार्यालय उज्जैन में पंजीबद्ध है। अधिकृत परिचय पत्र/नियुक्ति संबंधी दस्तावेज संभागीय जनसंपर्क कार्यालय उज्जैन में पूर्व से जमा हैं। उनके अनुसार संभागीय जनसंपर्क कार्यालय उज्जैन द्वारा शासन-प्रशासन की गतिविधियों, मुख्यमंत्री/मंत्रियों के दौरे, प्रशासनिक कार्यक्रमों, प्रेस विज्ञप्तियों एवं अन्य शासकीय सूचनाओं के आदान-प्रदान हेतु पीआरओ उज्जैन नामक व्हाट्सएप ग्रुप संचालित किया जा रहा है, जिसमें मैं विगत लगभग तीन वर्षों से जुड़ा हुआ था। 24 मई को ग्रुप के एडमिन अभिषेक सिंह राठौड़ (मोबाइल नंबर 6263737706), जो जनसंपर्क कार्यालय में सोशल मीडिया हैंडलर के रूप में कार्यरत हैं ने उन्हें बगैर किसी पूर्व सूचना, कारण अथवा वैधानिक अधिकार के ग्रुप से हटा दिया। इस प्रकार मुझे शासकीय सूचनाओं से जानबूझकर वंचित किया गया, जिससे मेरे पत्रकारिता कार्य में गंभीर बाधा उत्पन्न हुई। इस संबंध में प्रभारी संयुक्त संचालक जनसंपर्क अरुण कुमार राठौर से जानकारी लेने पर उन्होंने जानकारी होने से इंकार किया और कहा कि वे इस विषय में संबंधित कर्मचारी से बात करेंगे। श्री राठौड़ से जानकारी लेने पर उन्होंने ऊपर से आदेश का हवाला देते हुए सहायक जनसंपर्क अधिकारी कपिल मिश्रा से बात करने को कहा। श्री मिश्रा (मोबाइल नंबर 8839327673) से इस संबंध में पूछे जाने पर अव्वल तो उन्होंने विषय से अनभिज्ञता जताई। बाद में अत्यंत अभद्र एवं धमकीपूर्ण भाषा का प्रयोग करते हुए कहा कि - जहां शिकायत करना है कर दो, जितनी खबर लगानी है लगा दो...। यही नहीं उलट आरोप लगाते हुए मिश्रा ने कहा कि मैं विभागीय कर्मचारी को डरा-धमका रहा हूं। पत्रकार श्री दुबे ने अपनी शिकायत के पक्ष में व्हाटसप ग्रुप का स्क्रीनशॉट, कॉल रिकॉर्डिंग / चैट प्रमाण संबंधित दस्तावेजों की प्रतिलिपि भी उपलब्ध करवाए हैं।

## कर्नाटक मुख्यमंत्री सिद्धारमैया कल इस्तीफा दे सकते हैं



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया कल गुरुवार को इस्तीफा दे सकते हैं। पार्टी उनकी जगह उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को सीएम बना सकती है। दोनों नेताओं की मंगलवार को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सांसद राहुल गांधी के साथ 6 घंटे तक बैठक हुई। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में राहुल गांधी ने सिद्धारमैया से सीएम पद से इस्तीफा देने का कहा और उन्हें राज्यसभा भेजने का ऑफर दिया। साथ ही उन्हें दिल्ली में बड़ी राष्ट्रीय भूमिका निभाने को कहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कुछ समर्थकों से चर्चा के बाद सिद्धारमैया ने कहा कि वे हाईकमान का फैसला मानेंगे।

## बेंगलुरु एयरपोर्ट पर इंडिगो फ्लाइट में धुआं दिखते ही मचा हड़कंप

**बेंगलुरु।** इंडिगो की बेंगलुरु से चेन्नई जाने वाली एक फ्लाइट में मंगलवार शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई जब उड़ान भरने से पहले विमान के भीतर धुआं दिखाई दिया। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विमान को तुरंत खाली कराया गया और सभी यात्रियों तथा क्रू मेंबर्स को सुरक्षित बाहर निकालकर टर्मिनल भेज दिया गया। घटना के बाद एयरपोर्ट पर कुछ देर के लिए तनावपूर्ण स्थिति बन गई, हालांकि एयरलाइन ने स्पष्ट किया कि सभी यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं। जानकारी के मुताबिक यह घटना इंडिगो की फ्लाइट 6ए 6017 के साथ हुई, जो रवाना होने वाली थी। विमान रनवे की ओर टैक्सी कर रहा था, तभी उसमें धुआं दिखाई देने की सूचना मिली।

## ममता बनर्जी के खिलाफ सिलीगुड़ी में एफआईआर दर्ज



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ सिलीगुड़ी साइबर थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। ममता पर आरोप है कि उन्होंने 2025 में कोलकाता में आयोजित ईद कार्यक्रम के दौरान सनातन और हिंदू धर्म को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। विवाद उस बयान को लेकर है, जिसमें गंदा धर्म जैसे शब्द इस्तेमाल करने का आरोप लगाया गया है। हालांकि, इस मामले पर ममता की ओर से अब तक कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। यह शिकायत वकील रिंकी चटर्जी सिंह ने की है। उनका कहना है कि बयान से लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं।

## प्री-मानसून बारिश 29 मई से 5 जून तक संभव, 90% भारत कवर करेगी

**नई दिल्ली।** भारत के 80-90 प्रतिशत हिस्से में 29 मई से 5 जून तक प्री-मानसून बारिश हो सकती है। यह बारिश इसलिए अहम है क्योंकि मानसून अभी केरल नहीं पहुंचा है। मौसम विभाग ने 26 मई का अनुमान लगाया था। मानसून आने के लिए केरल के 14 तय स्टेशनों में लगातार दो दिन 2.5एमएम बारिश जरूरी है। दक्षिण-मध्य अरब सागर में चक्रवाती सर्कुलेशन से बादल कमजोर हुए हैं। अगले 2-3 दिन में मानसून आगे बढ़ सकता है। यूरोपीय मौसम एजेंसी यूरोपियन सेंटर फॉर मीडियम-रेंज वेदर फोरकास्ट्स ने भारत में 15 दिनों की बारिश का पूर्वानुमान निकाला है। ईसीएमडब्ल्यूएफ सैटेलाइट, समुद्री और वायुमंडलीय डेटा के आधार पर मौसम का मैप बनाता है।

## रिपोर्ट- ईरान फिर जंग की तैयारी में जुटा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेल अवीव**

ईरान अमेरिका के साथ संभावित नए युद्ध के लिए तैयारी कर रहा है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक तेहरान को वॉशिंगटन पर बिल्कुल भरोसा नहीं है और वह होर्मुज स्ट्रेट को अपना सबसे बड़ा रणनीतिक हथियार मान रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक ईरानी अधिकारी तीन मोर्चों पर काम कर रहे हैं- सैन्य तैयारी, घरेलू समर्थन और कूटनीति। हालांकि बातचीत का रास्ता खुला रखा गया है, लेकिन सेना और ईरान रेवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स हाई अलर्ट पर हैं।

## भारत ने जम्मू-कश्मीर पर चीन-पाकिस्तान का बयान खारिज किया

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

भारत ने चीन और पाकिस्तान के संयुक्त बयान में जम्मू-कश्मीर के जिक्र को पूरी तरह खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न और अविभाज्य हिस्से हैं। भारत ने चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर परियोजनाओं पर भी कड़ी आपत्ति जताई। यह बयान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की चीन यात्रा के बाद जारी संयुक्त बयान के जवाब में आया है। इसमें कहा गया था कि पाकिस्तान ने चीन को जम्मू-कश्मीर के हालात की जानकारी दी।

इसके बाद चीन ने कहा कि जम्मू-कश्मीर मुद्दा इतिहास से जुड़ा विवाद है और इसका समाधान संयुक्त राष्ट्र चार्टर, यूएनएससी प्रस्तावों और द्विपक्षीय समझौतों के तहत शांतिपूर्ण तरीके से होना चाहिए।

## अहमदाबाद प्लेन क्रैश जिस हॉस्टल पर हुआ था, वह फिर बनेगा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ अहमदाबाद**

गुजरात के अहमदाबाद में पिछले साल जून में जिस हॉस्टल पर गिरकर प्लेन क्रैश हुआ था, उसकी जगह अब नया आधुनिक सुपर स्पेशियलिटी हॉस्टल बनाया जाएगा। गुजरात सरकार ने सिविल अस्पताल के पास असरवा स्थित न्यू मेंटल कैंपस में 105 करोड़ की लागत से 9 मंजिला हॉस्टल और कैंटीन ब्लॉक बनाने का फैसला लिया है। स्वास्थ्य राज्यमंत्री प्रफुल पानसेरिया ने बताया कि प्लेन क्रैश में क्षतिग्रस्त अतुल्यम 1 से 4 ब्लॉक, कैंटीन और सब-स्टेशन बिल्डिंग के मुआवजे के तौर पर टाटा एयरलाइंस स्वास्थ्य विभाग को 53.12 करोड़ देगी। इसमें 236 डॉक्टरों के रहने की व्यवस्था होगी। 12 जून 2025 को हुए हादसे के समय हॉस्टल में कुल 92 छात्र मौजूद थे। दुर्घटना के बाद हुए स्ट्रक्चरल ऑडिट में बिल्डिंग को असुरक्षित घोषित किया गया, जिसके बाद इसे तोड़ने का निर्णय लिया गया।

## नीमच में हादसा, खाई में गिरा पिकअप वाहन

# तीन मजदूरों की मौत

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ जावद**



नीमच जिले के सिंगोली क्षेत्र के तिलस्वा घाट पर मंगलवार रात (26 मई) एक पिकअप वाहन बेकाबू होकर गहरी खाई में गिर गया। हादसे में तीन मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। पिछले दो दिनों में इसी घाट पर यह दूसरा बड़ा हादसा है।

जानकारी के मुताबिक राजस्थान के धौलपुर से बांसवाड़ा की ओर जा रहा पिकअप वाहन रात करीब 10 बजे तिलस्वा घाट के खतरनाक मोड़ पर बेकाबू हो गया। वाहन में पेंट की बाल्टियां लोड थीं, जिनके ऊपर मजदूर बैठे हुए थे। संतुलन बिगड़ने से वाहन सीधे खाई में जा गिरा। बाल्टियों में भरा कलर शवों पर गिरा। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

हादसे का शिकार हुए मजदूर बरेली (उत्तर प्रदेश), गाजीपुर और राजस्थान के जयपुर के रहने वाले थे। वे आंगनवाड़ी भवन निर्माण कार्य के लिए जा रहे थे। घायलों की पहचान मोहम्मद जाकिर (40), इदरीस और सोमपाल के रूप में हुई है। सिंगोली अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में उन्हें कोटा रेफर किया गया है।

हादसे की सूचना पर सिंगोली थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा और तहसीलदार प्रेमशंकर पटेल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। राहगीरों की मदद से शवों को खाई से निकालकर सिंगोली अस्पताल की मॉचुरी में रखवाया गया। पुलिस ने वाहन जब्त कर मर्ग कायम किया है। मामले की जांच जारी है।



## खबर एक नजर...

### रिक्शा के पीछे फंदे पर लटका मिला दिव्यांग चालक

**उज्जैन।** ई-रिक्शा चलाने वाले दिव्यांग चालक ने सोमवार-मंगलवा रात रिक्शा के पीछे रस्सी बांध फंदा गले में डाल लिया। आसपास के लोगों ने उसे लटका देखा तो परिजनों को सूचना दी। अस्पताल लाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। नानाखेड़ा थाना पुलिस ने बताया कि रामवासा में रहने वाले राकेश पिता ओमप्रकाश प्रजापत 40 साल की फांसी लगाने से हुई मौत की सूचना अस्पताल से मिलने पर मर्ग कायम किया गया था। मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान सामने आया कि मृतक दिव्यांग है और उसने घर के बाहर अपनी ही ई-रिक्शा के पीछे रस्सी बांध फांसी लगाई थी। पुत्र गौरव अस्पताल लेकर पहुंचा था। परिजनों ने बताया कि 6 माह पहले राकेश की रिक्शा खराब हो गई थी। उसकी पत्नी भी दिव्यांग है और सिलाई का काम करती है। रिक्शा खराब होने पर राकेश ने अपने रिश्तेदार के ईंट भट्टे पर काम करना शुरू कर दिया था। बताया यह भी जा रहा था कि राकेश शराब पीने का आदी था, संभवतः नशे में उसने आत्मघाती कदम उठाया है। पुलिस के अनुसार फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। परिजनों के बयान और जांच के बाद फांसी लगाने का कारण सामने आयेगा।

### जगदीश मंदिर से 16 जुलाई को जगन्नाथ की रथ यात्रा, बैठक में तैयारी पर चर्चा

**उज्जैन।** भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा 16 जुलाई को कार्तिक चौक स्थित प्राचीन जगदीश मंदिर से निकलेगी जो प्रमुख मार्गों से भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर पहुंचेगी। यहां भगवान जगन्नाथ की महाआरती कर महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए आयोजन समिति की बैठक रविवार को हुई। समाज के सोशल मीडिया प्रभारी राजेश जामलिया के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष लीलाधर देथलिया, युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह पटेल सहित सभी जिला अध्यक्ष, समाजसेवी, वरिष्ठजन और समाज के पदाधिकारियों की मौजूदगी में बैठक में रथयात्रा के मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था और यातायात व्यवस्था पर चर्चा की गई। स्वागत मंच, पेयजल व्यवस्था पर निर्णय हुआ और साफ-सफाई की जिम्मेदारी तय की गई। महाप्रसादी वितरण की व्यवस्था पर भी बात हुई। व्यवस्थाओं के लिए अलग-अलग समितियों का गठन किया गया। बैठक में मौजूद समाजजन ने लोगों से रथयात्रा में शामिल होने का अनुरोध किया।

### ताजपुर में विद्यार्थियों को दी 20 दिवसीय ऑन द जॉब ट्रेनिंग

**इंदौर।** व्यावसायिक शिक्षा के तहत शाउमावि में विद्यार्थियों के लिए 2 से 25 मई तक 20 दिनी ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। प्राचार्य संदीप विश्वकर्मा और व्यावसायिक शिक्षा नोडल अधिकारी प्रदीप चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में संचालित ओजेटी में आईटी-आईटीईएस के लिए सुनील बेगाना और इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर के लिए राहुल लोदवाल ने प्रशिक्षण दिया। विद्यार्थियों ने आईटी-आईटीईएस और इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर विषयों में वास्तविक कार्यस्थल पर काम करने का अनुभव लिया।

### ओपन स्टेट स्विमिंग में भाग लेंगे उज्जैन के 6 तैराक

**उज्जैन।** मप्र स्विमिंग एसोसिएशन द्वारा रीवा में आयोजित होने वाली स्टेट ओपन स्विमिंग कॉम्पिटिशन में उज्जैन के 6 तैराक शामिल होंगे। 15-16 और 17-18 आयु वर्ग में होने वाली प्रतियोगिता में प्रदेश के 200 से ज्यादा तैराक भाग ले रहे हैं। 15-16 आयु वर्ग में उज्जैन के शिवोह्म तिवारी, जुनैना हुसैन, आद्या राय, समर्थ गेहलोत, रौनक धारीवाल और 17-18 आयु वर्ग में सिद्धेश जैन चुनौती पेश करेंगे। 30 मई से 2 जून तक चलने वाली चार दिवसीय प्रतियोगिता पहले चार वर्गों में होना थी, लेकिन गर्मी के कारण इसे फिलहाल ग्रुप ए और बी वर्ग तक ही सीमित किया है। 11-13 और 11-12 आयु वर्ग की प्रतियोगिता बाद में आयोजित की जाएगी।

---

### ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तक नल से पानी पहुंचाने की योजना पर भी सवाल उठने लगे

# तकनीकी और फील्ड स्तर की प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी हैं तो प्रमाणन में देरी क्यों

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तक नल से पानी पहुंचाने की योजना पर भी सवाल उठने लगे हैं। आधिकारिक जानकारी के अनुसार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) ने प्रदेश के नौ जिलों में हर घर जल प्रमाणन के लिए आवश्यक तकनीकी तैयारियां, परीक्षण और फील्ड सत्यापन की प्रक्रिया करीब पांच महीने पहले ही पूरी कर ली थी। इसके बावजूद अब तक इन जिलों को औपचारिक रूप से हर घर जल प्रमाणित घोषित नहीं किया गया है।

जानकारी के मुताबिक जिन नौ जिलों में यह प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, उनमें उज्जैन संभाग के सात जिले- उज्जैन, देवास, रतलाम, आगर मालवा, शाजापुर, मंदसौर और नीमच शामिल हैं। इनके अलावा इंदौर और अशोकनगर जिले भी इस सूची में हैं। इन जिलों में शत-प्रतिशत घरों तक नल कनेक्शन पहुंचाने और पानी सप्लाई की तकनीकी तैयारियां पूरी बताई जा रही हैं, लेकिन अंतिम प्रशासनिक मंजूरी नहीं मिलने से इन्हें अभी तक हर घर जल का दर्जा नहीं मिल पाया है। दरअसल, हर घर जल प्रमाणित घोषित होने के बाद ही सरकार आधिकारिक तौर पर यह मानती है कि जिले के सभी ग्रामीण घरों में नियमित नल जल आपूर्ति सुनिश्चित हो गई है। ऐसे में सवाल यह उठ रहा है कि जब तकनीकी और फील्ड स्तर की प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी हैं तो प्रमाणन में देरी क्यों



हो रही है। दूसरी ओर, जल संकट बढ़ से सरकार पर इन जिलों को शीघ्र प्रमाणित करने का दबाव भी बढ़ रहा है।

मप्र में जल जीवन मिशन की शुरूआत को अगस्त 2026 में सात वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। इसके बावजूद अब तक प्रदेश के केवल दो जिले ही पूर्ण रूप से हर घर जल प्रमाणित घोषित हो पाए हैं। तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में जुलाई 2022 में बुरहानपुर प्रदेश का पहला हर घर जल प्रमाणित जिला बना था। इसके लगभग 11 महीने बाद जून 2023 में निवाड़ी को दूसरा प्रमाणित जिला घोषित किया गया। वर्तमान मोहन सरकार के ढाई साल के कार्यकाल में अब तक एक भी नए जिले को यह दर्जा नहीं मिला है। जबकि प्रदेश में कुल 55 जिले हैं और सरकार का दावा है कि अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में नल जल योजनाओं का तेजी से विस्तार किया गया है।

#### दो प्रकार की योजनाओं पर काम चल रहा

जल जीवन मिशन के तहत प्रदेश में दो प्रकार की योजनाओं पर काम चल रहा है- एकल नल-जल योजनाएं और समूह नल-जल योजनाएं। अधिकारियों के अनुसार प्रदेश में 28 हजार से अधिक एकल नल-जल योजनाओं का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। पीएचई विभाग के प्रमुख सचिव मनीष सिंह का कहना है कि विभाग ने एकल नल-जल योजनाओं की समीक्षा शुरू कर दी है और जहां भी संचालन संबंधी दिक्कतें हैं, उन्हें दूर किया जा रहा है। वहीं समूह नल-जल योजनाओं की कुल संख्या 147 है, जिनमें अब तक लगभग 70 प्रतिशत काम पूरा होने का दावा किया गया है। इन योजनाओं को पूरा करने की अंतिम समय सीमा मार्च 2027 निर्धारित की गई है। समूह योजनाएं विशेष रूप से उन क्षेत्रों के लिए बनाई गई हैं जहां बड़े जल स्त्रोतों से कई गांवों तक पाइपलाइन के जरिए पानी पहुंचाया जाता है।

---

### गंगा दशहरे के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने

## मां गंगा की प्रतिमा का पूजन, अभिषेक किया

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे सनातन का गौरव पूरी दुनिया देखेगी.-मुख्यमंत्री**



**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गंगा दशहरा के पावन अवसर पर नील गंगा स्थल पहुंचकर मां गंगा की प्रतिमा का पूजन अभिषेक किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा प्रधान मंत्री के नेतृत्व मे सिहस्थ 2028 मे सनातन का वैभव पूरी दुनिया देखेगी।

उज्जैन में माँ शिप्रा के घाटो पर साधु संतो की भावना अनुसार सनातन की पूर्ण गरिमा परम्परा अनुसार सिहस्थ 2028 का आयोजन होगा। मुख्यमंत्री अपने व्यस्त कार्यक्रमों के मध्य प्रतिवर्ष की परंपरा अनुसार नील गंगा परिसर पहुंचे, यहां पर गुप्त गंगा का स्थान माना गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव हर वर्ष यहां पर आकर पूजन अर्चन करते हैं उज्जैन प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव नीलगंगा परिसर पहुंचे और मां गंगा का पूजन अभिषेक कर गुप्त गंगा के दर्शन किये और प्रदेश की जनता की शुभ मंगल स्वास्थ्य, उन्नति, तरक्की की कामना की। नील गंगा जूना अखाड़ा पर गंगा दशहरा के अवसर पर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री हरि गिरि महाराज अध्यक्ष श्रीमहंत रविन्द्र पुरी महाराज, शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती महाराज नारायण गिरी महाराज उपस्थित रहे।

---

## मुख्यमंत्री यादव ने दीदीयों को वितरण की इलेक्ट्रॉनिक साईकिल



**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा उज्जैन हेलीपेड पर आयोजित कार्यक्रम मे स्व-सहायता समूह की उत्कृष्ट सीआरपी दीदीयों तथा प्रोजेक्ट सवर्धन अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनवाडी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता एवं एएनएम को सीएसआर अंतर्गत कम्पनी के द्वारा सी एस आर फंड दी गई इलेक्ट्रॉनिक साईकिल वितरण किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा की इलेक्ट्रॉनिक साईकिल महिलाओं के दैनिक कार्यों में सुगमता प्रदान करने का एक प्रभावी माध्यम है। इसके उपयोग से दीदीयो को आवागमन में सुविधा, आर्थिक एवं समय की बचत होगी । विशेष रूप से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं के लिए यह एक उपयोगी एवं पर्यावरण अनुकूल परिवहन का साधन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वार द्वारा पेट्रोल एवं डीजल की बचत तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु किए गए आव्हान के अनुरूप इलेक्ट्रॉनिक साईकिल का उपयोग ऊर्जा संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान देगा। इससे दीदीयों को दैनिक कार्यो मे ईंधन की खपत नही होने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, और अनुकूलन भी होगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा की दीदीयो को इलेक्ट्रॉनिक साईकिल उपलब्ध कराना उनकी कार्यक्षमता, आत्मनिर्भरता एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक पहल है।

---

### शिप्रा-शुद्धिकरण की मांग पर आमरण अनशन के लिए पहुंचे लोग

## पुलिस और प्रशासनिक अमले ने खत्म कराया, सात दिन का अल्टीमेटम दिया

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

शिप्रा शुद्धिकरण की मांग को लेकर मालवा रक्षा अनुष्ठान के संयोजक और अधिवक्ता आचार्य सत्यम सत्यनारायण पुरोहित मंगलवार को आमरण अनशन पर बैठने पहुंचे। अनशन शुरू होते ही प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंच गया। करीब एक घंटे तक चली समझाइश के बाद आचार्य ने सात दिन का अल्टीमेटम देकर अनशन स्थगित कर दिया।





आचार्य सत्यम ने शिप्रा नदी के अस्तित्व पर खतरा और पर्यावरण संरक्षण की अनदेखी का आरोप लगाते हुए सुबह 10 बजे नृसिंह घाट पर आमरण अनशन की घोषणा की थी। आचार्य के पहुंचने से पहले ही महाकाल थाना पुलिस अनशन स्थल पर पहुंच गई। थाना प्रभारी गगन बादल और एसआई चंद्रभान सिंह ने उनसे चर्चा कर समझाने का प्रयास किया।

इसके बाद एसडीएम एलेन गर्ग मौके पर पहुंचे। उन्होंने आचार्य की मांगें सुनीं और जल्द निराकरण का आश्वासन दिया। नगर निगम उपायुक्त संतोष टैगोर ने मौके पर पहुंचकर आचार्य से चर्चा की। अधिकारियों के आश्वासन के बाद आचार्य ने सात दिन का समय देते हुए फिलहाल अनशन समाप्त कर दिया।

आचार्य ने कहा कि शिप्रा किनारे पौधारोपण अब तक नहीं हुआ है। 29 किलोमीटर घाट निर्माण के दौरान निकली मिट्टी नदी में छोड़ दी गई। साथ ही एनजीटी के नियमों का पालन नहीं हो रहा है। आचार्य ने कहा कि यदि सात दिन में मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन फिर शुरू किया जाएगा। नगर निगम उपायुक्त संतोष टैगोर ने बताया कि आचार्य का ज्ञापन ले लिया गया है। उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई का प्रयास किया जाएगा।

उज्जैन
बुधवार
27
मई, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

सत्यं ब्रूयात् प्रियं ब्रूयात् न ब्रूयात् सत्यमप्रियम्।
नासत्यं च प्रियं ब्रूयात् एष धर्मः सनातनः॥
अर्थः सत्य और प्रिय बोलना चाहिए; पर अप्रिय सत्य नहीं बोलना और प्रिय असत्य भी नहीं बोलना यह सनातन धर्म है।

## खबर एक नजर...

### सोशल मीडिया पर दोस्ती, शादी का झांसा देकर दुष्कर्म

**इंदौर।** इंदौर की महिला थाना पुलिस ने एक विधवा महिला से रेप के मामले में सोमवार रात को एफआईआर दर्ज की है। आरोपी ने सोशल मीडिया के माध्यम से पीड़िता से पहचान बढ़ाई थी। इसके बाद वह उससे लगातार बातचीत करता रहा और शादी का झांसा देता रहा। आरोपी ने पीड़िता के बच्चों को भी साथ रखने की बात कही थी, लेकिन बाद में उसका व्यवहार बदल गया। महिला थाना पुलिस ने 34 वर्षीय महिला की शिकायत पर उज्जैन के एकता नगर निवासी विशाल के खिलाफ शादी का झांसा देकर धोखा देने के मामले में एफआईआर दर्ज की है। महिला ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2020 में उसके पति की मौत हो चुकी थी। इसके बाद आरोपी उसके संपर्क में आया और मदद करने की बात कहने लगा। पीड़िता के अनुसार, आरोपी ने शादी का वादा कर उसे सांवेर स्थित एक होटल में बुलाया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने खुद को इंदौर में रहने वाला बताया था। बाद में पीड़िता को पता चला कि आरोपी पहले से शादीशुदा है और उसके बच्चे भी हैं।

### ठग ने कहा- आरटीओ चालान आया है, डेबिट कार्ड से करना होगा भुगतान

**इंदौर।** इंदौर की साइबर सेल पुलिस ने एक महिला की पूर्व में की गई शिकायत के मामले में एमआईजी थाने में सोमवार को फर्जीवाड़े की एफआईआर दर्ज कराई है। आरोपी ने डेबिट कार्ड के जरिए धोखाधड़ी को अंजाम दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एमआईजी पुलिस ने 48 वर्षीय रश्मि अग्रवाल की शिकायत पर अज्ञात मोबाइल कॉलर के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबिक, महिला ने साइबर सेल में शिकायत कर बताया था कि 21 मई 2025 को उनके मोबाइल पर एक नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को बीओआई बैंक का अधिकारी बताया। उसने कहा कि उनकी कार का आरटीओ चालान आया है, जिसका भुगतान डेबिट कार्ड से करना होगा। इसके बाद आरोपी ने डेबिट कार्ड नंबर पूछना शुरू किया। इस पर रश्मि ने कहा कि वह कई सालों से डेबिट कार्ड का उपयोग नहीं कर रही हैं और उन्हें उसका नंबर भी याद नहीं है। इसके बाद आरोपी ने कार्ड की जानकारी चेक करने की बात कहकर मोबाइल को दो मिनट तक होल्ड पर रखने के लिए कहा। कुछ देर बाद फोन कट गया। रात में बैलेंस चेक करने पर खाते से 84 हजार रुपए से अधिक की राशि कट चुकी थी। अगले दिन जब वह बैंक में पासबुक एंट्री कराने पहुंचीं तो खाते में सिर्फ 49 रुपए शेष मिले। खाते की डिटेल निकलवाने पर पता चला कि अकाउंट से चार से अधिक ट्रांजेक्शन के जरिए अलग-अलग ऐप के माध्यम से रुपए निकाले गए हैं। इसके बाद उनके अकाउंट से जुड़ा वॉट्सऐप भी डिलीट हो गया। मामले में पीड़िता ने तुरंत राज्य साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई।

### वेयरहाउस विवाद में संचालक का अपहरण, चार आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर।** राऊ थाना क्षेत्र में वेयरहाउस संचालक के साथ मारपीट कर उसके अपहरण का मामला सामने आया है। पीड़ित की पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने सोमवार देर रात मोबाइल लोकेशन के आधार पर युवक को आरोपियों के कब्जे से मुक्त कराया। मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनकी कार जब्त की गई है। एसीपी निधि सक्सेना के मुताबिक सूरज की पत्नी ज्योति ने पुलिस को सूचना दी थी कि उसका पति पिगडंबर स्थित वाइन शॉप के पास खड़ा था, तभी कुछ लोग उसे जबरन कार में बैठाकर ले गए। शिकायत मिलते ही पुलिस ने इलाके में नाकाबंदी कर जांच शुरू कर दी। जांच में सामने आया कि वेयरहाउस के सौदे को लेकर चल रहे विवाद के कारण मुकेश और उसके साथियों ने सूरज का अपहरण किया।

### इंदौर में गहराता जल संकटः 125 अतिरिक्त टैंकर चला रहा निगम

# निर्माण कार्यों में रीयूज पानी नहीं इस्तेमाल करने पर होगी कार्रवाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में जल संकट लगातार गहराता जा रहा है। शहर के कई इलाकों में लोगों को पानी के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि पानी सप्लाई के लिए नगर निगम को करीब सवा सौ अतिरिक्त टैंकर चलाने पड़ रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद जल संकट कम नहीं हो रहा है।

मौजूदा हालात को देखते हुए नगर निगम अब अभियान मोड में आ गया है, ताकि लोगों को पानी की समस्या से राहत दिलाई जा सके। निगम ने तय किया है कि निर्माण कार्यों में रीयूज वाटर का इस्तेमाल नहीं करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को लेकर भी सख्ती की तैयारी की जा रही है।

**तीन तरीकों से हो रही पानी की सप्लाई–** नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने बताया कि इंदौर में तीन माध्यमों से पानी की सप्लाई की जा रही है। पहला, नर्मदा परियोजना के तहत डायरेक्ट सप्लाई, जिसमें टंकियों तक पानी पहुंचाकर पंपिंग के जरिए घरों तक वितरण किया जाता है।

दूसरा, जिन क्षेत्रों में नर्मदा लाइन नहीं पहुंची है, वहां बोरवेल कनेक्शन के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। तीसरा, जहां न तो नर्मदा लाइन है और न ही बोरवेल की सुविधा, वहां टैंकरों के जरिए पानी पहुंचाया जा रहा है। इसके अलावा जरूरत वाले अन्य इलाकों में भी अतिरिक्त टैंकर भेजे जा रहे हैं।



### पिछले साल की तुलना में इस वर्ष ज्यादा चल रहे टैंकर

नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने बताया कि पिछले साल की तुलना में इस बार ज्यादा टैंकर चलाने पड़ रहे हैं। वर्तमान में करीब 125 अतिरिक्त टैंकरों के माध्यम से पानी की सप्लाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी और प्री-मानसून बारिश नहीं होने के कारण यह स्थिति बनी है। कई बोरवेल सूख चुके हैं, जिन्हें सुधारने के लिए आवश्यक कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम अपनी ओर से हर संभव प्रयास कर रहा है। अधिकारियों और कर्मचारियों को भी निर्देश दिए गए हैं कि पानी की सप्लाई व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखें और उसे व्यवस्थित बनाए रखें।

### पानी सहेजने के लिए अभियान मोड में काम जरूरी

कमिश्नर ने कहा कि शहर में बारिश के पानी को सहेजने के लिए अभियान स्तर पर काम करने की जरूरत है। निर्माण कार्यों में रीयूज वाटर का उपयोग करने के लिए लगातार अपील की जा रही है। यदि कोई निर्माण कार्य में रीयूज पानी का इस्तेमाल नहीं करता पाया गया, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण नियमों के तहत रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य है, लेकिन कई लोग अब भी इसका पालन नहीं कर रहे हैं। लोगों से कई बार अपील की जा चुकी है। इसके बावजूद यदि रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग नहीं किया गया, तो नियमानुसार पेनाल्टी लगाई जाएगी।

# इंदौर में पानी संकट पर कांग्रेस का राजबाड़ा में धरना-प्रदर्शन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में लगातार गहराते जल संकट को लेकर मंगलवार को कांग्रेस ने राजबाड़ा पर बड़ा धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में कांग्रेस के कई नेता, कार्यकर्ता, महिलाएं और अलग-अलग क्षेत्रों से पहुंचे रहवासी शामिल हुए। राजबाड़ा पानी दो, महापौर इस्तीफा दो और महापौर मुर्दाबाद के नारों से गूंज उठा।

प्रदर्शन को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। वहीं राजबाड़ा और आसपास की इमारतों की छतों से भी पुलिस निगरानी करती रही।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने महापौर, एमआईसी सदस्यों, पार्षदों, विधायकों, सांसदों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक को घेरते हुए कहा कि इंदौर की जनता जहरीला पानी पीने को मजबूर है। पटवारी ने कहा कि कांग्रेस तीन दिन में पानी की गुणवत्ता और जल संकट को लेकर अपनी रिपोर्ट पेश करेगी।

धरने में शामिल हुए पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा ने महापौर पर जमकर निशाना साधते हुए उन्हें एक्सिडेंटल महापौर बताया। उन्होंने कहा कि शहर में जनता पानी के लिए परेशान है, लेकिन नगर निगम समस्या का समाधान नहीं कर पा रहा है। धरना-प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं हाथों में खाली मटके, खाली पानी की बोतलें, तख्तियां और पोस्टर लेकर पहुंचीं। महिलाओं ने कहा कि पहले दूषित पानी दिया गया और अब पानी ही नहीं मिल रहा।



### जांच को भेजे 7 मोबाइल खोलेंगे राज

# रसूखदारों से जुड़े वीडियो-फोटो अब तक नहीं लगे हाथ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

हनी ट्रैप-2 कांड में गिरफ्तार कर जेल भेजी गई रेशू और श्वेता जैन से एसआईटी कोई खास राज नहीं उगलवा पाई है। बताते हैं आरोपी श्वेता हनी ट्रैप-1 कांड में जेल से छूटने के बाद भी दिल्ली में एक केंद्रीय मंत्री से लगातार संपर्क में रही हैं।

इस केस में नाम आने के बाद उसने रसूख का इस्तेमाल कर खुद को सख्ती से पूछताछ की जद से दूर रखा है। वहीं रेशू के मजबूत नेटवर्क के कारण अधिकारी उससे भी हनी ट्रैप के वीडियो, फुटेज व फोटो नहीं जुटा पाए हैं। दोबारा रिमांड पर आई लेडी तस्कर अलका ने इंटेलीजेंस के हेड कांस्टेबल विनोद शर्मा के साथ मिलकर पुलिस विभाग में खुद का मजबूत नेटवर्क तैयार कर लिया था। अलका एएसपी और एसीपी रैंक के अफसरों से संपर्क में रहती थी। कई अधिकारी जो इसके संपर्क में थे, वह रिटायर हो चुके हैं। रिटायरमेंट के बाद भी वह उनसे कानूनी सलाह मशविरा करती रही है। वीडियो और फोटो पर करोड़ों की डील करती थी रेशू बताते हैं रेशू हर फोटो, वीडियो पर करोड़ों की डील करती थी। आरोपियों से मिले 7 मोबाइल फोन को भोपाल फॉरेंसिक लैब भेजा है। बताते हैं श्वेता जैन, रेशू चौधरी, अलका और हेड कांस्टेबल विनोद के मोबाइल में कई वीडियो फुटेज हैं, जो आपस में शेयर किए गए हैं।

### नए एमवायएच बिल्डिंग का काम शुरू, 200 डंपर मलबा और मिट्टी निकाली

# बड़े पेड़ों को एमआरटीबी परिसर में ट्रांसप्लांट करने की तैयारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में 773 करोड़ की लागत से बनने वाली एमवायएच की दूसरी नई बिल्डिंग के काम को गति मिल रही है। करीब 10 एकड़ में बनने वाली इस बिल्डिंग की तीन बड़े ब्लॉकों के साथ होगी। इसके लिए शुरुआती दौर में 200 डम्पर मलबा, मिट्टी फेंकी जा चुकी है। इसके साथ ही मिट्टी को परीक्षण के लिए भेजा गया है।

डॉ. अरविंद घनघोरिया (डीन, एमजीएम मेडिकल कॉलेज) ने बताया कि इस सरकारी परिसर में सालों से लगे बड़े पेड़ों को ट्रांसप्लांट किया जा रहा है। अब तक 19 पेड़ों को चिन्हित किया गया है। इसे एमआरटीबी हॉस्पिटल परिसर में विधिवत ट्रांसप्लांट किया जाएगा। इसके लिए वहां खुदाई शुरू हो गई है। जल्द ही इन पेड़ों का वहां ट्रांसप्लांट कर दिया जाएगा ताकि इको सिस्टम बना रहे।

नई बिल्डिंग के परिसर में अधिकांश सरकारी क्वार्टर्स को ध्वस्त कर मलबा फेंका जा चुका है। अभी करीब 500 डम्पर मलबा और फेंका जाना है। इसके अलावा दवा बाजार के सामने और केईएच कम्पाउंड के कुछेक क्वार्टर्स को तोड़ा जाना है। इसके लिए यहां के स्टाफ को वैकल्पिक स्थान दिया जा रहा है, जबकि कुछेक रहवासियों ने दो माह का समय मांगा है।

**ऐसा रहेगा नए एमवायएच बिल्डिंग का स्वरूप–** अस्पताल की नई बिल्डिंग तीन ब्लॉक में बनाई जाएगी। अभी मौजूदा बिल्डिंग में एक ही ब्लॉक में वार्ड, एडमिनिस्ट्रेशन, ट्रामा सेंटर सभी शामिल हैं। नई बिल्डिंग तल मंजिल सहित नौ मंजिला होगी। बिल्डिंग बनाने के लिए जिस जगह का चयन किया गया है, वहां से चाचा नेहरू, सुपर स्पेशिएलिटी अस्पताल, कैंसर अस्पताल काफी नजदीक रहेंगे। ऐसे में मरीजों को अस्पतालों में आने-जाने में भी सुविधाएं मिलने लगेगी।

**773 करोड़ की लागत से बनेगा नया चिकित्सा परिसर–** अस्पताल परियोजना पर लगभग 773.73 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इस राशि में 1450 बिस्तरों वाले अस्पताल के साथ 500 बिस्तरों का नर्सिंग होस्टल तथा पार्किंग व्यवस्था भी शामिल है। प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य मध्यप्रदेश भवन निर्माण निगम लिमिटेड, भोपाल द्वारा कराया जाएगा, जबकि डिजाइन एवं तकनीकी परामर्श की जिम्मेदारी नई दिल्ली की कंसल्टेंसी संस्था को सौंपी गई है।



## खबर एक नजर...

### भर्तृहरि गुफा परिसर में शिप्रा परिक्रमा यात्रा का भव्य स्वागत

**उज्जैन।** शिप्रा परिक्रमा यात्रा का भर्तृहरि गुफा परिसर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। क्षत्रिय मारवाड़ी माली समाज के पूर्व अध्यक्ष बैंक वाले स्वर्गीय रमेशचंद्र गेहलोत के परिवार ने यात्रा में शामिल अतिथियों और श्रद्धालुओं का आत्मीय सम्मान किया। इस दौरान सभी अतिथियों व यात्रियों ने गौमाता का पूजन कर उन्हें गौग्रास खिलाया। कार्यक्रम में उज्जैन विकास प्राधिकरण अध्यक्ष रवि सोलंकी, नगर निगम सभापति कलावती यादव, समाजसेवी नारायण यादव, अभय यादव, नगर महामंत्री जगदीश पांचाल, वैभव मोहन यादव, पार्षद भूरू गेहलोत, अमय आप्टे और रामागुरु जी सहित समस्त यात्रियों का गेहलोत परिवार ने स्वागत किया। अजय गेहलोत ने बताया कि स्वागत समारोह के इस अवसर पर राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त किशोर कुमार भाटी, प्रेम गेहलोत, राधेश्याम गेहलोत, शंकरलाल दगदी, विजय गेहलोत, प्रशांत गेहलोत और भरत सांखला प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### घर-घर पहुंचकर किया जनसंपर्क, कई कांग्रेस पदाधिकारी रहे मौजूद

**उज्जैन।** घट्टिया विधानसभा के पानबिहार ब्लॉक में युवक कांग्रेस द्वारा 'चलो पंचायत अभियान' की शुरूआत की गई है। युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष शेरसिंह चौहान के नेतृत्व में कार्यकताओं ने पानबिहार और गुनई जागीर में घर-घर जाकर पेंपलेट वितरित किए और लोगों से संपर्क किया।

अभियान के दौरान मुख्य रूप से युवक कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव नरेंद्र मालवीय, ब्लॉक अध्यक्ष पदम सिंह पटेल, युवा कांग्रेस के जिला महासचिव हयातुद्दीन कुरैशी, मंडलम अध्यक्ष विनोद कारपेंटर और युवा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष राजपाल सिंह सोलंकी मौजूद रहे।

इनके अलावा जनसंपर्क में किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष दीपू बना, पंचायत अध्यक्ष राजेश चौहान, सेवादल के ब्लॉक अध्यक्ष रईस मंसूरी, युवा कांग्रेस के जिला महासचिव नितेश मालवीय, अनवर मंसूरी, विजय केवड़ा, ईश्वर सिंह, सुभाष परमार और सुनील परमार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शिप्रा नदी में मिट्टी डालने के विरोध में अनशन, प्रशासन के सात दिन में कार्रवाई के आश्वासन पर स्थगित

### सात दिन में काम शुरू नहीं हुआ तो फिर होगा अनशन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



शिप्रा नदी एवं पर्यावरण रक्षा सहित अन्य जन समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर नरसिंह घाट पर शुरू हुआ अधिवक्ता आचार्य सत्यम सत्यनारायण पुरोहित का आमरण अनशन प्रशासन के आश्वासन के बाद स्थगित कर दिया गया है। नगर निगम के अपर आयुक्त आईएएस संतोष टैगोर, एसडीएम और महाकाल क्षेत्र के नगर पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में सात दिन के भीतर सभी मांगों पर कार्रवाई शुरू करने का कलेक्टर की ओर से लिखित वचन दिया गया।

नदी में मिट्टी डालने पर जताई गई गंभीर आपत्ति मीडिया कर्मियों की उपस्थिति में शिप्रा के 29 किलोमीटर घाट निर्माण के दौरान खोदी गई भारी मात्रा में मिट्टी को नदी में ही डालने पर गंभीर आपत्ति दर्ज कराई गई। आचार्य सत्यम ने चिंता जताई कि वर्षा ऋतु में यही मिट्टी दलदल का रूप ले लेगी, जिससे लोगों की जान को खतरा होगा। पूर्व में भी रामघाट तथा अन्य घाटों पर दलदल के कारण कई अकाल मृत्यु हो चुकी हैं। इस पर अधिकारियों ने तत्काल नदी में पड़ी मिट्टी हटवाने का वचन दिया और नदी किनारे पौधारोपण की तैयारी की जानकारी भी दी।

**घाट निर्माण की मिट्टी नदी से तत्काल हटाने का अधिकारियों ने दिया वचन, मांगे पूरी न होने पर फिर आंदोलन की चेतावनी**

आचार्य सत्यम ने प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी दी कि वर्ष 2012 में शासन द्वारा दिया गया लिखित वचन आज तक अधूरा है। आगामी सिंहस्थ आयोजन में अब केवल दो वर्ष शेष हैं। यदि एक सप्ताह में मांगों पर तेजी से कार्रवाई शुरू नहीं हुई, तो स्थगित किया गया आमरण अनशन फिर से शुरू करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। प्रातः 10 बजे शुरू हुए इस आंदोलन में महंत बालीनाथ सरस्वती और अधिवक्ता मोहनलाल पांडे भी आचार्य सत्यम के साथ उपस्थित थे। अंत में मालव रक्षा अनुष्ठान की ओर से सभी मीडिया कर्मियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### माँ शिप्रा तीर्थ परिक्रमा यात्रा में स्काउट-गाइड का सराहनीय सेवाकार्य

उज्जैन। माँ शिप्रा तीर्थ परिक्रमा यात्रा में इस वर्ष भी भारत स्काउट एवं गाइड जिला उज्जैन द्वारा श्रद्धालुओं के लिए सराहनीय सेवाकार्य किया गया। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 मई 2026 से आयोजित यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं का रामघाट स्थित शिप्रा तट पर पंजीयन कार्य किया गया। राज्य कोषाध्यक्ष सह जिला मुख्यायुक्त जिला उज्जैन श्री रमेशचंद्र शर्मा के निर्देशन में लगभग 100 स्काउटर-गाइडर, रोवर-रेंजर एवं ओपन यूनिट्स के सदस्यों ने सेवाएं प्रदान करते हुए पंजीयन एवं व्यवस्था संबंधी कार्य संपादित किए। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्काउट उज्जैन संभाग डॉ. सुरेश पाठक ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन के माननीय मुख्यमंत्री एवं जिला अध्यक्ष भारत स्काउट एवं गाइड जिला उज्जैन डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में विगत 23 वर्षों से आयोजित तीर्थ परिक्रमा यात्रा में स्काउट-गाइड निरंतर सेवाएं दे रहे हैं तथा यात्रा अवधि में श्रद्धालुओं के साथ रहकर सहयोग प्रदान करते हैं। इस अवसर पर मुख्यालय आयुक्त श्री राजेश कुशवाह, श्री अनोखीलाल शर्मा, श्री महेंद्र पाटीदार, श्रीमती सी.के. गोयल, श्री सदाशिव वर्मा के नेतृत्व में तथा श्री रामसिंह बनीहार, सचिव श्रीमती जयश्री पाठक एवं श्री हरीश चौहान के संयोजन में स्काउट-गाइड दल द्वारा व्यवस्थाएं संभाली गईं।कार्यक्रम का मीडिया कवरेज अनिल सक्सेना द्वारा किया गया।

# एनबीए इंदौर ने जीता सब जूनियर बालिका बास्केटबॉल चैंपियनशिप का खिताब

### रोमांचक फाइनल में भोपाल कॉरपोरेशन को हराया, मेहरप्रीत कौर बनीं मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन




मध्य प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन और उज्जैन कॉरपोरेशन एरिया बास्केटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित 'अस्मिता मध्य प्रदेश राज्य बास्केटबॉल सब जूनियर बालिका वर्ग चैंपियनशिप 2026' का खिताब एनबीए इंदौर ने जीत लिया है। तेज-तर्रार खेल का प्रदर्शन करते हुए एनबीए इंदौर ने फाइनल मुकाबले में भोपाल कॉरपोरेशन को 44-33 के स्कोर से पराजित कर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

चैंपियनशिप में एनबीए इंदौर प्रथम, भोपाल कॉरपोरेशन द्वितीय और इंदौर कॉरपोरेशन तृतीय स्थान पर रहा। पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी शरद वाघमारे द्वारा मेहरप्रीत कौर को मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर का अवार्ड प्रदान किया गया। इसके अलावा एनबीए इंदौर की सुभाश्री पॉल को बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट, भोपाल कॉरपोरेशन की आर्या गुप्ता को बेस्ट स्कोरर, गुना की मोनिका धाकड़ को बेस्ट रिबाउंड, इंदौर कॉरपोरेशन की आयाती दुबे को बेस्ट डिफेंडर और उज्जैन की अंजलि कुमारी को बेस्ट फीडर के पुरस्कार से नवाजा गया। विजेता खिलाड़ियों को आकर्षक मेडल, ट्रॉफी और उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया।

संगठन की सचिव ऋतु शर्मा ने बताया कि पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव कुलविंदर सिंह गिल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डिप्टी कलेक्टर एवं महाकाल प्रबंध समिति की उप प्रशासक श्रीमती सिम्मी यादव ने की। विशेष अतिथि के रूप में गौरव यादव और पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी शैलेंद्र टाइटस उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत संगठन अध्यक्ष ज्योति शर्मा, मनीषा पंवार, प्रगति जैन, अर्चना टाइटस और मनीष धनौरिया ने किया। कार्यक्रम का शानदार संचालन कर रहे शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके का समापन अवसर पर विशेष सम्मान किया गया। अंत में आभार समीक्षा भदौरिया ने माना।

### झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से 9 माह के मासूम की बिगड़ी हालत

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

ग्राम घोंसला स्थित गुरु नानक दवाखाना के कथित झोलाछाप डॉक्टर द्वारा 9 माह के मासूम के इलाज में गंभीर लापरवाही बरतने का मामला सामने आया है। मप्र युवा शिव सेना गौ रक्षा न्यास ने डॉक्टर के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कर क्लिनिक सील करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, आईजी, कलेक्टर और एसपी को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन के अनुसार घोंसला निवासी सीमा मालवीय अपने 9 माह के बेटे को पेशाब न आने की शिकायत पर ग्राम स्थित गुरु नानक दवाखाना के डॉ. जितेन्द्र जेठलानी के पास लेकर गई थीं। आरोप है कि डॉक्टर ने बिना विशेषज्ञता के बच्चे के मूत्रमार्ग की चमड़ी काट दी। इसके बाद बच्चे की हालत बिगड़ गई और सूजन के साथ संक्रमण फैल गया। हालत गंभीर होने पर मासूम को उज्जैन के एसएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां चिकित्सकों ने मूत्रमार्ग में सड़न की बात कहते हुए करीब 30 हजार रुपए के खर्च से ऑपरेशन किया। डॉक्टरों ने बच्चे के भविष्य को लेकर भी गंभीर चिंता जताई है। संगठन का आरोप है कि जब परिजनों ने डॉ. जेठलानी से शिकायत की तो उसने अभद्रता करते हुए जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया और उन्हें भगा दिया।

# दाता वॉरियर्स और बनारसिया क्वीन ने जीता क्रिकेट टूनार्मेंट का खिताब

### क्षीरसागर स्टेडियम में एक महीने तक चला रात्रिकालीन आयोजन, 30 टीमों ने दिखाया शानदार खेल

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन




जैन यूथ क्रिकेट क्लब द्वारा क्षीरसागर स्टेडियम में दुधिया रोशनी के बीच आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट टूनार्मेंट का सफलतापूर्वक समापन हो गया है। इस वर्ष पुरुष वर्ग में दाता वॉरियर्स और महिला वर्ग में बनारसिया क्वीन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब पर कब्जा जमाया। समाज को एकजुट करने और नारी सशक्तिकरण के उद्देश्य से आयोजित इस टूनार्मेंट में इस वर्ष महिला क्रिकेट के साथ बालक और बालिकाओं के भी विशेष मैच खेले गए।

पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में दाता वॉरियर्स ने जीत दर्ज कर ट्रॉफी उठाई, जबकि महावीर इलेवन उपविजेता रही। वहीं महिला वर्ग में बनारसिया क्वीन विजेता और हेलो किड्स चैंपियन उपविजेता रही। पुरुष वर्ग में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए आयुष मारू को मैन ऑफ द सीरीज, अतिशय पटौदी को बैट्समैन ऑफ द टूनार्मेंट और ऋषभ सकलेचा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। महिला वर्ग में प्रभा जैन वूमेन ऑफ द टूनार्मेंट और अंशु बाफना वूमेन बेस्ट बैट्समैन चुनी गईं।

कमेटी सदस्य धीरेंद्र जैन ने बताया कि 24 अप्रैल से 24 मई तक अनवरत चले इस आयोजन में पुरुष वर्ग की सोलह और महिला वर्ग की आठ टीमों ने हिस्सा लिया। इसके अलावा बालकों की चार और बालिकाओं की दो टीमों ने भी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रोजाना बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिकों ने दर्शक बनकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। समापन अवसर पर पार्षद रजत मेहता और सुशील श्रीवास अतिथि के रूप में मौजूद रहे। पुरुष वर्ग में नवकार संस्था के विशेष सहयोगी विजय जैन, आगम जैन और सुरभि जैन द्वारा ट्रॉफी का वितरण किया गया। वहीं महिला क्रिकेट टीम की ट्रॉफी सहयोगी संस्था गुजरात प्राइड के रजनीश मिंडा ने प्रदान की। अतिथियों का स्वागत अभिनंदन जेवायसीसी के संरक्षक विनोद बरबोटा, अमित कावड़िया, दिनेश जैन सुपरफार्मा, नरेश भंडारी और स्नेहलता सोगानी द्वारा किया गया।

## खबर एक नजर...

### आरोग्य भारती के डॉ. अहिरवार ने दिया प्रकृति संरक्षण का संदेश

**उज्जैन।** गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में नागेश्वर धाम कॉलोनी में बाल सभा के तत्वावधान में 'गंगा गीत यात्रा' का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान बालिकाओं ने गंगा मैया का स्वरूप धारण कर कॉलोनी में भव्य शोभायात्रा निकाली, जिसका रहवासियों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। कार्यक्रम संयोजक हरेंद्रपाल सिंह चौहान ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य गंगा दशहरा पर्व मनाने के साथ-साथ प्रकृति संरक्षण के प्रति समाज का ध्यान आकर्षित करना था। इस अवसर पर आरोग्य भारती के डॉ. सत्यप्रकाश अहिरवार ने पर्यावरण और प्रकृति की रक्षा पर अपने विचार व्यक्त किए। शोभायात्रा के कॉलोनी भ्रमण के दौरान डॉ. सत्यप्रकाश अहिरवार, जितेंद्र अग्रवाल, विजय सिंह जादौन सहित उपस्थित मातृशक्ति ने बालिकाओं का स्वागत कर उन्हें स्वल्पाहार भेंट किया। इस धार्मिक व सामाजिक आयोजन में काईसा, वीरा, सोना, हितांशी और मिस्टी आदि बालिकाओं ने उत्साह के साथ सहभागिता की।

### पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने वाले आरोपी को 02 वर्ष की सजा

**शाजापुर।** न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जिला शाजापुर द्वारा आरोपी मोहसिन पिता मुबारिक शाजापुर को 02 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 अर्थदण्ड, भादवि की धारा 505 बी में 01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 रुपए अर्थदण्ड तथा आईटी एक्ट की धारा 67ए में 01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 रू अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। है। फरियादी रोहित राठौर ने 16.02.2019 को एक आवेदन पत्र थाना कोतवाली शाजापुर में देकर बताया था कि एक फेसबुक आई.डी. पर मोहसिन लाला ने पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे के साथ अश्लील शब्दावली का प्रयोग करते हुए पोस्ट डाली है।

# गंगा दशहरा अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नीलगंगा पहुंचकर मां गंगा की प्रतिमा का पूजन

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सनातन का गौरव पूरी दुनिया देखेंगी-मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नीलगंगा आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में साधु-संतों का आशीर्वाद लिया*

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गंगा दशहरा के पावन अवसर पर नीलगंगा स्थल पहुंचकर मां गंगा की प्रतिमा का पूजन अभिषेक किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधान मंत्री के नेतृत्व में सिंहस्थ 2028 में सनातन का वैभव पूरी दुनिया देखेंगी। उज्जैन में मां शिप्रा के घाटों पर साधु-संतों की भावना अनुसार सनातन की पूर्ण गरिमा परम्परा अनुसार सिंहस्थ 2028 का आयोजन होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव अपने व्यस्ततम कार्यक्रमों के मध्य प्रतिवर्ष की परंपरा अनुसार नीलगंगा सरोवर पहुंचे, यहां पर गुप्त गंगा का स्थान माना गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव हर वर्ष यहां पर आकर पूजन अर्चन करते हैं। उज्जैन प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री डॉ.यादव नीलगंगा स्थल पहुंचे और मां गंगा का पूजन अभिषेक कर गुप्त गंगा के दर्शन किए और प्रदेश की जनता की शुभ मंगल स्वास्थ्य, उन्नति, तरक्की की कामना की। नीलगंगा जूना अखाड़ा पर गंगा दशहरा के अवसर पर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री हरि गिरि महाराज, अध्यक्ष श्रीमहंत रवींद्र पुरी महाराज, शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती महाराज, नारायण गिरी महाराज उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर ही नीलगंगा आश्रम स्थित गंगा सरोवर में चार करोड़ 56 लाख रूपए की लागत से विकास और निर्माण कार्य जारी हैं। इससे गंगा सरोवर के चारों ओर परिक्रमा पथ का निर्माण और सौंदर्यीकरण के काम भी किये जा रहे हैं। इन सबके लिए भी साधु-संतों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार प्रकट किया है। जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती महाराज, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्रीमहंत डॉ. रवींद्र पुरी महाराज, महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज के सानिध्य में संतों ने गंगा दशहरा पर नीलगंगा में पूजन किया। इस दौरान हरिगिरी जी ने कहा कि उज्जैन में कल्पना से परे कार्य हो रहे है। मैंने नासिक कुम्भ की बैठक में भी महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के सामने कहा कि उज्जैन में शिप्रा पर 29 किमी के घाट बन रहे है। यह सब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सोच से और दृढ इच्छाशक्ति से यह सब साकार हो पा रहा है। इस अवसर पर जूना अखाड़ा के वरिष्ठ अध्यक्ष श्रीमहंत प्रेम गिरि महाराज, वरिष्ठ श्रीमहंत उमाशंकर भारती महाराज, श्रीमहंत केदारपुरि जी महाराज, उपाध्यक्ष श्रीमहंत महेश पुरी महाराज, जूना अखाड़ा के अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज, श्री महंत महेशपुरी जी महाराज, श्री महंत रामेश्वर गिरी जी महाराज सहित बड़ी संख्या में संतगण उपस्थित रहे। मुख?यमंत्री डॉ. यादव ने सभी संतों से आशीर्वाद लिया एवं बाद में संतों ने उनका शॉल ओढाकर अभिनन्दन किया। कार्यक्रम के आरम्भ में अखाडा परिषद के प्रवक्ता गोविंद सौलंकी एवं समन्वयक डॉ. राहुल काटारिया ने मुख?यमंत्री जी की अगवानी की और उन्हें अंग वस्त्र भेंटकर अभिनंदन किया।

# ईद-उल-अजहा की नमाज गुरुवार को ईदगाह में सुबह 7:30 बजे होगी अदा

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

मुस्लिम समाज द्वारा ईद-उल-अजहा का पर्व बड़े उत्साह और अकीदत के साथ मनाया जाता है। पर्व को लेकर समाजजनों द्वारा तैयारियां भी पूरी कर ली गई हैं तथा मस्जिदों और ईदगाहों में विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। शहर काजी मौलवी खलीकुर्रहमान साहब ने जानकारी देते हुए बताया कि ईद-उल-अजहा का पर्व 28 मई 2026, गुरुवार को मनाया जाएगा। ईद की मुख्य नमाज ईदगाह में सुबह 7:30 बजे अदा की जाएगी। इसके साथ ही शहर की विभिन्न मस्जिदों में भी अलग-अलग समय पर ईद की नमाज अदा होगी। नमाज के दौरान सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं



को ध्यान में रखते हुए मुस्लिम समाज से समय का विशेष ध्यान रखने और निर्धारित समय से 10 मिनट पहले पहुंचने की अपील की गई है। जारी नमाज समयानुसार जामा मस्जिद में सुबह 8 बजे, शाही मस्जिद में 7:45 बजे, फतेह मस्जिद में 7:40 बजे, मस्जिद सारवान में 8 बजे, लाल मस्जिद में 7:45 बजे तथा मस्जिद कोट मोहल्ला में सुबह 8 बजे नमाज अदा की जाएगी। इसी प्रकार मस्जिद मिजार्वाड़ी, मक्का मस्जिद रिंग रोड, मस्जिद नेहरू इस्माईल आगार रोड, मस्जिद उमर दमदमा, मस्जिद आदर्श नगर एवं विक्रम नगर सहित अन्य मस्जिदों में भी सुबह 7:45 से 8:15 बजे के बीच नमाज का समय निर्धारित किया गया है। शहर काजी कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में मुस्लिम समाज से शांति, भाईचारे एवं अनुशासन के साथ पर्व मनाने की अपील की गई है।

# सहायता मांगना कमजोरी नहीं समझदारी, विद्यार्थियों ने लिया सकारात्मक जीवनशैली का संकल्प

### सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की समाजशास्त्र एवं समाज कार्य अध्ययनशाला में युवाओं को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को तनावमुक्त रहकर सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया, जिसके बाद सभी उपस्थित विद्यार्थियों ने मानसिक स्वास्थ्य को जीवन की प्राथमिकता बनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. ज्योति उपाध्याय ने कहा कि विद्यार्थी जीवन केवल पढ़ाई और परीक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्तित्व विकास और भविष्य की दिशा तय करने का महत्वपूर्ण समय है। पढ़ाई का दबाव, करियर की चिंता और प्रतिस्पर्धा अक्सर मानसिक तनाव का कारण बनते हैं। सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और भावनात्मक संतुलन से ही मन स्वस्थ रहता है। उन्होंने विद्यार्थियों को जन्मदिन पर पौधे लगाने और आश्रम या मंदिर जाने जैसी छोटी-छोटी गतिविधियों से खुशी तलाशने की सलाह दी।

मुख्य वक्ता समाजशास्त्र एवं समाज कार्य अध्ययनशाला की डॉ. मनीषा चौरे ने कहा कि तनाव या निराशा महसूस होने पर उसे अपने तक सीमित न रखें। माता-पिता, शिक्षकों या मित्रों से खुलकर बात करें। सहायता मांगना कमजोरी नहीं, बल्कि समझदारी और साहस का प्रतीक है। उन्होंने स्वस्थ शरीर के साथ स्वस्थ मन के लिए सुडोकू और पहेलियों जैसी मानसिक गतिविधियों पर भी फोकस करने की बात कही।

वहीं, शासकीय महाविद्यालय कायथा के डॉ. संजय सिंह ने कहा कि समाजशास्त्र के विद्यार्थियों को सामाजिक संपर्क और संबंधों पर विशेष जोर देना चाहिए। इस जागरूकता कार्यक्रम में विभाग के पीएचडी रिसर्च स्कॉलर डॉ. उत्तम मीणा, रोहित देवड़ा, प्रथम बरबेल, सत्यम चौहान, प्रवीण चौहान, संगीता बघेल, विनीत मालवीय, महेश, तनिष्क चौरसिया, ओज चतुर्वेदी और चेतन सहित 35 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का सफल संचालन हिमांशु पंडित ने किया तथा आभार डॉ. उत्तम मीणा ने माना।

### सनातन धर्म की रक्षा एवं विश्व कल्याण के लिए 10 माह तक की तपस्या

# तपस्या पूर्ण कर उज्जैन आगमन पर कामाख्या तंत्र पीठ आश्रम में हिमालय गिरी महाराज का हुआ भव्य स्वागत

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**



बड़ा पुल स्थित श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा के श्री श्री 1008 जगतगुरु पंचानंद गिरी महाराज के कामाख्या तंत्र पीठ आश्रम पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जूना अखाड़ा के कामाख्या पुत्र हिमालय गिरी महाराज ने उज्जैन से जाकर राजस्थान के जैसलमेर जिले स्थित श्री नभ डूंगर माताजी शक्तिपीठ मंदिर में 10 माह तक सनातन धर्म एवं विश्व कल्याण के लिए तपस्या की। नितेश कुमार ने बताया कि 10 माह की तपस्या पूर्ण होने के बाद जूना अखाड़ा के कामाख्या पुत्र हिमालय गिरी महाराज का उज्जैन आगमन पर श्रद्धालुओं एवं भक्त जनों ने गुरु महाराज का पूजन कर फूल-मालाओं से अभिनंदन किया तथा आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर हिमालय गिरी महाराज ने कहा कि साधु-संत अपनी तपस्या व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं, बल्कि सनातन धर्म और विश्व कल्याण के लिए करते हैं। जिस स्थान पर गुरु महाराज ने तपस्या की, वह अत्यंत प्राचीन और आध्यात्मिक महत्व का स्थल है। वहां आज भी कई ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक रहस्य मौजूद हैं। क्षेत्र में मां भगवती का प्राचीन मंदिर स्थित है, हालांकि आसपास पानी की सुविधा नहीं है। तपस्या के दौरान ग्रामवासियों ने 40 किलोमीटर दूर से पानी लाकर सहयोग किया, जिसके लिए उन्होंने ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। गुरु महाराज ने उज्जैन में हो रहे विकास कार्यों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप 2028 सिंहस्थ को लेकर शहर में भव्य विकास कार्य किए जा रहे हैं। विशेष रूप से शिप्रा शुद्धिकरण अभियान ऐतिहासिक है और इस बार का महाकुंभ भव्य स्वरूप में आयोजित होगा, जहां साधु-संत शिप्रा के स्वच्छ जल में स्नान करेंगे। कार्यक्रम के अंत में आश्रम स्थित अघोर काली माता की आरती की गई तथा भक्तों को भोजन प्रसादी वितरित की गई। इस अवसर पर राजस्थान से पूर्व सरपंच सुजान सिंह हड्डा (जैसलमेर), कल्याण सिंह चौहान, शिवरतन सिंह बारु सहित आश्रम से जुड़े अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### महाराणा प्रताप जयंती के कार्यक्रमों की जानकारी युक्त बोल्डर का विमोचन किया

उज्जैन-देवासगेट स्थित कार्यालय पर 23 मई 2026 की शाम पाँच बजे आगामी महाराणा प्रताप जयंती पर आयोजित सम्पूर्ण कार्यक्रमों की जानकारी युक्त फोल्डर का विमोचन अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारीगणों ने किया,इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री श्री अनिलसिंह चंदेल जी,राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य-ठाकुर हरदयालसिंह एडवोकेट,शहर अध्यक्ष-अभिषेकसिंह बैस,युवाविंग के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष-आनंन्दसिंह खींची,युवाविंग के सम्भागीय अध्यक्ष-राजा ठाकुर,युवाविंग के प्रदेश-सचिव दर्शन ठाकुर,युवावीग के शहर अध्यक्ष-लोकेन्द्रसिंह गौड,कोषाध्यक्ष-मलखानसिंह दिखित,शहरकार्यकारी अध्यक्ष- अनिलसिंह राजपूत,श्यामबहादुरसिंह बघेल, शैलेंन्द्रसिंह ठाकुर,अनूपसिंह राणा,राघवेंद्रपालसिंह जादौन,राघवेंन्द्रसिंह भदौरिया,शरदसिंह चौहान,कोमलसिंह कुशवाह,गजराजसिंह तोमर,प्रदीपसिंह तोमर,भारतसिंह राठौड़,आनन्दसिंह सिकरवार,आशिषसिह तोमर,भंवरसिंह बैस,राजेशसिंह ठाकुर,अरविंदसिंह तोमर,हिमांशुसिह कुशवाह आदि सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारीगण उपस्थित थे ।

## खबर एक नजर...

### युवा कांग्रेस दक्षिण विधानसभा की बैठक आयोजित, जनहित मुद्दों पर हुई चर्चा

उज्जैन। युवा कांग्रेस दक्षिण विधानसभा की कार्यकारिणी की बैठक युवा कांग्रेस दक्षिण विधानसभा अध्यक्ष यशराज सिंह चावड़ा के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अर्पित यादव एवं माधव नगर ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रभान सिंह चंदेल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में नेट पेपर परीक्षा, किसानों के साथ हो रहे अत्याचार, महंगाई तथा पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों सहित विभिन्न जनहित मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने एवं जनआंदोलनों को प्रभावी बनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। कार्यकताओं के बीच संगठनात्मक सहभागिता बढ़ाने पर भी विशेष मंथन हुआ। बैठक में विजेंद्र सिंह चावड़ा, लाखन सिंह चावड़ा, महेश कुमावत, शंभू सिंह पंवार, देवेंद्र सिंह पंवार, माखन सिंह पंवार, आजाद सिंह, श्रीवास्तव, आरिफ शाह, अमन पटेल, युवराज धानक, अभिमन्यु, पंकज प्रजापत, सोहन नरवरिया, सूरज, दीपक, काना, गौतम, धीरज, बलराज, ऋतिक सहित युवा कांग्रेस के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शादी के नाम पर 5.5 लाख की ठगी, 15 दिन बाद ही जेवर-मोबाइल लेकर फुर्र हुई दुल्हनें

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शाजापुर

शादी कर घर बसाने का सपना देख रहे युवाओं के अरमानों पर पानी फेरने और उन्हें कंगाल बनाने वाले एक लुटेरी दुल्हन गिरोह की शातिर कारगुजारी सामने आई है। जिले के पनवाड़ी गांव में दलालों ने दो परिवारों को अपने जाल में फंसाकर शादी के नाम पर करीब साढ़े पांच लाख रुपये ठग लिए। ठगी की स्क्रिप्ट इतनी सधी हुई थी कि दोनों ही मामलों में नई-नवेली दुल्हनें शादी के ठीक 15 दिन बाद कोई न कोई बहाना बनाकर ससुराल से निकलीं और कीमती सामान लेकर हमेशा के लिए गायब हो गईं। पीड़ित परिवारों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय और सुनेरा थाने में शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन 6 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ पूरी तरह खाली हैं और ठग आराम से घूम रहे हैं।

शाजापुर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे पनवाड़ी गांव के निवासी निर्भय सिंह ने बताया कि उन्होंने अपने बेटे धर्मेंद्र की शादी के लिए दलालों से संपर्क किया था। गिरोह के सदस्यों ने झाबुआ निवासी ज्योति नाम की लड़की से रिश्ता तय करवाया और इसके एवज में परिवार से 2 लाख रुपये ऐंठ लिए। 19 नवंबर 2025 को कागजी कार्रवाई के साथ विवाह संपन्न हुआ। लेकिन, शादी के महज 15 दिन बाद ज्योति ने अपनी दादी की तबीयत खराब होने का बहाना बनाया और घर से चली गई। उसके बाद से उसका कोई सुराग नहीं है।




पनवाड़ी गांव के ही अर्जुन के साथ भी बिल्कुल यही कहानी दोहराई गई। दलालों ने खुद को लड़की का रिश्तेदार बताकर अर्जुन की शादी रानू बाई मिश्रा नाम की महिला से कराई और इस पूरी प्रक्रिया के लिए उससे 3 लाख रुपये ले लिए। रानू बाई ने भी शादी के 15 दिन बाद इंदौर जाने की बात कही और घर से निकल गई। वह जाते-जाते अपने साथ एक महंगा मोबाइल फोन और चांदी की पायजेब भी समेट ले गई, जिसके बाद वह कभी लौटकर नहीं आई। पीड़ितों द्वारा पुलिस को दी गई शिकायत में तीन दलालों का मुख्य रूप से जिक्र किया गया है। इनमें शाजापुर जिले का नारायण पाण्डा, उज्जैन की तराना तहसील का रहने वाला बाबू और धार जिले का सुखराम शामिल है। बताया जा रहा है कि धार का सुखराम ही इस गिरोह का मुख्य सरगना है, जो लड़कियों से सीधे संपर्क कर शादियां तय करवाता है और पैसों का पूरा लेन-देन भी उसी के जरिए होता है।

### पुख्ता सबूत दिए, फिर भी पुलिस के हाथ खाली

पीड़ितों का आरोप है कि जब उन्हें ठगी का अहसास हुआ और उन्होंने दलालों से अपने पैसे वापस मांगे, तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकियां दीं। पीड़ितों ने पुलिस को आरोपियों को पैसे देते समय बनाए गए वीडियो, शादी की तस्वीरें और उनके आधार कार्ड जैसे पुख्ता सबूत भी सौंपे हैं। 21 मई को शिकायत दर्ज होने के बावजूद पुलिस की सुस्त कार्यप्रणाली से ग्रामीणों में रोष है। इस मामले में सुनेरा थाना प्रभारी अंकित मुकाती का कहना है कि पुलिस को दोनों शिकायती आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।

## बोहरा समाज ने हर्षोल्लास के साथ मनाई ईद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मंगलवार को शहर में बोहरा समाज ने बकरीद का पर्व बड़े हर्षोल्लास और धार्मिक आस्था के साथ मनाया। सुबह से ही समाज के लोगों में उत्साह का माहौल दिखाई दिया। प्रातः 5:45 बजे शहर की विभिन्न मस्जिदों में विशेष नमाज अदा की गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और अमन-चैन की दुआ मांगी। शहर के इब्राहिम मोहल्ला, हकीम मोहल्ला, तय्यबी मोहल्ला सहित अन्य बोहरा समाज के क्षेत्रों की मस्जिदों में सुबह से ही बोहरा समाजजनों की भीड़ देखने को मिली। पारंपरिक परिधानों में पहुंचे लोगों ने धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार नमाज अदा की। बच्चों और युवाओं में भी ईद को लेकर खासा उत्साह नजर आया। नमाज के बाद समाज के लोगों ने अपने-अपने घरों में कुबार्नी की रस्म अदा की। धार्मिक परंपराओं का पालन करते हुए समाजजनों ने पूरे अनुशासन और श्रद्धा के साथ पर्व मनाया। ईद के अवसर पर शाम को बोहरा समाज के विभिन्न मोहल्लों में टिफिन के माध्यम से भोजन वितरण किया गया। परिवारों और रिश्तेदारों के बीच विशेष व्यंजनों का आदान-प्रदान भी हुआ। पूरे दिन समाज में खुशी और भाईचारे का वातावरण बना रहा। सुबह से लेकर देर शाम तक लोग एक-दूसरे के घर पहुंचकर ईद की शुभकामनाएं देते नजर आए।

## चतुर्थ समयमान वेतनमान आदेश में देरी, पेंशनर्स एसोसिएशन ने डीईओ कार्यालय पर किया धरना प्रदर्शन

**शाजापुर।** शिक्षकों के चतुर्थ समयमान वेतनमान के आदेश बार-बार निवेदन के बावजूद जारी न होने से आक्रोशित शिक्षकों और पेंशनर्स ने मंगलवार दोपहर जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया। यह धरना प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के आह्वान पर आयोजित किया गया था। लंबे समय से लंबित चतुर्थ समयमान वेतनमान की मांग को लेकर जब विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो बड़ी संख्या में पेंशनर्स और शिक्षक डीईओ कार्यालय परिसर में एकत्रित हो गए और नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए। धरना प्रदर्शन के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र शिप्रे ने प्रदर्शनकारियों के बीच पहुंचकर उनसे चर्चा की। डीईओ ने एसोसिएशन को स्पष्ट आश्वासन दिया कि जिन शिक्षकों के प्रस्ताव कार्यालय को प्राप्त हो चुके हैं, उनके आदेश हर हाल में 31 मई तक प्रसारित कर दिए जाएंगे। इस ठोस आश्वासन पर विश्वास जताते हुए पेंशनर्स एसोसिएशन ने अपना धरना प्रदर्शन फिलहाल स्थगित कर दिया है। धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांतीय महामंत्री सह जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह पंवार, संरक्षक टी.आर. सिसौदिया, राजेन्द्र शर्मा, दीवान सिंह यादव, संतोष सचान, जिला सचिव कीरतसिंह बुंदेला, जिला महामंत्री तिलोकचंदे और शिवाजी सोनी शामिल हुए। इनके साथ ही मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन के जिला सचिव मनोहर सिंह नायक, अशोक कुमार गंधारे, नारायण सिंह मारू, कमल किशोर कटारिया, कमलेश जोशी, सहित कई अन्य सदस्य एवं शिक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# निमार्णाधीन मकानों को निशाना बनाने वाला तार चोर गिरफ्तार, चोरी का माल खरीदने वाला व्यापारी भी पुलिस की गिरफ्त में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शाजापुर

शहर में निमार्णाधीन मकानों से बिजली के तार और फिटिंग का सामान चोरी होने की घटनाओं पर लगाम कसते हुए कोतवाली पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक ऐसे शातिर चोर को गिरफ्तार किया है जो सुने और बन रहे मकानों को अपना निशाना बनाता था।

खास बात यह है कि पुलिस ने केवल चोर को ही नहीं पकड़ा, बल्कि कसेरा बाजार का वह व्यापारी भी हत्थे चढ़ गया है, जो चंद रुपयों के लालच में चोरी का यह माल खरीदता था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत और एएसपी घनश्याम मालवीय के निर्देशन में कोतवाली थाना में एक विशेष टीम का गठन किया गया था।

इसी टीम के प्रधान आरक्षक प्रमोद नागर और आरक्षक संजय पटेल को 24 मई को मुखबिर से सटीक सूचना मिली कि एक संदिग्ध युवक चोरी के बिजली फिटिंग के तार बेचने की फिराक में घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी कर नई सड़क निवासी 20 वर्षीय मेहेद पिता महमूद खान को हिरासत में ले लिया। थाने लाकर जब आरोपी मेहेद से सख्ती से पूछताछ की गई, तो उसने निमार्णाधीन मकानों में चोरी की बात कबूल कर ली। आरोपी ने बताया कि 13 मई को उसने आदर्श नवीन नगर निवासी सिद्धांत सोनी के बन रहे मकान से बिजली के तार और एल्युमिनियम की रिप चुराई थी। जब पुलिस ने चोरी के माल के बारे में पूछा, तो आरोपी ने बताया कि उसने सारा सामान कसेरा बाजार स्थित बर्तन व्यापारी दीपक पिता दिलीप कसेरा को बेच दिया है। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने मंगलवार को बर्तन व्यापारी दीपक कसेरा की दुकान पर दबिश दी। पुलिस ने वहां से चोरी किए गए तार और एल्युमिनियम रिप बरामद कर लिए, जिसकी कुल कीमत लगभग 8,500 रुपये बताई जा रही है। चोरी का माल खरीदने पर पुलिस ने व्यापारी दीपक को भी सह-आरोपी बनाते हुए गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी मेहेद खान और दीपक कसेरा के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

### सक्सेना बने राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी के मालवा प्रांत अध्यक्ष

शाजापुर। शहर के आदित्य नगर निवासी प्रतीक सक्सेना को राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी गौसेवा संघ का मालवा क्षेत्र (मध्यप्रदेश) का प्रान्त अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव सिंह सेंगर ने मनोनयन पत्र जारी किया है। यह नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक डॉ. इंद्रेश कुमार, स्वतंत्र प्रभारी श्रीमंत विक्रमादित्य सिंह जूदेव और शीर्ष नेतृत्व की सहमति से आगामी एक वर्ष के लिए की गई है। सक्सेना को समाज सेवा और गौसेवा के कार्यों को गति प्रदान करने तथा स्थानीय कार्यकताओं के साथ समन्वय स्थापित कर संगठन का विस्तार करने का दायित्व सौंपा गया है।

# नाबालिग के धर्मांतरण मामले में महिला टीआई पर गंभीर आरोप, हिंदू संगठनों का प्रदर्शन

### डीजीपी के नाम ज्ञापन सौंपकर उच्चस्तरीय जांच और सख्त विभागीय कार्रवाई की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मंदसौर की महिला थाना प्रभारी रानी बेग पर एक नाबालिग हिंदू लड़के के कथित धर्मांतरण और खतना मामले में शामिल होने के गंभीर आरोप लगे हैं। इसके विरोध में रविवार को जबलपुर के गोहलपुर थाना क्षेत्र में हिंदू टाइगर फोर्स, शिवसेना गौ रक्षा न्यास और सर्व कल्याण बजरंग दल सहित विभिन्न हिंदू संगठनों ने उग्र प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने पुलिस महानिदेशक के नाम ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।



प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने महिला थाना प्रभारी और उनके सहयोगियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। संगठनों ने आरोप लगाया कि टीआई की नाबालिग के धर्मांतरण में संदिग्ध भूमिका रही है और मामले को उठाने वाले हिंदू कार्यकताओं को धमकाया जा रहा है। विरोध स्वरूप प्रदर्शनकारियों ने पुतला दहन का प्रयास किया, लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस बल ने तत्परता दिखाते हुए पुतले को जब्त कर हालात को काबू में कर लिया।

# अजाक्स सम्मेलन की तैयारियों को लेकर उज्जैन-इंदौर संभाग स्तरीय बैठक आयोजित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सांवेर रोड स्थित सभागृह में भारतीय बौद्ध महासभा के तत्वावधान में उज्जैन-इंदौर संभाग स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. मालती झरवड़े ने की। इस अवसर पर अजाक्स उज्जैन संभाग अध्यक्ष जगन्नाथ बागड़ी एवं जयस के प्रदेश अध्यक्ष लोकेश मुजाल्दा का सम्मान किया गया। स्वागत भाषण डॉ. सुनील बागले ने दिया। बैठक की शुरूआत भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर, भगवान बुद्ध एवं बिरसा मुंडा की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर की गई। कार्यक्रम में उज्जैन एवं इंदौर संभाग के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में प्रस्तावित मालवांचल अजाक्स सम्मेलन की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई तथा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु पदाधिकारियों से सुझाव आमंत्रित किए गए। मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय बुद्धिस्ट विचारक डॉ. राजरत्न आंबेडकर ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति समाज के आर्थिक और सामाजिक विकास पर अपने विचार रखते हुए ह्लअपना पैसा, अपनी बैंक और अपनी योजनाएंह्व संचालित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।अजाक्स उज्जैन संभाग अध्यक्ष जगन्नाथ बागड़ी ने उज्जैन में प्रस्तावित मालवांचल अधिवेशन सम्मेलन की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन धर्मेंद्र सोलंकी ने किया। जयस प्रदेश अध्यक्ष लोकेश मुजाल्दा ने कहा कि भारत के संविधान के प्रावधानों की रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है और इसके लिए समाज को एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। विक्रम सिंह परमार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश अध्यक्ष आईएएस संतोष वर्मा के नेतृत्व में उज्जैन संभाग के सभी जिलों में अजाक्स एजेंडा को लेकर जिला स्तरीय सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मालवांचल सम्मेलन की तैयारियां भी जारी हैं।

## खबर एक नजर...

### मुख्यमंत्री भू-अधिकार योजना के तहत 18 हितग्राहियों को मिले पट्टे

**मंदसौर।** मुख्यमंत्री शहरी भू-अधिकार योजना 2026 के अंतर्गत मंदसौर नगर पालिका कार्यालय पर नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर ने वार्ड क्रमांक 12, 31, 32 और 33 के 18 पात्र हितग्राहियों को भू-अधिकार पत्र (पट्टे) वितरित किए। नपाध्यक्ष कक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षदगण माया भावसार, कमलेश सिसोदिया, भावना पमनानी सहित हितग्राही परिवारों के सदस्य उपस्थित थे। नगर पालिका के जनप्रतिनिधियों के प्रयासों से इन चार वार्डों के 18 ऐसे परिवारों को जमीन का मालिकाना हक मिल गया है, जिनके पास अब तक खुद की जमीन का कोई वैधानिक अधिकार नहीं था। मालिकाना हक मिलने के बाद अब ये सभी परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना सहित शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का आसानी से लाभ उठा सकेंगे। इस अवसर पर नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में गरीबों को उनका हक और अधिकार दिलाने के लिए पूरी मुस्तैदी से कार्य कर रही है। इन पट्टों के मिलने से अब ये गरीब परिवार भी समाज की मुख्यधारा से जुड़कर अपना पक्का मकान बना सकेंगे।

### दशपुर इनरव्हील क्लब को इंदौर में मिले कई अवार्ड

**मंदसौर।** इनरव्हील क्लब मंदसौर दशपुर को साल भर किए गए उत्कृष्ट सामाजिक और सेवा कार्यों के लिए इंदौर में आयोजित उत्सर्ग सेलिब्रेशन ऑफ ग्रैटिट्यूड एंड लीडरशिप समारोह में विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया है। डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन विभा सिंह के नेतृत्व और अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में यह पुरस्कार दिये गये। इसमें अध्यक्ष नेहा संचेती को प्रोएक्टिव अवॉर्ड, सचिव नीता रिछावरा को एक्सीलेंट सेक्रेटरी, कोषाध्यक्ष उषा टेकवानी को पंक्चुअलिटी इन फाइनेंशियल, आईएसओ प्रीति रत्नावत को बेस्ट आईएसओ और संपादक दीप्ति अग्रवाल को एक्सीलेंट एडिटर व कविता लेखन के विशेष सम्मान से नवाजा गया। क्लब को यह सभी सम्मान वर्षभर संचालित की गई विभिन्न समाजोपयोगी गतिविधियों के लिए दिए गए हैं।

### भीषण गर्मी में ट्रेन पर यात्रियों के लिए योग ग्रुप ने की ठंडे पानी की व्यवस्था

पिपलीया मंडी ।भीषणतम गर्मी में रेलवे स्टेशन पर डिवाइन योग ग्रुप की महिलाओं ने सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती बंटू कमलेश जी भूत के नेतृत्व में मंगलवार से ट्रेन में ठंडे पानी की व्यवस्था कर यात्रियों को ठंडा पानी पिलाया ट्रेन में बैठे यात्रियों ने इस पुनीत सेवा की मुक्तकंठ से प्रशंसा भी की।श्रीमती बंटू भुत ने बताया कि अक्सर स्टेशन पर पीने के पानी की समस्या बनी रहती है और ट्रेन का ठहराव भी मात्र 2 से 3 मिनीट का ही रहता है इससे यात्रियों में पानी को लेकर उहा पोह की स्थिति रहती है और दोड़म भाग में हादसों का शिकार भी होजाते है इस कारण ग्रुफ की सभी महिलाओं ने निर्णय किया की ट्रेन के डिब्बो पर जाकर सभी यात्रियों को केम्पर का ठंडा पानी पिलाया जाय।

### सड़क निर्माण न होने पर पूर्व सरपंच सहित ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

**पिपलिया मंडी।** 25 मई मल्हारगढ़ विधानसभा में विकास को लेकर सियासत गरमा गई है। बरखेड़ा पंथ के पूर्व सरपंच दिनेश कारपेंटर ने डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा पर निशाना साधा है। के मंत्री जी हर मंच से कहते हैं मैंने मल्हारगढ़ विधानसभा में सड़क को का जाल बिछाया कहीं कच्ची सड़क नहीं बची पर ग्राम बरखेड़ा पंथ,खात्याखेड़ी में उनके दावे खोखले साबित हो रहे हैं तहसील मुख्यालय मल्हारगढ़ से 7 किलोमीटर फोर लाइन पर स्थित ग्राम मैं अभी तक कोई पकी सड़क निर्माण नहीं करवाया आज भी कच्ची सड़के दर्ज हैं ग्रामीण लंबे समय से मांग कर रहे हैं जैसे रूपी से बरखेड़ा पंथ, खोखरा से बरखेड़ा पंथ, जलोदिया से बरखेड़ा पंथ - खात्याखेड़ी से गुड़भेली , खात्याखेड़ी से खोखरा,निनोरा से सोनी तक पिछले 17 साल के कार्यकाल में सड़क निर्माण नही हुआ।

# आरटीई के तहत प्रवेश न मिलने से नाराज मासूमों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, 42 डिग्री की भीषण गर्मी में छाता लेकर धरने पर बैठे बच्चे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

जिला मुख्यालय स्थित कलेक्टर कार्यालय के बाहर मंगलवार को उस समय एक भावुक और गंभीर स्थिति देखने को मिली, जब अपनी शिक्षा के अधिकार के लिए साढ़े तीन से चार साल के मासूम बच्चे कलेक्ट्रेट के सामने धरने पर बैठ गए। करीब 42 डिग्री के झुलसा देने वाले तापमान और तीखी धूप में ये मासूम बच्चे अपने माता-पिता और जिला पंचायत सदस्य दीपक सिंह गुर्जर के साथ हाथों में छतरियां थामे दोपहर तक प्रदर्शन करते रहे। पूरा मामला आरटीई के तहत निजी स्कूलों में चयन होने के बावजूद प्रवेश न मिलने से जुड़ा हुआ है।

प्रदर्शनकारी पालकों ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए आयोजित ऑनलाइन लॉटरी प्रक्रिया में उनके बच्चों का सेंट थॉमस, एडिफाई और जैन पब्लिक स्कूल में नर्सरी प्रवेश के लिए चयन हुआ था। आरोप है कि जब वे तय समय पर बच्चों को लेकर संबंधित स्कूलों में पहुँचे, तो स्कूल प्रबंधन ने अल्पसंख्यक (माइनॉरिटी) संस्था होने का प्रमाण पत्र होने का हवाला देते हुए आरटीई के तहत बच्चों को दाखिला देने से साफ इनकार कर दिया। इसके बाद पालकों को पोर्टल से आवंटन निरस्त होने का संदेश भी प्राप्त हुआ।

मामले की गंभीरता को उठाते हुए जिला



पंचायत सदस्य दीपक सिंह गुर्जर ने कहा कि यह पूरी तरह से शिक्षा विभाग और पोर्टल की तकनीकी लापरवाही है।

जब इन स्कूलों में अल्पसंख्यक दर्जे के कारण आरटीई के तहत प्रवेश नहीं दिया जा सकता था, तो फिर विभाग द्वारा ऑनलाइन चॉइस फिलिंग के दौरान पोर्टल पर इन स्कूलों के नाम क्यों प्रदर्शित किए गए। इसमें गरीब परिवारों और मासूम बच्चों की कोई गलती नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो कलेक्टर निवास के बाहर प्रतिदिन दो घण्टे धरना देंगे।

मासूम बच्चों को कड़ी धूप में धरने पर बैठा देख प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। पहले तहसीलदार, एसडीएम और अपर कलेक्टर ने पालकों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ठोस कार्रवाई की मांग पर पालक अड़े रहे। इसके बाद करीब दोपहर सवा एक बजे कलेक्टर ने जिला पंचायत सदस्य और कुछ प्रमुख पालकों को चर्चा के लिए अपने चेंबर में बुलाया।

शिक्षा विभाग की इस चूक को ठीक करने के लिए करीब 10 दिन का समय मांगा। तथा प्रशासन की ओर से आश्वासन दिया गया कि संबंधित स्कूलों की सूची का परीक्षण कर अब आरटीई प्रवेश प्रक्रिया को ऑनलाइन के बजाय ऑफलाइन मोड पर करवाकर बच्चों को आरटीई योजना के तहत ही प्रवेश दिलाया जाएगा। प्रशासन से मिले इस सकारात्मक आश्वासन के बाद पालकों ने दोपहर पौने दो बजे अपना धरना समाप्त किया।

### ईद के अवकाश के कारण परीक्षा तिथि में संशोधन

मन्दसौर। ईद का अवकाश 28 मई को घोषित होने के कारण सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन की सत्र 2025-26 की बी.ए., बी.एफ.ए., बी.कॉम., बी.एससी., बी.एच.एससी, बी.बी.ए. और बी.सी.ए. प्रथम वर्ष की परीक्षा अब 12 जून को निर्धारित समय पर होगी। इसके साथ ही, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे ने बताया कि विश्व विद्यालय के निर्देशानुसार परीक्षा केंद्र में प्रवेश के लिए प्रवेश पत्र के साथ आधार कार्ड या वैध परिचय-पत्र लाना अनिवार्य होगा। जिन नियमित विद्यार्थियों के पास कॉलेज का वैध आई.डी. कार्ड है, उन्हें आधार कार्ड लाना जरूरी नहीं है, लेकिन बिना कॉलेज आई.डी. वाले नियमित छात्रों और सभी स्वाध्यायी (प्राइवेट) परीक्षार्थियों को आधार कार्ड के बिना परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

# जल संरक्षण और स्वच्छता के लिए जनभागीदारी जरूरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

गंगा दशमी के अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कालिका माता परिसर स्थित झाली तालाब पर जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग मंत्री मध्यप्रदेश शासन एवं रतलाम जिला प्रभारी मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह के मुख्य आतिथ्य में जल पूजन ,दीप प्रज्वलन ,दीपदान एवं भजन संध्या कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रभारी मंत्री द्वारा कालिका माता के दर्शन एवं पूजन के साथ की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा कि जल स्त्रोतों का संरक्षण और ऊर्जा बचत आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। जल संरक्षण केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जनभागीदारी से जुड़ा एक सामाजिक अभियान है। प्रदेश भर में जल स्त्रोतों के संरक्षण और संवर्धन के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे है। उन्होंने बताया कि एक जिले के एक ब्लॉक में सौर ऊर्जा आधारित पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया जाएगा। साथ ही खंडवा जिले की ग्राम पंचायतों में लगाए गए वाटर फिल्टर प्लांट का उल्लेख करते हुए कहा कि स्कूल एवं आंगनवाड़ी के बच्चों के लिए 1400 ग्राम पंचायतों में यह व्यवस्था की गई है। योजना सफल होने पर इसे सभी जनजातीय जिलों में लागू किया जाएगा। डॉ शाह ने कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण जल स्त्रोतों को दूषित करने का प्रमुख कारण है, इसलिए सभी नागरिकों को प्लास्टिक के विकल्प अपनाने चाहिए। उन्होंने शादी-ब्याह एवं सामाजिक आयोजनों में स्टील के बर्तनों के उपयोग की अपील भी की। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री ने उपस्थित लोगों को जल संरक्षण एवं स्वच्छता की शपथ भी दिलाई।

### कोटा-चोमहला अब उज्जैन तक चलेगी

**आलोट।** कोटा-चोमहला मेमू ट्रेन अब उज्जैन तक चलेगी। रेलवे बोर्ड द्वारा इसके आदेश जारी किए गए हैं। इसके चलने की तारीख की घोषणा जल्द की जाएगी।उल्लेखनीय है कि यात्रियों की लंबे समय से इस ट्रेन को उज्जैन तक बढ़ाने की मांग थी। उक्त ट्रेन के विस्तार से विक्रमगढ़ आलोट महिदपुर रोड़ नागदा उन्हैल के रेल यात्रियों को उज्जैन तक की एक और सुविधा प्राप्त हो जाएगी हालांकि रेलवे ने अभी इस ट्रेन के चने की तारीख की घोषणा नहीं की है

# जनसुनवाई में जिला कलेक्टर ने 113 लोगों की समस्याएं सुनीं



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में जिले भर से आए 113 आवेदकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण के सख्त निर्देश दिए।

बालागंज निवासी जरूरतमंद महिला सुम्मीबाई को परिवार के भरण-पोषण हेतु कलेक्टर ने रेडक्रॉस सोसायटी, नीमच से 15 हजार रुपये की आर्थिक सहायता तत्काल स्वीकृत करने के निर्देश रेडक्रॉस प्रभारी को दिए।

ग्वालटोली निवासी सुश्री हेमलता प्रजापति के पति की मृत्यु जिला अस्पताल में होने के बाद भी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी न होने की शिकायत पर कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि वे सिविल सर्जन से समन्वय कर अस्पताल के रिकॉर्ड के आधार पर मृत्यु प्रमाण पत्र अथवा उसकी प्रतिलिपि अविलंब उपलब्ध करवाएं।

पिपलिया व्यास के नीलेश की शिकायत पर कलेक्टर ने म.प्र. पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री को निर्देश दिए कि जिले के *सभी विद्युत ट्रांसफार्मरों का निरीक्षण करवाकर यह सुनिश्चित करें कि उनके पास अवैध अतिक्रमण, कबाड़ या ज्वलनशील सामग्री न हो। यदि कहीं ऐसा पाया जाए तो तत्काल हटाने की कार्यवाही की जाए, ताकि किसी भी दुर्घटना की संभावना न रहे। जनसुनवाई मे जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, अपर कलेक्टर श्री बी.एस. कलेश सहित समस्त जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रदेश अध्यक्ष शक्तावत की बढ़ती लोकप्रियता एवं जनाधार से घबराए विरोधी - अजय नागरिया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पिपलिया मंडी

कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ये नाम किसी पहचान ओर परिचय का मोहताज नहीं है..लगातार पिछले 4 सालों से इनकी कांग्रेस के प्रति निष्ठा एवं मेहनत को देखते हुए असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ उदित राज जी ने इन्हें मध्यप्रदेश असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के पद पर नियुक्त कर पूरे प्रदेश की जिम्मेदारी देकर इस विभाग को मजबूत करने का कार्य सौंपा.. जब से उनकी नियुक्ति हुए तब से आज दिन तक ये कभी शांत नहीं बैठे लगातार पूरे प्रदेश के दौरे कर के असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के लिए संजीवनी बूटी की तरह काम किया एवं पूरे प्रदेश में पदाधिकारियों की एक विशाल टीम तैयार की जो हर जिले में आज मजदूरों एवं असंगठित कामगारों की आवाज उठाने एवं उनकी सहायता करने के साथ ही साथ उनके हक अधिकारों की लड़ाई लड़ रही है.. कुंवर शक्तावत लगातार संघर्ष करते रहे और उसका परिणाम विगत दोनों दिनांक 22 मई को भोपाल के शिवाजी नगर इंदिरा भवन प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के प्रादेशिक कार्यकर्ता सम्मेलन में देखने को मिला जिसमें पूरे प्रदेश से हजारों कि संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों की उपस्थित हुई जिसकी गूंज पूरे प्रदेश ही नहीं वरन पूरे देश में गई है। इस कार्यक्रम में असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ उदित राज जी,पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल भैया,मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष,गरीब मजलूम पिछली पंक्ति में बैठे हुए व्यक्ति की आवाज एवं गंधवानी विधायक उमंग सिंगार,पूर्व मंत्री सज्जनसिंह वर्मा,एवं अनेक कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागणों की उपस्थित रही।



# वरुण ने मेरा एक और गाना उठा लिया

**'चुनरी चुनरी' गाने के रीमेक पर किया रोस्ट एक्टर ने शर्माते हुए कहा- भाई रहने दो**

मुंबई में शनिवार को आयोजित एक फिल्म फेस्टिवल में सलमान खान, डायरेक्टर डेविड धवन और वरुण धवन के साथ शामिल हुए। पीवीआर आईनॉक्स के इस इवेंट में सलमान खान ने वरुण धवन की आने वाली फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में उनके आइकॉनिक गाने 'चुनरी चुनरी' को रीक्रिएट करने पर मजाक में उनकी खिंचाई की। सलमान की इस बात पर वरुण शरमाने लगे। अब इस बातचीत के वीडियो सामने आए हैं।

सलमान बोले- इसने मेरा एक और गाना उठा लिया कार्यक्रम के दौरान माहौल उस समय और मजेदार हो गया जब सलमान खान ने वहां मौजूद लोगों के सामने वरुण धवन का मजाक उड़ाया। सलमान ने वरुण की तरफ इशारा करते हुए कहा, इसने मेरा एक और गाना उठा लिया। सलमान की यह बात सुनकर वरुण धवन शर्मा गए और हंसने लगे। उन्होंने हाथ जोड़कर सलमान से कहा, भाई रहने दो।

इवेंट में ब्लैक लेदर जैकेट में दिखे सलमान पीवीआर आईनॉक्स ने डायरेक्टर डेविड धवन के सिनेमाई सफर के सम्मान में इस खास फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया था। इवेंट में सलमान खान ब्लैक टी-शर्ट, लेदर जैकेट और डेनिम जींस पहनकर पहुंचे थे। उनका यह लुक फैंस को 1990 के दशक के आखिरी और 2000 के दशक के शुरूआती दौर की याद दिला रहा था।

इवेंट के कई वीडियो सोशल मीडिया पर आए हैं, जिनमें डेविड धवन और वरुण धवन खुद सलमान को वेन्यू के अंदर ले जाते दिख रहे हैं। तीनों ने मीडिया के कैमरों के सामने कई पोज भी दिए।

# अनन्या पांडे के भरतनाट्यम पर भड़कीं कांग्रेस प्रवक्ता



**हमारे पसंदीदा डांस फॉर्म को मार दिया**
**फिल्म 'चांद मेरा दिल' के डांस सीन पर विवाद**







बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे की नई फिल्म 'चांद मेरा दिल' के एक डांस सीन को लेकर नया विवाद शुरू हो गया है। फिल्म में उनके भरतनाट्यम और कन्टेंपररी मिक्स (फ्यूजन) डांस सीक्वेंस की आलोचना हो रही है। कांग्रेस प्रवक्ता शमा मोहम्मद और क्लासिकल डांसर अनीता रत्नम सहित कई सोशल मीडिया यूजर्स ने इस पर नाराजगी जताई है। शमा मोहम्मद ने कहा कि अनन्या ने उनके पसंदीदा डांस फॉर्म को खराब कर दिया है। वहीं, फिल्म की असिस्टेंट कोरियोग्राफर ने अनन्या का बचाव करते हुए उनके काम की तारीफ की है।

**फिल्म रिलीज के बाद वायरल हुआ वीडियो-** विवेक सोनी के निर्देशन में बनी फिल्म 'चांद मेरा दिल' 22 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस कॉलेज रोमांस ड्रामा फिल्म में अनन्या पांडे के अपोजिट एक्टर लक्ष्य मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म रिलीज होने के बाद से ही इसके एक डांस सीन की क्लिप एक्स (ट्विटर) और इंस्टाग्राम पर वायरल हो रही है। इस सीन में अनन्या का किरदार भरतनाट्यम और आधुनिक डांस स्टेप्स का एक फ्यूजन परफॉर्म करता है। इसी परफॉर्मेंस को लेकर सोशल मीडिया यूजर्स अनन्या पांडे को ट्रोल कर रहे हैं।

**कांग्रेस प्रवक्ता ने जताई आपत्ति-** इस डांस सीन पर राजनीति और कला जगत से भी प्रतिक्रियाएं आई हैं। कांग्रेस प्रवक्ता शमा मोहम्मद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि अनन्या पांडे ने मेरे पसंदीदा डांस फॉर्म भरतनाट्यम को खत्म कर दिया है। बचपन से भरतनाट्यम सीख चुकीं शमा ने आगे लिखा कि इस शास्त्रीय नृत्य को सीखने में लंबा समय लगता है, इसे किसी के लिए तुरंत तैयार नहीं किया जा सकता। कृपया भरतनाट्यम जैसी खूबसूरत कला का अपमान न करें। इसके साथ ही मशहूर क्लासिकल डांसर अनीता रत्नम ने भी टिप्पणी करते हुए कहा कि इस परफॉर्मेंस को देखकर ऐसा लगता है जैसे भरतनाट्यम को बंधक बना लिया गया हो।

### कोरियोग्राफर ने किया अनन्या पांडे का बचाव

इस मामले में फिल्म की टीम की तरफ से अभी तक अनन्या पांडे या डायरेक्टर विवेक सोनी का कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। हालांकि, फिल्म की असिस्टेंट कोरियोग्राफर अनन्या कुरुप ने एक्ट्रेस के बचाव में सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर की है। उन्होंने फिल्म के बिहाइंड द सीन (बीटीएस) वीडियो और क्रेडिट रोल का स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए लिखा कि अनन्या पांडे के साथ काम करने का अनुभव बहुत अच्छा रहा। उन्होंने भरतनाट्यम सीखने के लिए कड़ी मेहनत की है और फिल्म 'चांद मेरा दिल' में बेहतरीन परफॉर्मेंस दी है। कई फैंस भी यह कहकर अनन्या का सपोर्ट कर रहे हैं कि यह कोई पारंपरिक डांस नहीं बल्कि सिर्फ एक फ्यूजन रूटीन था।



# कांतारा विवाद : रणवीर सिंह चामुंडेश्वरी मंदिर पहुंचे

**मिमिक्री केस में हाई कोर्ट के आदेश के बाद किए दर्शन, एक दिन पहले लगा था बैन**

बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह ने मंगलवार सुबह मैसूर के चामुंडेश्वरी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की। यह कदम उन्होंने कर्नाटक हाई कोर्ट के उस आदेश के बाद उठाया है, जो उनके खिलाफ दर्ज 'कांतारा' फिल्म के दैवा सीन की मिमिक्री केस में दिया गया था। कोर्ट ने अप्रैल में उन्हें चार हफ्ते के भीतर मंदिर जाकर दर्शन करने का आदेश दिया था। रणवीर सिंह का यह मंदिर दौरा ऐसे समय में हुआ है, जब एक दिन पहले ही फिल्म फेडरेशन ने फिल्म 'डॉन 3' को छोड़ने के कारण उनके खिलाफ असहयोग निर्देश जारी कर उन्हें बैन कर दिया था।


**आम भक्त की तरह कतार में लगकर किए दर्शन-** रणवीर सिंह मंगलवार सुबह मैसूर पहुंचे। इससे पहले सुबह जल्दी उन्हें मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया था। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, अभिनेता ने किसी वीआईपी सुविधा का इस्तेमाल नहीं किया। वे एक आम श्रद्धालु की तरह कतार में खड़े हुए और देवी चामुंडेश्वरी के दर्शन किए। गर्भगृह के प्रवेश द्वार तक उन्होंने चेहरे पर मास्क लगाया हुआ था, जिसे अंदर जाने से पहले हटा दिया। वे बिना किसी पूजा सामग्री के खाली हाथ पहुंचे थे और मंदिर में विशेष प्रार्थना की।

**गोवा के फिल्म फेस्टिवल से शुरू हुआ था विवाद-** यह पूरा विवाद पिछले साल 30 नवंबर 2025 को गोवा में आयोजित इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया के समापन समारोह से शुरू हुआ था। इस समारोह में रणवीर सिंह ने फिल्म 'कांतारा' के प्रसिद्ध 'दैवा' सीन की मिमिक्री की थी, जिसमें फिल्म के डायरेक्टर और लीड एक्टर ऋषभ शेट्टी नजर आए थे। इस परफॉर्मेंस का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कन्नड़ समुदाय के एक बड़े हिस्से ने कड़ी नाराजगी जताई थी। इसके बाद कन्नड़ समुदाय की भावनाएं आहत करने के आरोप में रणवीर के खिलाफ कर्नाटक में एफआईआर दर्ज कराई गई थी।

**दिवंगत पति धर्मेंद्र के लिए हेमा मालिनी ने पद्म विभूषण किया स्वीकार**

# बेटी अहाना देवल की आंखें नम, पिता की याद में रो पड़ी





राष्ट्रपति भवन में पद्म पुरस्कार 2026 की भव्य समारोह में एक भावुक पल देखने को मिला। सोमवार 25 मई को वेटरन अभिनेत्री हेमा मालिनी ने अपने दिवंगत पति और सुपरस्टार धर्मेंद्र को मरणोपरांत दिए गए पद्म विभूषण सम्मान को स्वीकार किया। इस दौरान उनकी बेटी अहाना देवल की आंखें नम हो गईं।

हेमा मालिनी गुलाबी साड़ी में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों सम्मान लेते वक्त वे खुद को संभाल नहीं पाईं। उनका चेहरा भावुकता से भरा हुआ था। बेटी अहाना भी मां के साथ मंच पर मौजूद थीं और पिता को याद कर रो पड़ीं। इस पल की वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। लोग इस भावुक दृश्य को देखकर भावुक हो रहे हैं।

सरकार ने 25 जनवरी 2026 को 131 पद्म सम्मानों की घोषणा की थी। आज पहले चरण में 66 हस्तियों को यह सम्मान दिया जा रहा है। धर्मेंद्र को पद्म विभूषण से सम्मानित करने का फैसला उनके लंबे करियर और भारतीय सिनेमा में योगदान को देखते हुए लिया गया। धर्मेंद्र को गब्बर सिंह के रूप में पूरे देश ने जाना। शोले से लेकर हाथ की सफाई, लावारिस, घर का बेटा जैसे अनेक फिल्मों में उन्होंने अपनी मर्दानी छवि और अभिनय से लाखों दिल जीते।

**यह सम्मान पूरे परिवार के लिए बेहद खास-** हेमा ने भावुक स्वर में कहा उन्होंने न सिर्फ हीरो के रूप में बल्कि निमार्ता और राजनीतिज्ञ के रूप में भी अपनी पहचान बनाई। उनकी फिल्में आज भी लोगों के दिलों में बसती हैं। हेमा मालिनी ने समारोह के बाद कहा कि यह सम्मान पूरे परिवार के लिए बेहद खास है। उन्होंने बताया कि धर्मेंद्र हमेशा देश और सिनेमा के प्रति समर्पित रहे। यह सम्मान उन्हें बहुत पसंद आता। अहाना देओल ने भी इस मौके पर पिता को याद करते हुए कहा कि पापा का यह सम्मान परिवार के लिए गर्व की बात है। मां हेमा के साथ खड़े होकर सम्मान लेना उनके लिए भावुक करने वाला अनुभव था। समारोह में कई दिग्गज कलाकार, नेता और गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

हेमा मालिनी जब मंच से नीचे उतरीं तो लोग खड़े होकर तालियां बजाने लगे। यह सम्मान न सिर्फ धर्मेंद्र के योगदान का सम्मान है बल्कि भारतीय सिनेमा के स्वर्णिम युग के उन दिग्गजों को याद दिलाता है जिन्होंने अपनी मेहनत से उद्योग को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। धर्मेंद्र की याद में आज पूरा फिल्म जगत भावुक है। उनके प्रशंसक सोशल मीडिया पर बाढ़-सी पोस्ट कर रहे हैं।

## बेंगलुरु लगातार दूसरे आईपीएल के फाइनल में: क्वालिफायर-1 में गुजरात को 92 रन से हराया

# पाटीदार ने धोनी और रोहित की बराबरी की

## बेंगलुरु को लगातार दूसरे फाइनल में पहुंचाया, सबसे तेज 200 छक्के लगाने वाले भारतीय भी बने

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ धर्मशाला**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु लगातार दूसरे सीजन आईपीएल के फाइनल में पहुंच गई है। टीम ने मंगलवार को क्वालिफायर-1 में गुजरात टाइटंस को 92 रन से हरा दिया। अब गुजरात एलिमिनेटर मुकाबला जीतने वाली टीम से क्वालिफायर-2 खेलेगी। एलिमिनेटर सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच बुधवार को न्यू चंडीगढ़ में खेला जाएगा। बेंगलुरु ने धर्मशाला में टॉस हारकर 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 254 रन बनाए। जवाब में गुजरात की टीम 19.3 ओवर में 162 रन पर ऑलआउट हो गई।

राहुल तेवतिया ने 68 रन बनाए 255 रन के टारगेट का पीछा करते हुए गुजरात की शुरूआत बेहद खराब रही। साई सुदर्शन 14 रन बनाकर हिट-विकेट आउट हुए, जबकि कप्तान शुभमन गिल सिर्फ 2 रन ही बना सके। जोश बटलर ने 11 गेंदों में 29 रन की पारी खेलकर उम्मीद जगाई, लेकिन जोश हेडलवुड ने उन्हें बोल्ड कर दिया। इसके बाद गुजरात ने 51 रन तक अपने 5 विकेट गंवा दिए। एक छोर पर राहुल तेवतिया ने अकेले स्ट्रगल किया और 43 गेंदों में 68 रन की पारी खेली, जिसमें 8 चौके और 4 छक्के शामिल रहे। बेंगलुरु के लिए डफी ने 3 विकेट लिए, जबकि क्रुणाल पंड्या, भुवनेश्वर और रसिख सलाम ने 2-2 विकेट झटके।



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने लगातार दूसरे सीजन आईपीएल फाइनल में जगह बना ली। धर्मशाला में खेले गए क्वालिफायर-1 में टीम ने गुजरात टाइटंस को 92 रन से हराकर जीत दर्ज की। मुकाबले में कई बड़े रिकॉर्ड और यादगार मोमेंट्स देखने को मिले।

कप्तान रजत पाटीदार ने इस जीत के साथ एमएस धोनी और रोहित शर्मा की बराबरी कर ली। वह लगातार दो आईपीएल फाइनल में टीम को पहुंचाने वाले पांचवें कप्तान बने। पाटीदार ने बल्लेबाजी में भी कमाल किया और सबसे तेज 200 सिक्स लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए। उन्होंने इस मामले में अभिषेक शर्मा का रिकॉर्ड तोड़ा।

पाटीदार की नाबाद 93 रन की पारी की बदौलत बेंगलुरु ने आईपीएल प्लेऑफ इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर भी खड़ा किया।

- **बेंगलुरु सबसे ज्यादा बार आईपीएल फाइनल में पहुंचने वाली तीसरी टीम-** बेंगलुरु ने आईपीएल फाइनल में पांचवी बार जगह बनाई। टीम 2009, 2011, 2016, 2025 और 2026 में फाइनल में पहुंची। वह सबसे ज्यादा बार आईपीएल फाइनल खेलने वाली तीसरी टीम है। चेन्नई रिकॉर्ड 10 फाइनल के साथ नंबर एक पर है। वहीं मुंबई 6 फाइनल के साथ दूसरे पायदान पर है।
- **बेंगलुरु ने आईपीएल प्लेऑफ की दूसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज की-** बेंगलुरु ने गुजरात के खिलाफ धर्मशाला में 92 रन से जीत दर्ज की। यह आईपीएल प्लेऑफ में रनों के लिहाज से दूसरी सबसे बड़ी जीत है। राजस्थान पहले नंबर पर है, जिन्होंने 2008 में दिल्ली के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में 105 रन से जीत हासिल की थी।
- **पाटीदार लगातार दो आईपीएल फाइनल खेलने वाले पांचवें कप्तान-** रजत पाटीदार की कप्तानी में बेंगलुरु ने फाइनल में जगह बनाई। बतौर कप्तान पाटीदार लगातार दो या उससे ज्यादा बार आईपीएल फाइनल में पहुंचने वाले पांचवे कप्तान बन गए। धोनी ने चेन्नई की कप्तानी करते हुए 2010, 2011, 2012, 2013 में लगातार 4 साल तक फाइनल खेले थे। इसके बाद उन्होंने 2018 और 2019 में भी लगातार चेन्नई को फाइनल में पहुंचाया। वहीं रोहित शर्मा 2019 और 2020 में मुंबई को फाइनल में पहुंचाया था।
- **रजत सबसे तेज 200 टी-20 छक्के लगाने वाले भारतीय-** पाटीदार ने टी-20 क्रिकेट में सिर्फ 105 पारियों में 200 छक्के पूरे कर लिए। वे यह मुकाम सबसे तेजी से हासिल करने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए। उन्होंने अभिषेक शर्मा का रिकॉर्ड तोड़ा। अभिषेक ने 125 पारियों में 200 सिक्स लगाए थे।
- **पाटीदार ने वॉर्नर की बराबरी की-** पाटीदार ने कप्तान के तौर पर नाबाद 93 रन की पारी खेलकर डेविड वॉर्नर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। प्लेऑफ में बतौर कप्तान सबसे बड़ा स्कोर बनाने के मामले में अब दोनों संयुक्त रूप से टॉप पर हैं।
- **रजत ने प्लेऑफ की एक पारी में दूसरे सबसे ज्यादा सिक्स लगाए-** पाटीदार ने गुजरात के खिलाफ 9 छक्के जड़कर आईपीएल प्लेऑफ इतिहास की दूसरी सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाली पारी खेली। इस लिस्ट में शुभमन गिल 10 सिक्स के साथ पहले स्थान पर हैं।
- **पाटीदार आईपीएल प्लेऑफ में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले चौथे बल्लेबाज-** पाटीदार ने गुजरात के खिलाफ 93 रन की पारी में 9 छक्के लगाए। इसके साथ ही उनके आईपीएल प्लेऑफ में 24 छक्के हो गए हैं। वे प्लेऑफ मैचों में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले चौथे बल्लेबाज बन गए। इस लिस्ट में सुरेश रैना 40 छक्कों के साथ पहले नंबर पर हैं। वहीं धोनी 28 छक्कों के साथ दूसरे नंबर पर हैं।
- **पाटीदार ने प्लेऑफ में बतौर कप्तान तीसरा सबसे तेज अर्धशतक लगाया-** पाटीदार ने सिर्फ 21 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। यह क्ढछ प्लेऑफ में कप्तान के तौर पर तीसरी सबसे तेज फिफ्टी है। पहले नंबर पर एडम गिलक्रिस्ट हैं। उन्होंने 19 बॉल पर फिफ्टी लगाई थी। दूसरे नंबर पर धोनी हैं, 2012 में धोनी ने मुंबई के खिलाफ 20 बॉल पर अर्धशतक पूरा किया था।
- **बेंगलुरु ने चौथी बार 250+ स्कोर बनाए-** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने चौथी बार टी-20 में 250+ स्कोर बनाया। टीम इस लिस्ट में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। भारत और सनराइजर्स हैदराबाद उससे आगे हैं।

# सूर्यवंशी के पास गेल का रिकॉर्ड तोड़ने का मौका



## आईपीएल एलिमिनेटर में आज राजस्थान-हैदराबाद, क्लासन टॉप स्कोरर बन सकते हैं

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ न्यू चंडीगढ़**

आईपीएल में बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच एलिमिनेटर मुकाबला खेला जाएगा। मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह क्रिकेट स्टेडियम मैच शाम 7:30 बजे खेला जाएगा। इस मुकाबले को हारने वाली टीम टूनामेंट से बाहर हो जाएगी। राजस्थान के ओपनर वैभव सूर्यवंशी के पास एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड तोड़ने का मौका है। यह रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम है। उन्होंने बेंगलुरु की ओर से 2012 सीजन में 59 छक्के लगाए थे। वैभव इस सीजन 53 सिक्स लगा चुके हैं। राजस्थान की टीम हैदराबाद को पिछले 6 मैच से नहीं हरा पाई है। टीम को पिछली जीत 2 अप्रैल 2023 को हैदराबाद में मिली थी। तब राजस्थान ने हैदराबाद को 72 रन से हराया था। हैदराबाद ने 2024 सीजन में राजस्थान को क्वालिफायर-2 हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। हालांकि, टीम कोलकाता से फाइनल हार गई थी। हेड-टु-हेड रिकॉर्ड में हैदराबाद का प्रदर्शन राजस्थान से बेहतर है। दोनों के बीच 23 आईपीएल मैच खेले गए हैं। इनमें 14 हैदराबाद और 9 मैच राजस्थान ने जीते हैं।

वैभव सूर्यवंशी राजस्थान के टॉप स्कोरर हैं। उन्होंने हैदराबाद के खिलाफ इसी सीजन में शतक लगाया था। वे 14 मैच में 583 रन बना चुके हैं। इनमें 3 फिफ्टी शामिल हैं। वहीं, जोफ्रा आर्चर टॉप विकेट टेकर हैं। वे 14 मैच में 21 विकेट ले चुके हैं। आर्चर ने इस सीजन 8.76 की इकोनॉमी से रन दिए हैं।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी
द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन,
पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन,
महिला ग्रुप लोन 50% छट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोंन सबसे
कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









### बोनस शेयर : चमका एलआईसी

# पांच दिनों में 7% की तेजी




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

एलआईसी के शेयरों में रिकॉर्ड मुनाफे और 1:1 बोनस शेयर की घोषणा के बाद तेज उछाल आया है। पांच कारोबारी दिनों में कंपनी का स्टॉक 7 फीसदी से ज्यादा चढ़ गया। चौथी तिमाही में एलआईसी का मुनाफा 23 फीसदी बढ़कर 23,420 करोड़ रुपये पहुंच गया। कंपनी ने 10 रुपये प्रति शेयर लाभांश का भी ऐलान किया है।

देश की सबसे बड़ी सरकारी बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का शेयर मंगलवार को 17.95 रुपये (2.14 फीसदी) की बढ़त के साथ 855.15 रुपये पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में इसने 857 रुपये का उच्च स्तर छुआ। इस तेजी के साथ ही केवल पांच कारोबारी दिनों के भीतर इस पीएसयू कंपनी का स्टॉक 7.25 फीसदी तक चढ़ चुका है।

शेयरों में आई इस हालिया तेजी के पीछे दो बड़े कारण हैं। पहला, मार्च 2026 की तिमाही में कंपनी का रिकॉर्ड तोड़ मुनाफा और दूसरा, निवेशकों के लिए 1:1 के अनुपात में मिलने वाला बोनस शेयर। एस इक्विटी के आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एलआईसी भारत के पूरे वित्तीय क्षेत्र में सबसे ज्यादा मुनाफा कमाने वाली कंपनी बनकर उभरी है। एलआईसी के निदेशक मंडल ने 31 दिसंबर 2025 तक उपलब्ध रिजर्व से 6,325 करोड़ रुपये का उपयोग करके बोनस शेयर जारी करने की मंजूरी दी है। इसके अलावा, एलआईसी ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए प्रत्येक शेयर पर 10 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के अंतिम लाभांश की भी सिफारिश की है। इस लाभांश के भुगतान के लिए कंपनी ने 25 जून 2026 को रिकॉर्ड डेट तय किया है।

### महंगे पेट्रोल-डीजल ने बदली दुनिया की रफ्तार

# इलेक्ट्रिक कारों पर तेजी से बढ़ा भरोसा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

महंगे पेट्रोल-डीजल, तेल संकट और जलवायु परिवर्तन की चिंता के बीच दुनिया भर में इलेक्ट्रिक कारों की मांग तेजी से बढ़ रही है। आईईए की रिपोर्ट के मुताबिक 2026 में ईवी बिक्री 2.3 करोड़ के पार जा सकती है। बैटरियों की घटती कीमतें और सरकारी प्रोत्साहन योजनाएं भी इसकी बड़ी वजह हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले वर्षों में दुनिया की सड़कों पर इलेक्ट्रिक वाहनों का दबदबा बढ़ सकता है।

दुनिया भर में बढ़ती तेल की कीमतों, पेट्रोल-डीजल के महंगे होने और जलवायु परिवर्तन के खतरे ने अब लोगों को तेजी से इलेक्ट्रिक वाहनों यानी ईवी की तरफ मोड़ दिया है। पहले जहां ईवी को सिर्फ भविष्य की तकनीक माना जाता था, वहीं अब यह आम लोगों की जरूरत बनती जा रही है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी यानी आईईए की ताजा रिपोर्ट ह्यग्लोबल ईवी आउटलुक 2026ह्व के मुताबिक इस साल दुनिया भर में इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री 2.3 करोड़ के पार जा सकती है। इसका मतलब है कि हर दस नई कारों में करीब तीन पूरी तरह इलेक्ट्रिक होंगी। बढ़ते ईंधन खर्च और पर्यावरण को बचाने की चिंता ने ईवी बाजार को नई रफ्तार दे दी है।

**क्यों तेजी से बढ़ रही है इलेक्ट्रिक कारों की मांग-** आईईए की रिपोर्ट के अनुसार इलेक्ट्रिक कारों की बढ़ती बिक्री के पीछे कई बड़े कारण हैं। सबसे बड़ा कारण पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतें हैं। आम लोग अब ऐसी गाड़ियों की तलाश में हैं जिनका खर्च कम हो और जो लंबे समय में सस्ती पड़ें। इसके अलावा बैटरियों की कीमतों में गिरावट आने से ईवी पहले के मुकाबले ज्यादा सस्ती हो गई हैं। कई देशों की सरकारें भी ईवी खरीदने पर टैक्स में छूट और सब्सिडी दे रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2025 इलेक्ट्रिक वाहन बाजार के लिए ऐतिहासिक साल साबित हुआ। पहली बार दुनिया भर में 2 करोड़ से ज्यादा इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री हुई और कुल ऑटो बाजार में इनकी हिस्सेदारी करीब 25 फीसदी तक पहुंच गई। दुनिया के लगभग 100 देशों में ईवी बिक्री ने नया रिकॉर्ड बनाया।

**दक्षिण-पूर्व एशिया क्यों बन रहा नया ईवी हॉटस्पॉट-** आईईए ने दक्षिण-पूर्व एशिया को तेजी से उभरता हुआ ईवी बाजार बताया है। रिपोर्ट के मुताबिक वियतनाम और थाईलैंड जैसे देशों में पिछले साल इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री दोगुनी से ज्यादा बढ़ी। इन देशों के कुल ऑटो बाजार में ईवी की हिस्सेदारी करीब 20 फीसदी तक पहुंच गई है। अनुमान है कि 2035 तक इस क्षेत्र में इलेक्ट्रिक कारों की हिस्सेदारी 60 फीसदी तक पहुंच सकती है। कम लागत वाली ईवी, सरकारी योजनाएं और बढ़ती पर्यावरण जागरूकता इस बदलाव की बड़ी वजह मानी जा रही है। अब दुनिया का ऑटो बाजार तेजी से इलेक्ट्रिक दौर की तरफ बढ़ रहा है।



### क्या भविष्य में सड़कों पर इलेक्ट्रिक गाड़ियों का दबदबा होगा?

रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर मौजूदा रफ्तार बनी रही तो आने वाले वर्षों में दुनिया की सड़कों पर इलेक्ट्रिक गाड़ियों का दबदबा बढ़ जाएगा। अनुमान है कि 2035 तक दुनिया में इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या 8 करोड़ से बढ़कर 51 करोड़ के पार पहुंच सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण को कम करने के लिए भी ईवी अहम भूमिका निभाएंगी। इलेक्ट्रिक वाहन पेट्रोल-डीजल वाली गाड़ियों की तुलना में कम प्रदूषण फैलाते हैं। यही वजह है कि अब कई देश पेट्रोल और डीजल वाहनों को धीरे-धीरे कम करने की तैयारी कर रहे हैं। ऑटो कंपनियां भी लगातार नई ईवी लॉन्च कर रही हैं ताकि ग्राहकों को ज्यादा विकल्प मिल सकें।

### शुरूआती गिरावट के बाद बाजार में फिर कैसे आई तेजी?

आईईए की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2026 की पहली तिमाही में चीन और अमेरिका में कुछ नीतिगत बदलावों के कारण वैश्विक ईवी बिक्री में करीब 8 फीसदी की हल्की गिरावट दर्ज की गई थी। हालांकि इसके बाद बाकी देशों में तेज मांग ने बाजार को फिर संभाल लिया। चीन को छोड़कर पूरे एशिया-प्रशांत क्षेत्र में ईवी बिक्री 80 फीसदी तक बढ़ गई। इससे साफ है कि अब इलेक्ट्रिक वाहन केवल विकसित देशों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि विकासशील देशों में भी तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि चार्जिंग नेटवर्क बढ़ने और नई तकनीक आने से आने वाले समय में ईवी का इस्तेमाल और आसान हो जाएगा।

### खादी और ग्रामोद्योग की छलांग

# एफवाय 26 में बिक्री 1.87 लाख करोड़ रुपये के पार



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने एफवाय 26 में 1.87 लाख करोड़ रुपये की ऐतिहासिक बिक्री दर्ज की है। उत्पादन में 380% का उछाल आया है। इससे जुड़ी पूरी खबर पढ़ें। स्वदेशी उत्पादों की बढ़ती मांग और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती के बीच खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने नया इतिहास रचा है। वित्त वर्ष 2025-26 में खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री अपने अब तक के रिकॉर्ड स्तर को छूते हुए 1.87 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गई है। यह रिकॉर्ड आंकड़ा इस बात का स्पष्ट संकेत है कि खादी अब एक पारंपरिक परिधान से आगे बढ़कर भारत के रिटेल और एफएमसीजी बाजार में एक मजबूत आर्थिक ताकत बन चुका है।

खादी और ग्रामोद्योग के उत्पादों की बिक्री वर्ष 2025-26 में 1,87, 105 करोड़ रुपये के अपने ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गई। खादी और ग्राम उद्योग आयोग (केवीआईसी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पिछले वित्तीय वर्ष (2024-25) में इन उत्पादों की बिक्री 1,70,551.37 करोड़ रुपये थी। जिसमें वित्तीय वर्ष 2013-14 की बिक्री 31,154 करोड़ रुपये की तुलना में कई गुना वृद्धि दर्ज की गई थी। केवीआईसी के चेयरमैन मनोज कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में केवीआईसी के उत्पादों की बिक्री 2.51 लाख करोड़ रुपये रह सकती है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2013-14 में खादी और ग्राम उद्योग के वस्तुओं का उत्पादन 26,109 करोड़ रुपये था, जो लगभग पांच गुना बढ़कर 2025-26 में 1,25,296 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

### भारतीय बाजार से 2027 तक रुठे रहेंगे विदेशी निवेशक

# कमजोर रुपया बन रहा बाजार के लिए चुनौती

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

बोफा ग्लोबल रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार विदेशी निवेशकों की भारतीय शेयर बाजार में बड़ी वापसी 2027 से पहले मुश्किल दिख रही है। कमजोर रुपया, कंपनियों की धीमी कमाई और महंगे बाजार मूल्यांकन के कारण एफआईआई लगातार पैसा निकाल रहे हैं। वर्ष 2026 में अब तक करीब 23 अरब डॉलर निकाले जा चुके हैं। हालांकि घरेलू निवेशक और म्यूचुअल फंड बाजार को सहारा देने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। आइए, विस्तार से रिपोर्ट पर नजर डालते हैं...

भारतीय शेयर बाजार में घरेलू निवेशकों का भरोसा लगातार बना हुआ है, लेकिन विदेशी निवेशक तेजी से पैसा निकाल रहे हैं। अमेरिकी वित्तीय संस्था बोफा ग्लोबल रिसर्च की रिपोर्ट ने संकेत दिया है कि विदेशी संस्थागत निवेशकों यानी एफआईआई की बड़ी वापसी 2027 से पहले मुश्किल दिख रही है। रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय बाजार अभी भी एशिया के कई देशों के मुकाबले महंगा बना हुआ है, जबकि कंपनियों की कमाई की रफ्तार धीमी है और रुपया भी कमजोर पड़ रहा है। यही वजह है कि विदेशी निवेशक भारत से दूरी बना रहे हैं। वर्ष 2026 में अब तक एफआईआई भारतीय शेयर बाजार से करीब 23 अरब डॉलर निकाल चुके हैं।

**आखिर विदेशी निवेशक भारतीय बाजार से पैसा क्यों निकाल रहे हैं-** रिपोर्ट के अनुसार विदेशी निवेशकों की सबसे बड़ी चिंता भारतीय कंपनियों की कमाई और बाजार का महंगा मूल्यांकन है। बोफा ने अनुमान लगाया है कि चालू वित्त वर्ष में निफ्टी-50 कंपनियों की कमाई वृद्धि केवल 7 फीसदी रह सकती है। वहीं मार्च 2027 तक समाप्त होने वाले अगले वित्त वर्ष में यह वृद्धि 8.5 फीसदी रहने का अनुमान है। यानी कमाई की रफ्तार बहुत तेज नहीं है। दूसरी तरफ निफ्टी अभी भी करीब 18 गुना एक साल आगे की कमाई के मूल्यांकन पर कारोबार कर रहा है। इसके मुकाबले दक्षिण कोरिया जैसे बाजार करीब 7.5 गुना पर ट्रेड कर रहे हैं। ऐसे में विदेशी निवेशकों को भारत का बाजार महंगा लग रहा है। यही कारण है कि वे अपना पैसा दूसरे देशों की तरफ ले जा रहे हैं।



### कमजोर रुपये से विदेशी निवेशकों को कितना नुकसान हो रहा?

विदेशी निवेशकों के लिए केवल शेयर बाजार में गिरावट ही चिंता नहीं है। रुपये की कमजोरी भी उनके रिटर्न को प्रभावित कर रही है। जब विदेशी निवेशक डॉलर में पैसा लगाते हैं और बाद में रुपया कमजोर हो जाता है, तो उन्हें डॉलर के हिसाब से कम फायदा मिलता है। यही वजह है कि विदेशी निवेशक ऐसे बाजारों को ज्यादा पसंद कर रहे हैं जहां कमाई तेज हो और मुद्रा भी मजबूत बनी रहे। भारत में निफ्टी इस साल करीब 9 फीसदी टूट चुका है। इसके बावजूद बाजार का मूल्यांकन अभी भी ऊंचा है। इससे विदेशी निवेशकों का भरोसा कमजोर हुआ है। बोफा की रिपोर्ट के मुताबिक विदेशी निवेशकों का पैसा अब एशिया के एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित बाजारों की तरफ जा रहा है। दक्षिण कोरिया और ताइवान जैसे देश सेमीकंडक्टर, चिप निर्माण और एआई तकनीक से जुड़े बड़े केंद्र बन चुके हैं। वहां कंपनियों की कमाई के अनुमान बेहतर हो रहे हैं और बाजार भारत के मुकाबले सस्ते हैं।

# खावड़ा में शुरू हुआ चीन के बाहर दुनिया का सबसे बड़ा बैटरी स्टोरेज सिस्टम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अदाणी ग्रीन (एजीईएल) ने गुजरात के खावड़ा में 3.37 गीगावाट क्षमता का दुनिया का सबसे बड़ा (चीन के बाहर) बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम चालू किया है। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं। भारत के रिन्यूएबल एनर्जी (नवीकरणीय ऊर्जा) सेक्टर ने एक ऐतिहासिक मील का पत्थर पार किया है। अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने गुजरात के खावड़ा में 3.37 गीगावाट प्रति घंटे क्षमता वाला बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस) सफलतापूर्वक चालू कर दिया है। कंपनी के अनुसार, एक ही स्थान पर स्थापित यह दुनिया का सबसे बड़ा (चीन के बाहर) बैटरी स्टोरेज प्रोजेक्ट है, और वैश्विक स्तर पर इसे सबसे तेज गति से निष्पादित किया गया है।

सौर और पवन ऊर्जा उत्पादन की सबसे बड़ी सीमा यह है कि ये प्राकृतिक परिस्थितियों- जैसे सूरज की रोशनी और हवा- पर निर्भर होते हैं। ऊर्जा क्षेत्र के सामने असली चुनौती यह होती है कि क्या इस उत्पादित ऊर्जा को स्टोर करके उस समय सप्लाई किया जा सकता है, जब मांग अपने चरम पर हो?

यहीं पर बैटरी स्टोरेज तकनीक एक गेम चेंजर के रूप में सामने आती है। खावड़ा में स्थापित यह अत्याधुनिक बैटरी सिस्टम अतिरिक्त रिन्यूएबल पावर को स्टोर करने में सक्षम है, जिसे बाद में आवश्यकतानुसार जारी किया जा सकता है। इससे न केवल पावर ग्रिड को स्थिरता मिलती है, बल्कि ग्रीन पावर की निर्भरता और विश्वसनीयता भी काफी बढ़ जाती है।

**प्रोजेक्ट और कंपनी के प्रमुख आंकड़े-** अदाणी ग्रीन के इस ऊर्जा अवसंरचना (इन्फ्रास्ट्रक्चर) विकास को निम्नलिखित आंकड़ों के माध्यम से समझा जा सकता है:

**स्टोरेज क्षमता:** खावड़ा परियोजना में कुल 3.37 गीगावाट का संचयी बैटरी स्टोरेज स्थापित किया गया है।

**विशाल रिन्यूएबल पार्क:** खावड़ा में 30 गीगावाट क्षमता वाले रिन्यूएबल पार्क की योजना पर काम चल रहा है।

**कुल ऑपरेशनल क्षमता:** इस नई शुरूआत के साथ, पूरे भारत में एजीईएल की कुल चालू रिन्यूएबल क्षमता बढ़कर 19,785.8 मेगावाट हो गई है।

## हिमालय में 'घेपन झील' का खतरा, 34 बस्तियों पर संकट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति में पर्यटन का केंद्र बने सिस्सू गांव समेत 34 से ज्यादा बस्तियों पर घेपन झील खतरा बनकर मंडरा रही है। क्लाइमेट चेंज के कारण तापमान में बढ़ौतरी से ग्लेशियर पिघलने पिघल रहे है। इससे झील का आकार साल दर साल बढ़ रहा है। अगर यह झील फट गई तो डाउनस्ट्रीम में खेत, खलियान, पुल, सड़कें सब पानी में समा जाएंगे।

यह दावा हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और नेशनल रिमोट सेंसिंग केंद्र की स्टडी रिपोर्ट में किया गया। रिपोर्ट में बताया गया कि घेपन घाट झील भविष्य में विनाशकारी ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड का कारण बन सकती है।

सौंपी रिपोर्ट में दावा किया गया कि 1989 में घेपन झील का क्षेत्रफल मात्र 36.49 हेक्टेयर था। साल 2022 तक यह बढ़कर 101.30 हेक्टेयर हो गया। करीब 33 वर्षों में झील लगभग तीन गुना फैल चुकी है। ऐसे में ऊंचे ऊंचे पहाड़ों के बीच शांत सी दिखने वाली झील तबाही मचा सकती है। वैज्ञानिकों के अनुसार- इसके पीछे सबसे बड़ा कारण हिमालय में तापमान का बढ़ना है, ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बारिश भी बढ़ रही है। इससे घेपांग ग्लेशियर लगातार पिघल रहा है। इसका पानी झील में जमा होकर उसका आकार बढ़ा रहा है।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि घेपन झील एक ह्यमोरेन-डैम्ड ग्लेशियल लेकह्न है। यानी यह पत्थर, रेत और मलबे से बने प्राकृतिक बांध के पीछे बनी है। यह बांध कमजोर माना जाता है और भारी बारिश, हिमस्खलन, लैंडस्लाइ या ग्लेशियर का हिस्सा टूटकर झील में गिरने जैसी घटनाएं इस बांध को तोड़ सकती हैं।

### सिस्सू सबसे बड़े खतरे वाले रेड जोन में

स्टडी रिपोर्ट में सभी स्थितियों में सिस्सू गांव को सबसे ज्यादा खतरे वाले रेड जोन में रखा गया है। रिपोर्ट के अनुसार- झील फटने की स्थिति में सिर्फ 21 मिनट के भीतर बाढ़ का पानी सिस्सू तक पहुंच सकता है। इसकी रफ्तार 43 किलोमीटर प्रति घंटा तक हो सकती है और पानी की गहराई 20 मीटर तक पहुंचने का अनुमान है। पानी के साथ मलबा, चट्टानें और ग्लेशियर से टूटे पत्थर भी तबाही मचाएंगे

रिपोर्ट में कहा गया कि यह सिर्फ पानी की बाढ़ नहीं होगी। इसके साथ भारी मात्रा में मलबा, चट्टानें और ग्लेशियर से टूटे पत्थर भी नीचे आएंगे, जिससे तबाही कई गुना बढ़ सकती है। ग्लेशियर के नीचे सबसे नजदीक सिस्सू गांव है, जिसकी दूरी घेपन झील से लगभग 11 किलोमीटर है।

### झील फट गई तो आ सकती है सुनामी: संदीप

सिसू पंचायत के पूर्व उप प्रधान संदीप ने बताया कि घेपन के साथ एक और भी झील बन रही है। घेपन झील बर्फ के नीचे दबा हुआ है। उसका कोई पता नहीं कि किस तरह गिरेजा। उन्होंने बताया कि घेपन के साथ घाटी में आलियास झील भी है। अगर झील फट गई तो सुनामी आ सकती है।

### फिलहाल क्या स्थिति?

इस स्टडी के बाद अर्ली वार्निंग सिस्टम जरूर स्थापित किया है, लेकिन अभी यह पायलट आधार पर लगाया है और टेस्टिंग फेज में है। सिस्सू और आसपास के गांवों में पर्यटन तेजी से बढ़ा है। हजारों लोग रोज यहां पहुंच रहे हैं, लेकिन स्थानीय लोगों के भीतर डर भी बढ़ रहा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि अगर समय रहते निगरानी और सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए, तो भविष्य में यह झील हिमाचल की सबसे बड़ी प्राकृतिक आपदाओं में से एक का कारण बन सकती है।

# प्री-मानसून बारिश 29 मई से 5 जून तक संभव:90% भारत कवर करेगी, केरल में नमी कमजोर इसलिए अटका मानसून

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत के 80-90% हिस्से में 29 मई से 5 जून तक प्री-मानसून बारिश हो सकती है। यह बारिश इसलिए अहम है क्योंकि मानसून अभी केरल नहीं पहुंचा है। मौसम विभाग ने 26 मई का अनुमान लगाया था।

मानसून आने के लिए केरल के 14 तय स्टेशनों में लगातार दो दिन 2.5` बारिश जरूरी है। दक्षिण-मध्य अरब सागर में चक्रवाती सकुर्लेशन से बादल कमजोर हुए हैं। अगले 2-3 दिन में मानसून आगे बढ़ सकता है।

यूरोपीय मौसम एजेंसी यूरोपियन सेंटर फॉर मीडियम-रेंज वेदर फोरकास्ट्स (एउटह्नत्र) के भारत के 15 दिनों की बारिश का पूवार्नुमान निकाला है। एउटह्नत्र सैटेलाइट, समुद्री और वायुमंडलीय डेटा के आधार पर मौसम का मैप बनाता है। इसकी तस्वीर में अगले 8 दिनों में दक्षिण भारत, पूर्वी भारत, पूर्वोत्तर और बंगाल की खाड़ी से लगे इलाकों में ज्यादा बारिश के संकेत नजर आ रहे हैं। मई के आखिरी सप्ताह में सूर्य की किरणें भारत के बड़े हिस्से पर लगभग सीधी पड़ती हैं। इससे जमीन तेजी से गर्म होती है और तापमान बढ़ जाता है। नौतपा की तेज गर्मी और लू से बचने के लिए बाहर निकलते समय कुछ जरूरी चीजें साथ रखें, ताकि शरीर हाइड्रेट रहे और धूप का असर कम हो।

फिलहाल उत्तर-पश्चिम, मध्य भारत, उत्तर प्रदेश और पूर्वी भारत में गर्मी का असर ज्यादा है। मंगलवार को उत्तर प्रदेश का बांदा एक बार फिर देश में सबसे गर्म शहर रहा। यहां अधिकतम तापमान 47.4 डिग्री दर्ज किया गया।बांदा के अलावा उत्तर प्रदेश के पांच और जिलों में तापमान 45 डिग्री से ज्यादा रहा, इनमें उरई 45.8 डिग्री , झांसी 45.5 डिग्री , प्रयागराज 45.4 डिग्री , आगरा 45.3 डिग्री और हमीरपुर 45.2 डिग्री शामिल हैं। राजस्थान का श्रीगंगानगर 47 डिग्री तापमान के साथ देश का दूसरा सबसे गर्म शहर रहा। इसके अलावा बीकानेर और फलोदी में भी अधिकतम तापमान 46 डिग्री रहा।



### 28 मई

छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, ओडिशा, पंजाब, तेलंगाना और यूपी में हीटवेव का अलर्ट है। मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र में गर्मी रहेगी। गुजरात और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में गर्म और उमस भरा मौसम रह सकता है। हरियाणा, चंडीगढ़-दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, पंजाब में ओले गिरने के साथ आंधी-तूफान का अलर्ट। बिहार, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, पंजाब, यूपी समेत कई राज्यों में 50-60 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना।

29 मई- राजस्थान के कुछ हिस्सों में हीटवेव का असर जारी रह सकता है। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, यूपी और मध्य भारत के कई इलाकों में गर्मी से कुछ राहत मिलने के आसार हैं।

# जनसंख्या में जहां अचानक बदलाव आया, वहां की जांच होगी:केंद्र सरकार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने देश की आबादी में हो रहे असामान्य बदलाव की स्टडी के हाई-लेवल कमिटी का गठन किया है। जस्टिस प्रकाश प्रभाकर नावलेकर (रिटा) को इसका अध्यक्ष बनाया गया है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पोस्ट में कहा- यह कमिटी अवैध घुसपैठ और अन्य असामान्य कारणों से पूरे भारत में हो रहे जनसंख्या में बदलाव का आकलन करेगी। साथ ही धार्मिक और सामाजिक समुदायों के स्तर पर असामान्य बदलाव के पैटर्न की स्टडी करके समाधान भी पेश करेगी। उन्होंने लिखा कि घुसपैठ और अन्य कारणों से होने वाला असामान्य जनसंख्या बदलाव किसी भी राष्ट्र के वर्तमान और भविष्य के लिए बड़ी चुनौती है। इसी चुनौती से निपटने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त 2025 को हाई-लेवल कमिटी की घोषणा की थी।

यह पूरे देश का डेटा देखेगी। पता लगाएगी कि



अवैध रूप से आए प्रवासियों के कारण कहां आबादी अचानक बहुत ज्यादा बढ़ गई है। यह हर स्तर पर आबादी में बदलावों को जांचेगी। संसाधनों का संरक्षण: अचानक आबादी बढ़ने वाले क्षेत्रों में जमीन, पानी, रोजगार और राशन जैसे सीमित संसाधनों से अतिरिक्त दबाव कम करने के लिए नीतियां बनेंगी। सख्त कानून और नीतियां: समिति की समयबद्ध रिपोर्ट के आधार पर भविष्य में सीमा सुरक्षा मजबूत करने, नागरिकता नियमों को कड़ा करने और राष्ट्रीय सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए नए कानून लागू किए जा सकते हैं।

# दावा- कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया कल इस्तीफा दे सकते हैं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया कल गुरुवार को इस्तीफा दे सकते हैं। पार्टी उनकी जगह उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को सीएम बना सकती है। दोनों नेताओं की मंगलवार को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सांसद राहुल गांधी के साथ 6 घंटे तक बैठक हुई।

सूत्रों के मुताबिक, बैठक में राहुल गांधी ने सिद्धारमैया से सीएम पद से इस्तीफा देने का कहा और उन्हें राज्यसभा भेजने का ऑफर दिया। साथ ही उन्हें दिल्ली में बड़ी राष्ट्रीय भूमिका निभाने को कहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कुछ समर्थकों से चर्चा के बाद सिद्धारमैया ने कहा कि वे हाईकमान का फैसला मानेंगे। उन्होंने गुरुवार सुबह मंत्रियों को ब्रेकफास्ट मीटिंग के लिए बुलाया है। इसी दिन सिद्धारमैया इस्तीफा दे सकते हैं। हालांकि इससे पहले बैठक में शामिल रहे पार्टी के संगठन महासचिव वेणुगोपाल ने कहा था- जो अटकलें लगाई जा रही हैं, वे सिर्फ अटकलें हैं। इनमें कोई सच्चाई नहीं है। बैठक में राज्यसभा और विधान परिषद (टछड) चुनावों पर चर्चा हुई। दरअसल कर्नाटक कांग्रेस में एक साल से सीएम पद पर खींचतान जारी है। डीके समर्थकों का दावा है कि 2023 में केंद्रीय नेतृत्व ने ढाई-ढाई साल की सत्ता का फॉर्मूला दिया था।

### इसमें पूरे गोवा और इंदौर जैसे शहरों को 24 घंटे बिजली देने की क्षमता

# गुजरात-दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम शुरू

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत ने ग्रीन एनर्जी ट्रांजिशन (हरित ऊर्जा परिवर्तन) में इतिहास रच दिया है। अडाणी समूह की रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने कच्छ सीमा पर स्थित खवड़ा में कुल 3.37 गीगावाट/घंटे की क्षमता का बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (इएर) शुरू कर दिया है।

चीन को छोड़कर पूरी दुनिया में एक ही जगह पर बना यह सबसे बड़ा बैटरी स्टोरेज प्रोजेक्ट है। यहां रखी बैटरियों में सौर या पवन ऊर्जा से बनी बिजली को स्टोर कर



जरूरत पड़ने पर किसी भी शहर को सप्लाई दी जा सकती है। रिकॉर्ड 10 महीने में बने इस सिस्टम से पूरे गोवा, इंदौर-चंडीगढ़ जैसे शहरों या यूं कहें कि 10 लाख घरों को 24 घंटे बिजली दी जा सकती है। यह स्टोरेज 1.2 करोड़ एलईडी बल्ब 10 घंटे लगातार जलाकर रख सकता है।

### खवड़ा प्रोजेक्ट पेरिस से भी बड़ा



खवड़ा प्रोजेक्ट आकार (538 वर्ग किमी) में यह पेरिस शहर से भी पांच गुना बड़ा है। यहां दुनिया का सबसे बड़ा 30 गीगा वॉट का रिन्यूएबल एनर्जी प्लांट बन रहा। इसमें से 9.9 गीगावॉट चालू हो चुका है।

### अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक तेहरान को वॉशिंगटन पर बिल्कुल भरोसा नहीं

# रिपोर्ट- ईरान फिर जंग की तैयारी में जुटा:कहा- अमेरिका पर भरोसा नहीं; होर्मुज स्ट्रेट को सबसे बड़ा हथियार बताया

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

ईरान अमेरिका के साथ संभावित नए युद्ध के लिए तैयारी कर रहा है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक तेहरान को वॉशिंगटन पर बिल्कुल भरोसा नहीं है और वह होर्मुज स्ट्रेट को अपना सबसे बड़ा रणनीतिक हथियार मान रहा है।

रिपोर्ट के मुताबिक ईरानी अधिकारी तीन मोर्चों पर काम कर रहे हैं- सैन्य तैयारी, घरेलू समर्थन और कूटनीति। हालांकि बातचीत का रास्ता खुला रखा गया है, लेकिन सेना और ईरान रेवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स हाई अलर्ट पर हैं।

ईरान मानता है कि होर्मुज स्ट्रेट उसकी सबसे बड़ी रणनीतिक ताकत है। दुनिया के बड़े हिस्से का तेल इसी समुद्री रास्ते से गुजरता है। इसी वजह से तेहरान इसे अमेरिका और उसके सहयोगियों पर दबाव बनाने के बड़े हथियार के तौर पर देख रहा है। ईरानी नेतृत्व ने कहा है कि नए संघर्ष की स्थिति में अमेरिका के सैन्य ठिकाने, ऊर्जा ढांचा और उससे जुड़े हित निशाने पर हो सकते हैं। कुछ दिन पहले भी चेतावनी दी थी कि किसी नए अमेरिकी हमले का जवाब पहले से ज्यादा हिंसक होगा और उसका असर मिडिल-ईस्ट से बाहर तक महसूस किया जाएगा।

अमेरिकी ड्रोन गिराया- ईरान ने दावा किया कि उसकी फोर्स ने अमेरिकी ड्रोन को निशाना बनाया। साथ ही ईरानी हवाई क्षेत्र में घुसे लड़ाकू विमान पर भी फायरिंग की गई।

88 दिन बाद इंटरनेट बहाल- ईरान में 88 दिनों बाद इंटरनेट सेवाएं आंशिक रूप से बहाल हुईं। नेटब्लॉक्स ने इसे आधुनिक इतिहास का सबसे लंबा राष्ट्रीय इंटरनेट ब्लैकआउट बताया, जिससे कारोबार और डिजिटल सेवाएं प्रभावित रहीं।

नेतन्याहू की अधिकारियों के साथ बैठक- इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रक्षा अधिकारियों के साथ सुरक्षा बैठक की। इसमें उत्तरी सीमा और लेबनान के हालात पर चर्चा हुई, जबकि हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हमले तेज किए गए।



ईरानी बोट्स पर हमला- अमेरिका ने सीजफायर पर बातचीत के बीच होर्मुज स्ट्रेट के पास बारूदी सुरंग बिछा रही बोट्स और बंदर अब्बास के मिसाइल ठिकानों पर हमला किया। सेंटकॉम ने इसे आत्मरक्षा की कार्रवाई बताया।

### इजराइल के एयरपोर्ट पर अमेरिकी सैन्य विमानों की भारी तैनाती

इजराइल के एयरपोर्ट्स पर इस समय बड़ी संख्या में अमेरिकी सैन्य विमान खड़े हैं। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी लड़ाकू विमान और ईंधन भरने वाले विमान इतने ज्यादा हैं कि आम उड़ानों पर असर पड़ने लगा है। इजराइल के बेन गुरियन और रेमन एयरपोर्ट पर दर्जनों अमेरिकी सैन्य विमान तैनात हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान के साथ सीजफायर होने के बाद भी ये विमान अभी इजराइल में ही मौजूद हैं और फिलहाल उनके जाने की कोई तैयारी नहीं दिख रही है।

## अमेरिकी सांसद ने ट्रम्प की ईरान पॉलिसी को नाकाम बताया

अमेरिका के डेमोक्रेटिक सीनेटर कोरी बुकर ने ईरान को लेकर डोनाल्ड ट्रम्प की रणनीति की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि ट्रम्प की बातचीत और युद्ध नीति का उल्टा असर हुआ है और इससे ईरान पहले से ज्यादा मजबूत हो गया है। एक इंटरव्यू में कोरी बुकर ने कहा कि मौजूदा हालात पहले से ज्यादा खराब हो गए हैं। उनके मुताबिक अब ईरान होर्मुज स्ट्रेट को दबाव बनाने के लिए इस्तेमाल कर सकता है।

उन्होंने कहा कि इस युद्ध ने अमेरिका को मुश्किल स्थिति में डाल दिया है और ट्रम्प की रणनीति पूरी तरह नाकाम साबित हुई है। न्यूयॉर्क सिटी के मेयर जोहरान ममदानी के घर के बाहर मैनहट्टन में सैकड़ों लोगों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी वअए और हमारी सड़कें जैसे नारे लगा रहे थे। कई लोग मेक लव, नॉट इंतिफादा लिखे स्टिकर और रिमूव ममदानी वाले पोस्टर लेकर पहुंचे। प्रदर्शन के दौरान अमेरिकी और इजराइली झंडे भी लहराए गए। यह प्रदर्शन एंडज्यूहेट्रेड नाम के एक्टिविस्ट ग्रुप ने आयोजित किया था। इसमें यहूदी समुदाय के लोगों के साथ कुछ मुस्लिम और ईरानी मूल के लोग भी शामिल हुए।

आयोजकों का कहना है कि पूरे प्रदर्शन में करीब 1,000 लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। ममदानी के मेयर बनने के बाद यह उनके घर के बाहर यहूदी समुदाय का पहला बड़ा प्रदर्शन माना जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने वअए के बराकाह परमाणु प्लांट पर हुए हमले की निंदा की है। वठ ने कहा कि यह हमला अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ है। हालांकि वठ ने अपने बयान में किसी देश या संगठन का नाम नहीं लिया। वअए ने कहा था कि पिछले हफ्ते इराक की तरफ से छह ड्रोन भेजे गए थे। इनमें से एक ड्रोन बराकाह परमाणु प्लांट तक पहुंचा, जिससे वहां आग लग गई। इजराइल ने गाजा में हमास के नए सैन्य प्रमुख मोहम्मद ओदेह को निशाना बनाकर बड़ा हमला किया है।

### पाकिस्तान बोला- इजराइल को देश नहीं मानेंगे

ब्रह्मास्त्र ›› इस्लामाबाद

पाकिस्तान ने इजराइल से दोस्ती करने और उसे देश की मान्यता देने से इनकार कर दिया है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान अपनी मौलिक विचारधाराओं से समझौता नहीं कर सकता। आसिफ ने कहा हम उन लोगों के साथ कैसे बैठ सकते हैं जिनकी बात पर एक दिन के लिए भी भरोसा नहीं किया जा सकता। पाकिस्तान दुनिया का शायद इकलौता देश है, जिसके पासपोर्ट पर लिखा होता है कि यह इजराइल के लिए मान्य नहीं है। इससे पाकिस्तान का रुख पूरी तरह साफ है और इसमें कोई बदलाव नहीं होगा। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मुस्लिम देशों से इजराइल से रिश्ते सुधारने और अब्राहम समझौते में शामिल होने की अपील की थी। पाकिस्तान से भी कहा गया था कि अगर वह अमेरिका-ईरान शांति प्रक्रिया का हिस्सा बनना चाहता है, तो उसे इजराइल को मान्यता देनी होगी। पाकिस्तान के लिए अब्राहम समझौते में शामिल होने का मामला संवेदनशील है और राजनीतिक रूप से मुश्किल है।

## भारत ने चीन-पाकिस्तान का बयान खारिज किया, कहा- दूसरे देश को टिप्पणी का हक नहीं

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

भारत ने चीन और पाकिस्तान के संयुक्त बयान में जम्मू-कश्मीर के जिक्र को पूरी तरह खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न और अविभाज्य हिस्से हैं। भारत ने चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर परियोजनाओं पर भी कड़ी आपत्ति जताई।

यह बयान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की चीन यात्रा के बाद जारी संयुक्त बयान के जवाब में आया है। इसमें कहा गया था कि पाकिस्तान ने चीन को जम्मू-कश्मीर के हालात की जानकारी दी।

इसके बाद चीन ने कहा कि जम्मू-कश्मीर मुद्दा इतिहास से जुड़ा विवाद है और इसका समाधान संयुक्त राष्ट्र चार्टर, वठरउ प्रस्तावों और द्विपक्षीय समझौतों के तहत शांतिपूर्ण तरीके से होना चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि उढएउ के कुछ प्रोजेक्ट भारत के उस क्षेत्र से गुजरते हैं, जिस पर पाकिस्तान ने अवैध और जबरन कब्जा कर रखा है। भारत किसी भी ऐसी कोशिश का विरोध करता है, जो पाकिस्तान के कब्जे को मजबूत या वैधता देने की कोशिश करे।

भारत ने चीन और पाकिस्तान के बीच कथित ट्रांस-बाउंड्री वाटर रिसोर्सेज कोऑपरेशन पर भी सवाल उठाए और कहा कि दोनों देशों के बीच कोई साझा सीमा नहीं है। भारत ने यह भी दोहराया कि उसने 1963 के चीन-पाकिस्तान सीमा समझौते को कभी मान्यता नहीं दी।

इस समझौते के तहत पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर की शक्सगाम घाटी का इलाका चीन को सौंप दिया था, जिस पर उसने 1948 में अवैध कब्जा किया था।

चाइना-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की महत्वाकांक्षी योजना है। इसकी शुरूआत 2013 में की गई थी। इसमें चीन के शिंजियांग प्रांत से पाकिस्तान के ग्वादर पोर्ट तक 60 बिलियन डॉलर (करीब 5 लाख करोड़ रुपए) की लागत से आर्थिक गलियारा बनाया जा रहा है।

### रिपोर्ट- ट्रम्प सरकार की पूर्व वकील पैम बॉन्डी कैंसर से जूझ रहीं, एक महीने पहले ही पद से हटाया था

ट्रम्प सरकार की पूर्व वकील (पूर्व अटॉर्नी जनरल) पैम बॉन्डी चुपचाप थायरॉयड कैंसर से जूझ रही हैं। अमेरिकी मीडिया एक्सियोस के मुताबिक, जस्टिस डिपार्टमेंट छोड़ने के बाद उनका इलाज हुआ और अब वह रिकवरी कर रही हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने अप्रैल में पैम को उनके पद से हटा दिया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह फैसला जेफ्री एपस्टीन केस से जुड़ी फाइलों को संभालने के तरीके को लेकर लिया गया था। हालांकि, कैंसर की खबरों पर पैम बॉन्डी ने खुद अब तक कोई सार्वजनिक बयान नहीं दिया है। व्हाइट हाउस के डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ स्टीफन मिलर की पत्नी केटी मिलर ने सोशल मीडिया पर लिखा कि पैम बॉन्डी पिछले कुछ हफ्तों से कैंसर से मजबूती से लड़ रही हैं। इसी बीच रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि ट्रम्प ने पैम बॉन्डी को व्हाइट हाउस की अकएडवाइजरी कमेटी में शामिल किया है।

### गर्लफ्रेंड को सैकड़ों पुरुषों से संबंध बनाने को किया मजबूर:पीड़ित बोली- 487 लोगों के बाद गिनती छोड़ दी, दोषी को 25 साल की सजा

ब्रह्मास्त्र ›› पेरिस

साल 2022 में पीड़िता ने अपनी एक दोस्त को पूरी बात बताई। दोस्त ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया। फ्रांस में 51 साल के पूर्व बैंक मैनेजर को गर्लफ्रेंड का 7 साल तक शारीरिक, मानसिक और यौन शोषण करने के मामले में 25 साल जेल की सजा सुनाई गई। आरोपी पर महिला को हिंसा और जबरन यौन संबंधों के लिए मजबूर करने का आरोप था।

42 साल की पीड़ित का नाम लेटेसिया आर है। उसने मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट में कहा कि बैंककर्मी गिलौम बुची ने सेक्स गेम रिश्ते का बहाना बनाकर उन्हें धीरे-धीरे अपने कंट्रोल में लिया और फिर देह व्यापार में धकेल दिया। वह उन्हें अपने दोस्तों, सहकर्मियों और अजनबियों के साथ संबंध बनाने के लिए मजबूर करता था और ग्राहकों की सूची भी बनवाता था। लेटेसिया ने कहा, ॡमैंने 487 पुरुषों के बाद गिनती करना बंद कर दिया था। इनमें कुछ लोग ऐसे थे जिनसे मुझे कई बार मिलना पड़ा।ॡ

कोर्ट में चार घंटे से ज्यादा समय तक चली बहस के बाद जैसे ही फैसला सुनाया गया, पीड़ित रो पड़ीं, जबकि आरोपी बिना किसी भाव के खड़ा रहा।

### बेटी के जन्म के एक ही दिन बाद रेप

लेटिसिया ने बताया कि यह सिलसिला 2015 में क्रिसमस के समय शुरू हुआ। तब बुची ने उसे हाईवे के पास एक सर्विस स्टेशन पर दूसरे व्यक्ति के साथ संबंध बनाने के लिए मजबूर किया। उसे रेलवे स्टेशन और हाईवे के पास अजनबियों के साथ संबंध बनाने को मजबूर किया जाता था। उसने कहा कि कई बार 24 घंटे में 14 लोग तक आते थे।


लेटिसिया ने कहा कि शुरूआत में उसे लगा था कि यह सिर्फ हल्के-फुल्के सेक्स गेम्स होंगे और अगर उन्हें कुछ पसंद नहीं आया तो सब रुक जाएगा। लेकिन धीरे-धीरे हालात बेहद हिंसक होते गए। जब वह किसी बात से इनकार करती थीं तो आरोपी उन्हें मुक्के और लात मारता था। कई जब उसका यौन शोषण हो रहा होता था तो कई बार आरोपी फोन पर ये सब सुनता रहता था। लेटिसिया ने बताया कि बुची ग्राहकों का इंतजाम करता, पैसे तय करता और कमाई का हिस्सा खुद रखता था। पीड़ित ने बताया कि 2017 में बेटी के जन्म के बाद अस्पताल से छुट्टी मिलने के अगले ही दिन उसे एक ट्रक ड्राइवर के साथ यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर किया। महिला चार बच्चों की मां है। हालांकि रिपोर्ट में यह स्पष्ट नहीं है कि उसके कितने बच्चे आरोपी के साथ संबंध के दौरान उसके साथ रह रहे थे।

दोषी गिलौम बुची ने अदालत में रोते हुए कहा कि वह राक्षस नहीं है। उसे नहीं लगता था कि वह अपनी पार्टनर को नुकसान पहुंचा रहा है। लेकिन जूरी ने उसकी दलील नहीं मानी। सुनवाई के दौरान बुची ने गला दबाने, शरीर जलाने, बेस्टियलिटी (पशुओं से जुड़े यौन कृत्य) और स्कैटोफिलिया (मानव मल से जुड़ी चीजों से यौन उत्तेजना महसूस) जैसे कई काम स्वीकार किए। लेकिन उसने दावा किया कि यह सब आपसी सहमति से हो रहा था। उसने अदालत में कहा कि उसे नहीं लगता था कि वह अपनी पार्टनर को नुकसान पहुंचा रहा है।

हालांकि सरकारी वकील ने कोर्ट में ऐसे मैसेज और वॉइस रिकॉर्डिंग पेश किए जिनमें बुची महिला को आदेश न मानने पर जान से मारने की धमकी देता दिखा। इससे साबित हुआ कि महिला दबाव और डर में यह सब करने को मजबूर थी।

मामले में सिर्फ यौन हिंसा ही नहीं बल्कि बेहद क्रूर शारीरिक हिंसा के आरोप भी हैं। एक ऑडियो रिकॉर्डिंग में लेटिसिया की चीखें और रोने की आवाज सुनाई देती है, जबकि एक ग्राहक उसे छड़ी, बेल्ट और लकड़ी के तख्ते से पीट रहा था। जांचकताओं के मुताबिक जिस लकड़ी के पैडल से उसे मारा गया, उस पर खून के निशान थे। अदालत में पीड़ित के सूजे हुए चेहरे की तस्वीरें भी दिखाई गईं। अभियोजकों ने कहा कि बुची से दूसरी महिलाओं को भी खतरा हो सकता है, इसलिए उसके लिए उम्रकैद की मांग की गई थी। लेकिन अदालत ने उसे 25 साल जेल की सजा सुनाई और कहा कि उसे कम से कम दो-तिहाई सजा काटने के बाद ही पैरोल के लिए आवेदन करने का अधिकार मिलेगा। लेटिसिया ने यह मुकदमा बंद कमरे में चलाने की मांग को ठुकरा दिया। उसने कहा कि उसे अपनी कहानी सार्वजनिक करने की प्रेरणा गिसेल पेलिकॉट नाम की महिला से मिली। पेलिकॉट वही महिला हैं, जिनके पति ने ड्रग्स उन्हें नशीला पदार्थ देकर अजनबियों से रेप करवाया था। वह मामला 2024 में पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बना था।

## अंतर ढूंढो...




## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. जनमत-4
4. सचेत, सजग-4
7. सहयात्री, संगी-5
9. रुपया, पैसा-2
11. छोटी सवारी गाड़ी-2
12. घ्राणेंद्रिय-2
13. बेकार-3
15. झुका हुआ-2
16. वसंत काल-3
17. टिड्डा-3
18. अन्वेषण, ढूंढना-2
19. जलने की प्रक्रिया-3
21. एक विदेशी शराब-2
23. कला, हुनर-2
24. मैदे की एक प्रकार की रोटी-2
25. आत्मबलिदानी-5
29. करामात-4
30. नामसूची-4

### ऊपर से नीचे

1. पूजा, प्रार्थन-4
2. मार्ग, पथ-2
3. यमराज, मृत्युदेवता-2
4. स्वच्छ-2
5. दूल्हा, वरदान-2
6. द्वेष, ईर्ष्या-4
8. तमीज, तहजीब-3
10. सेंधमार-5
11. चुगली करना-5
13. देवर्षि-3
14. रसद, खाद्य सामग्री-3
18. भयानक, डरावना-4
20. अक्षर (उर्दू-3)
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर की फिल्म-5
25. तेज, सत्य-2
26. ईश्वर, भगवान-2
27. रुदन, क्रंदन-2
28. मोमबत्ती (उर्दू-2)

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 45 | | 20 | | 30 | | 40 | = | 15 |
| | | | | | | | | |
| 25 | | 15 | | 15 | | 30 | = | 55 |
| | | | | | | | | |
| 23 | | 2 | | 23 | | 2 | = | 25 |
| | | | | | | | | |
| 30 | | 2 | | 25 | | 20 | = | 20 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 13 | | 35 | | 47 | | 0 | = | 25 1 |

### संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | क | सु | ग | ल | ए | अ | ला | तु | र | व |
| द | ह | ल | प्रे | व | बु | स | द | ह | कां | ड़ |
| र | स | म | म | दी | छ | ल | आ | र्म | स्व | क |
| इं | स | ल | द | दि | वा | स | ख | ल | श | क |
| डि | आ | दो | ग | न | ज | ना | प | णा | श्र | ड़ |
| य | बा | द | र | दि | ग | उ | र | ण | दे | क |
| ती | व | ग | मी | या | प | र | भ | बां | व | को |
| सां | ऐं | ऊ | पु | द | व | क | णी | ए | श | ल्हा |
| क | ग | ल | प | र | गी | स | री | औ | प | पु |
| क | ग | ली | प | लि | जी | त | ऐ | ओ | प | र |
| क | अ | म | रा | व | ती | स | व | र्धा | प | म |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | 6 | 4 | | 1 |
| 4 | 33 | 4 | 40 | 7 | 31 | 2 |
| | 2 | 6 | 3 | | 1 | |
| 1 | 29 | | 37 | | 35 | 5 |
| | 1 | | 4 | 3 | 5 | |
| 6 | 30 | 2 | 24 | 1 | 30 | 3 |
| 5 | | 1 | 4 | | | 7 |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...




## रंग भरकर चित्र बनाओ

भालू



# अहमदाबाद प्लेन क्रैश जिस हॉस्टल पर हुआ था,वह फिर बनेगा सुपर स्पेशियलिटी

## हॉस्टल पर 105 करोड़ खर्च होंगे, 236 डॉक्टर रहेंगे

गुजरात के अहमदाबाद में पिछले साल जून में जिस हॉस्टल पर गिरकर प्लेन क्रैश हुआ था, उसकी जगह अब नया आधुनिक सुपर स्पेशियलिटी हॉस्टल बनाया जाएगा। गुजरात सरकार ने सिविल अस्पताल के पास असरवा स्थित न्यू मेंटल कैंपस में ?105 करोड़ की लागत से 9 मंजिला हॉस्टल और कैंटीन ब्लॉक बनाने का फैसला लिया है। स्वास्थ्य राज्यमंत्री प्रफुल पानसेरिया ने बताया कि प्लेन क्रैश में क्षतिग्रस्त ह्यअतुल्यम 1 से 4ह्न ब्लॉक, कैंटीन और सब-स्टेशन बिल्डिंग के मुआवजे के तौर पर टाटा एयरलाइंस स्वास्थ्य विभाग को ?53.12 करोड़ देगी। इसमें 236 डॉक्टरों के रहने की व्यवस्था होगी। 12 जून 2025 को हुए हादसे के समय हॉस्टल में कुल 92 छात्र मौजूद थे। दुर्घटना के बाद हुए स्ट्रक्चरल ऑडिट में बिल्डिंग को असुरक्षित घोषित किया गया, जिसके बाद इसे तोड़ने का निर्णय लिया गया। छात्रों की रहने की सुविधा प्रभावित न हो, इसके लिए मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के निर्देश पर नई हॉस्टल बनाने की मंजूरी दी गई।





### अगले तीन साल में 236 डॉक्टरों के रहने की व्यवस्था

नया हॉस्टल मेघाणीनगर के आईजीपी कंपाउंड स्थित न्यू मेंटल कैंपस में बनाई जाएगा। मेडिकल क्षेत्र में बढ़ी 48 सुपर स्पेशियलिटी सीटों को देखते हुए अगले तीन साल में 236 डॉक्टरों के रहने की व्यवस्था की जाएगी। सरकार ने इस प्रोजेक्ट के लिए जमीन आवंटित कर दी है। वहीं, वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में इस योजना के लिए 34.65 करोड़ मंजूर किए गए हैं।

### हॉस्टल आधुनिक सुविधाओं होंगी

नया ह्यअतुल्यम 1 से 7ह्न पीजी हॉस्टल 9 मंजिला आधुनिक रूप में बनाया जाएगा। इसमें स्टूडियो अपार्टमेंट जैसे कमरे होंगे, जिनमें लिविंग रूम, किचन, बेडरूम और टॉयलेट की सुविधा रहेगी। हॉस्टल में फायर सेफ्टी सिस्टम, फ्ह्र प्लांट, बेहतर ड्रेनेज, बेसमेंट पार्किंग, आधुनिक मेस, जिम और रिक्रिएशन रूम जैसी सुविधाएं भी होंगी।




इस पूरी योजना के सामने आते ही पीड़ित परिवारों ने सरकार को इमेल करके ऐसा न करने की अपील की है. परिवारों की मांग है कि यह स्थान मात्र भूमि या बुनियादी ढांचा नहीं है, यह एक ऐसा स्थल है जो लोगों की जिंदगियों, यादें, शोक और अपूर्णीय क्षति से जुड़ा है. हम विनम्रतापूर्वक लेकिन दृढ़ता से अनुरोध करते हैं कि इस जगह को एक स्मारक स्थल के रूप में संरक्षित किया जाए जो पीड़ितों के लिए समर्पित हो. एक स्मारक न केवल एक स्थान के रूप में कार्य करेगा, परिवारों के लिए एक स्मृति के रूप में उनके जीवन की स्थायी सार्वजनिक को मान्यता देगा. कुछ स्थान स्मृतियों के केंद्र बने रहने चाहिए और ऐसी जगह को बहुत जल्दी मिटा देने से जवाबदेही का महत्व कम हो जाता है. इससे जुड़ी मानवीय वास्तविकता के मिटने का खतरा है. हम सरकार और जिम्मेदार पक्षों से अनुरोध करते हैं, अधिकारियों को प्रभावित परिवारों से परामर्श करने के बाद कोई फैसला लेना चाहिए.



### अब पढ़िए अहमदाबाद प्लेन क्रैश के बारे में

12 जून 2025 को अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट अक 171 टेकऑफ के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गई थी। इसमें 270 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें 241 यात्री और क्रू मेंबर शामिल थे। सिर्फ एक यात्री इस हादसे में जिंदा बचा था।

फ्लाइटरडार24 के मुताबिक, विमान का आखिरी सिग्नल 190 मीटर (625 फीट) की ऊंचाई पर मिला, जो उड़ान भरने के तुरंत बाद आया था।

भारत के सिविल एविएशन रेगुलेटर ने बताया कि विमान ने 12 जून की दोपहर 1:39 बजे रनवे 23 से उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के बाद विमान के पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर को मेडे कॉल (इमरजेंसी मैसेज) भेजा, लेकिन इसके बाद कोई जवाब नहीं मिला। विमान में दो पायलट और 10 केबिन क्रू सहित कुल 242 लोग सवार थे। पायलट के पास 8,200 घंटे और को-पायलट के पास 1,100 घंटे की उड़ान का अनुभव था।

### अत्याधुनिक सुपर स्पेशलिटी छात्रावास और कैंटीन ब्लॉक

असारवा के सिविल अस्पताल के पास स्थित नए मेन्टल केम्पस में अब 105 करोड़ रुपये की लागत से एक अत्याधुनिक सुपर स्पेशलिटी छात्रावास और कैंटीन ब्लॉक का निर्माण किया जाएगा. इस संबंध में जानकारी देते हुए स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रफुल पानसेरिया ने बताया कि विमान दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हुए 'अतुल्यम 1 से 4' ब्लॉक, कैंटीन और सब-स्टेशन भवन के मुआवजे के रूप में टाटा एयरलाइंस स्वास्थ्य विभाग को 53.12 करोड़ रुपये का भुगतान करेगी

दुर्घटना के समय छात्रावास में कुल 92 छात्र रह रहे थे. घटना के बाद किए गए संरचनात्मक ऑडिट के बाद इसे ध्वस्त करने का निर्णय लिया गया था. मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने छात्रों की आवासीय सुविधाओं में कोई बाधा न आए, इसके लिए नए होस्टल के निर्माण का निर्णय लिया है. मेघानीनगर स्थित आईजीपी परिसर के परिसर में नया छात्रावास बनाया जाएगा. चिकित्सा क्षेत्र में अतिरिक्त 48 सुपर स्पेशलिटी सीटों को ध्यान में रखते हुए, अगले तीन वर्षों में कुल 236 डॉक्टरों को समायोजित करने की व्यवस्था की जाएगी. राज्य सरकार ने इस परियोजना के लिए पर्याप्त भूमि आवंटित कर दी है.

■ वर्ष-12 अंक-203 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बुधवासरः 27 मई, 2026

## सुभाषितानि

अग्निना सिच्यमानोऽपि वृक्षो वृद्धिं न चाप्नुयात्।
तथा सत्यं विना धर्मः पुष्टिं नायाति कर्हिचित्॥

**भावार्थ** : अग्नि से सींचे हुए वृक्ष की वृद्धि नहीं होती, जैसे सत्य के बिना धर्म पुष्ट नहीं होता।

नानृतात्पातकं किञ्चित् न सत्यात् सुकृतं परम्।
विवेकात् न परो बन्धुः इति वेदविदो विदुः॥

**भावार्थ** : वेदों के जानकार कहते हैं कि अनृत (असत्य) के अलावा और कोई पातक नहीं; सत्य के अलावा अन्य कोई सुकृत नहीं और विवेक के अलावा अन्य कोई भाई नहीं।

## सम्पादकीयम्

### राष्ट्रस्य कृते ऊर्जा आत्मनिर्भरता!

विषये अपि सम्बोधितवान्-एतत् वस्तूनि येषां कृते भारतं आयातेषु बहुधा निर्भरं वर्तते द्वन्द्वस्य आरम्भात् एव मूल्यानि वर्धन्ते, येन देशः स्वस्य आन्तरिक-आवश्यकतानां पूर्तये अधिकाधिकं विदेशीय-मुद्रायाः व्ययः कर्तुं बाध्यः अभवत् एषा स्थितिः रुप्यकस्य उपरि वर्धमानं दबावं जनयति, यत् अमेरिकीडॉलरस्य विरुद्धं निरन्तरं दुर्बलं भवति। कच्चे तेलस्य मूल्येषु वर्धमानम्। यदा अमेरिका-इजरायल-देशयोः इरान्-विरुद्धं आक्रमणं कृतम् तदा कच्चे तैलस्य व्यापारः प्रायः ७० डॉलर-प्रति-बैरल्-रूप्यकेण भवति स्म; इदानीं १०० डॉलरस्य चिह्नं अतिक्रान्तम् अस्ति। तैलविपणनकम्पनयः सम्प्रति 1,600 तः 1,700 कोटिपर्यन्तं अतिरिक्तं दैनिकं भारं वहन्ति-एषः व्ययः अद्यापि उपभोक्तृभ्यः न प्रसारितः। परन्तु एषा स्थितिः अनिश्चितकालं यावत् स्थातुं न शक्यते। होर्मुज-जलसन्धि-स्थले तनावानां शान्ततायाः तत्कालं सम्भावना नास्ति इति दृष्ट्वा वैकल्पिक-रणनीतयः अन्वेष्टुं अस्य आर्थिक-दबावस्य न्यूनीकरणाय व्यवहार्यः मार्गः प्रददाति नवीकरणीय ऊर्जा अभिलेखः। यद्यपि कारपूलिंग, गृहात् कार्यं इत्यादयः उपायाः किञ्चित् तत्कालं राहतं दातुं शक्नुवन्ति तथापि देशे दीर्घकालीनसमाधानस्य आवश्यकता वर्तते। ऊर्जा-आवश्यकतानां कृते आयातेषु अस्माकं निर्भरतां न्यूनीकर्तुं मार्गाः अस्माभिः चिन्तनीयाः अस्मिन् प्रयासे नवीकरणीय ऊर्जा तथा विद्युत्वाहनानि महत्त्वपूर्णां भूमिकां।

## काकरोचजन्तापार्टी इत्यस्य विषये राष्ट्रव्यापी राजनैतिकः कोलाहलः

# पुलिसनिगरानीतः साइबर धोखाधड़ीपर्यन्तं विवादः वर्धते




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

व्यङ्ग्यात्मकसामाजिकमाध्यमपृष्ठरूपेण यत् आरब्धं तत् काकरोचजनतापार्टी (सीजेपी) अधुना राष्ट्रियविमर्शस्य केन्द्रबिन्दुः अभवत्। केवलं कतिपयेषु दिनेषु अयं ऑनलाइन सामूहिकः सामाजिकमाध्यमानां क्षेत्रं अतिक्रम्य राजनीतिं, पुलिसकार्याणि, सर्वोच्चन्यायालयं, साइबरअपराधमपि प्रभावितं कृतवान्। तस्य बैनरेण विभिन्नेषु राज्येषु विरोधाः भवन्ति, राजनैतिकनेतारः वक्तव्यानि निर्गच्छन्ति, अधुना संस्थायाः परितः कानूनीयुद्धं आरब्धम् अस्ति स्थितिः एतावता वर्धिता यत् समूहस्य संस्थापकस्य गृहात् बहिः पुलिसकर्मचारिणः नियोक्तुं प्रवृत्ताः सन्ति, तथैव साइबरअपराधिनः अपि जनसमूहस्य धोखाधड़ीं कर्तुं तस्य नामस्य शोषणं कर्तुं आरब्धाः सन्ति।

अद्यैव राजस्थानस्य जयपुरतः एकः भिडियो भाजपा-सङ्घस्य आधिकारिक-इण्टाग्राम-अकाउण्ट्-मध्ये साझाः अभवत्, यस्मिन् काकरोच-वेषधारिणां युवक-युवतीनां समूहः भ्रष्टाचारस्य विरुद्धं शान्तिपूर्ण-विरोधं कुर्वन् अस्ति तस्य पोस्ट् इत्यस्य शीर्षकं लिखितम् आसीत् यत् काकराः स्वरं उत्थापयन्ति-यथा अस्माभिः अभिप्रेतम्-शान्तिपूर्णतया लोकतान्त्रिकरूपेण च। अतः पूर्वं ओडिशाराजधानी भुवनेश्वरे अपि तथैव कार्यनियुक्तिप्रक्रियासु विलम्बस्य विरोधार्थं युवानः एतस्य प्रतीकस्य उपयोगं कृतवन्तः आसन्। समाचाराः सूचयन्ति यत् भाजपा-पक्षस्य विभिन्नेषु सामाजिकमाध्यममञ्चेषु द्विकोटिभ्यः अधिकाः अनुयायिनः सञ्चिताः सन्ति। एतत् आकङ्कणं कतिपयानां स्थापितानां राष्ट्रियराजनैतिकदलानां सामाजिकमाध्यमानां व्याप्तिम् अतिक्रमति इति कथ्यते। यथा यथा अस्य समूहस्य लोकप्रियता निरन्तरं वर्धते तथा तथा अनिवार्यतया सर्वकारस्य प्रशासनिकयन्त्राणां च ध्यानं आकर्षितवान्। अधुना सम्पूर्णं प्रकरणं विशिष्टानि कानूनी राजनैतिकपरिमाणानि गृहीतवान् अस्ति। न्यायालयस्य सुनवायीकाले न्यायमूर्तिः सूर्यकान्तस्य काकरोच, पराजीवी इत्यादीनां पदानाम् कथितप्रयोगस्य विषये सामाजिकमाध्यमेषु चर्चाः प्रथमवारं प्रवृत्ताः। तदनन्तरं मुख्यन्यायाधीशः स्पष्टीकरोति यत् तस्य टिप्पणीः विशेषतया धोखाधड़ीपूर्णशैक्षणिकपदवीधारिणां व्यक्तिनां सन्दर्भे एव कृताः। परन्तु एतस्मात् एव टिप्पण्याः प्रेरणा प्राप्य काकरोच् जन्ता पार्टी इति नाम द्रुतगत्या कर्षणं प्राप्य सामाजिकमाध्यममञ्चेषु प्रसृतं जातम्। महाराष्ट्रस्य छत्रपतिसंभाजीनगरे भाजपा संस्थापकस्य अभिजीतदीपके इत्यस्य पारिवारिकनिवासस्य बहिः पुलिसकर्मचारिणः तैनाताः सन्ति।

## सम्प्रति एम्स भोपालस्य

# अत्याधुनिकपक्षस्य अन्तः पूर्णतया सुरक्षिते सीलबद्धे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

दिल्ली-नगरं गन्तुं निश्चितम् अस्ति। जाँचसम्बद्धाः सर्वे संवेदनशीलनमूनानि आन्तरिकनमूनानि च सम्प्रति एम्स भोपालस्य अत्याधुनिकपक्षस्य अन्तः पूर्णतया सुरक्षिते सीलबद्धे च अवस्थायां स्थापिताः सन्ति। निरपेक्षगोपनीयतां निर्वाहयन् अयं सम्पूर्णः चिकित्सादलः स्वस्य अन्तिमविस्तृतं च प्रतिवेदनं प्रत्यक्षतया न्यायालये सीलबद्धे लिफाफे प्रस्तौति-एषः विकासः अस्य प्रकरणस्य परितः कानूनीयुद्धे एकः महत्त्वपूर्णः मोक्षबिन्दुः इति व्यापकरूपेण गण्यते।

इदानीं एतस्याः विस्तृतस्य कानूनी-चिकित्सा-प्रक्रियायाः समाप्तेः अनन्तरं रविवासरे सायं भोपाल-नगरस्य वातावरणं गभीरं गम्भीरं भावुकं च अभवत्। संदिग्धपरिस्थितौ तस्याः मृत्योः पूर्णं १२ दिवसाभ्यन्तरे अन्ततः मृतायाः ट्विशा शर्मा इत्यस्याः मर्त्यावशेषाः अन्तिमसंस्कारार्थं तस्याः परिवारजनेभ्यः समर्पिताः एम्स भोपालतः प्रत्यक्षतया शववाहनेन शवस्य परिवहनं भदभाडाविश्रमघाटं यावत् कृतम्, यत्र अन्तिमविदाईयाः सज्जता पूर्वमेव सम्पन्नवती आसीत्। यदा ट्विशायाः अन्तिमयात्रायाः कृते मण्डपः अलङ्कृतः आसीत् तदा उपस्थितानां सर्वेषां नेत्राणि अश्रुभिः प्रवहन्ति स्म। प्रियकन्यायाः शरीरं दृष्ट्वा तस्याः माता रेखाशर्मा दुःखेन आकृष्टा, दुःखेन पतिता-अनियंत्रितरूपेण रुदन्ती-तस्मात् परिवारस्य अन्यैः महिलाभिः समर्थनं सान्त्वनं च कर्तव्यम् आसीत्। तस्मिन् सायंकाले सटीकं सायं ५:०० वादने त्विशाशर्मा इत्यस्याः अन्त्येष्टि-संस्कारः भदभाडा-दाहसंस्कार-घाटे पूर्ण-हिन्दु-संस्कार-धार्मिक-जाप-अनुसारं कृतः, यत्र तस्याः भ्राता मेजर-हर्षित-शर्मा अश्रु-पूरित-नेत्रैः स्वभगिन्याः अन्त्येष्टि-चिटिं प्रज्वलितवान्।

# प्रकाशनेन मातापितृणां चिन्ता अपि वर्धिता अस्ति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

बहवः छात्राः टिप्पणीं कृतवन्तः यत् ते आवश्यकतावशात् एतत् भोजनं सेवितुं बाध्यन्ते, यतः अधिकांशस्य छात्रावासनिवासिनः बहिः भोजनस्य विकल्पं न प्राप्नुवन्ति। छात्राः गन्दगीप्रबन्धनव्यवस्थायाः सम्पूर्णं परिष्कारं नियमितनिरीक्षणार्थं तन्त्रस्य कार्यान्वयनस्य च आग्रहं कृतवन्तः। अस्याः घटनायाः प्रकाशनेन मातापितृणां चिन्ता अपि वर्धिता अस्ति। छात्राणां स्वास्थ्यं, प्रदत्तस्य भोजनस्य गुणवत्ता च विषये अनेके अभिभावकाः विश्वविद्यालयप्रशासनात् व्याख्यानं याचितवन्तः। तेषां मतं यत् यतः छात्राणां कृते पर्याप्तं शुल्कं गृह्यते, तस्मात् तेभ्यः स्वच्छतां सुरक्षितं च भोजनं प्रदत्तं भवतु इति विश्वविद्यालयस्य दायित्वम् अस्ति। तत्सङ्गमे स्वास्थ्यविशेषज्ञाः चेतयन्ति यत् दूषितभोजनेन अन्नविषाक्ततायाः।

## राशिफल

**मेष** : 27 मई को उन सभी चीजों से बचें, जो आपकी लव लाइफ को खराब कर सकती हैं। धन की स्थिति में सुधार होगा।

**वृषभ** : 27 मई को प्यार और नौकरी दोनों मामलों में ईमानदार रहें। आर्थिक समृद्धि समझदारी से पैसे खर्च करने की इजाजत देती है।

**मिथुन** : 27 मई को कुछ नई जिम्मेदारियां आएंगी। नौकरी में ईमानदार रहना बहुत जरूरी है।

**कर्क** : 27 मई के दिन रिश्ते में चल रही उथल-पुथल को सुलझाएं और एक साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताएं।

**सिंह** : 27 मई को आपको प्रोडक्टिविटी से संबंधित परेशानी होगी। आज एक खुशहाल रोमांटिक जीवन की उम्मीद करें।

**कन्या** : 27 मई को शाम के समय गाड़ी चलाते समय सावधान रहना चाहिए। बिजनेसमैन को व्यापार बढ़ाने के मौके मिल सकते हैं।

**तुला** : 27 मई को अपनी लव लाइफ से परेशानियां दूर रखें और अपने पार्टनर के साथ एक्स्ट्रा समय बिताएं।

**वृश्चिक** : 27 मई को अपने प्रेम संबंध को मजबूत बनाने के लिए खुलकर अपनी राय जाहिर करें।

**धनु** : 27 मई को प्यार के रिश्ते में विवादों को सुलझाने की कोशिश करें और परिवार के लिए समय निकालें।

**मकर** : एक मजबूत लव बॉन्ड बनाने की उम्मीद करें और वर्कप्लेस पर नई जिम्मेदारियां लें, जो प्रोफेशनल को साबित करेंगी।

**कुंभ** : 27 मई को अपनी लव लाइफ को मजबूत बनाए रखें। वर्कप्लेस पर विवादों से बचें। छोटी-मोटी पैसों की दिक्कतें आ सकती हैं।


**मीन** : 27 मई के दिन प्यार से जुड़ी समस्याओं को सुलझाएं। आपको अपनी मेहनत साबित करने के कई प्रोफेशनल मौके भी मिलेंगे।

## ज्योतिष/वास्तु

# 31 मई को शतभिषा नक्षत्र के प्रथम पद में राहु करेंगे गोचर, इन 4 राशियों को रहना होगा सावधान

राहु ग्रह मई 2026 के अंत में शतभिषा नक्षत्र के प्रथम पद में गोचर करेंगे। इस गोचर का सभी राशियों के जीवन, करियर, धन और मानसिक स्थिति पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। जानें राहु गोचर का पूरा असर और किन राशियों को रहना होगा सावधान।

राहु ग्रह 31 मई 2026, रविवार की रात 2 बजकर 28 मिनट पर शतभिषा नक्षत्र के प्रथम पद में गोचर करेंगे। ज्योतिषीय दृष्टि से यह एक महत्वपूर्ण खगोलीय परिवर्तन माना जा रहा है, जिसका प्रभाव सभी 12 राशियों के जीवन पर अलग-अलग रूप में देखने को मिलेगा। राहु का यह गोचर कई क्षेत्रों में उतार-चढ़ाव ला सकता है, जिससे कुछ लोगों के लिए परिस्थितियां



चुनौतीपूर्ण बन सकती हैं। इस अवधि में मानसिक तनाव, आर्थिक अस्थिरता और निर्णय लेने में भ्रम की स्थिति बढ़ने की संभावना रहती है। विशेष रूप से कुछ राशि के जातकों को अधिक सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है, क्योंकि इन पर राहु का प्रभाव अपेक्षाकृत अधिक नकारात्मक रूप में पड़ सकता है। आइए जानते हैं किन राशियों को सावधान रहने की आवश्यकता है।

**मेष राशि-** राहु का नक्षत्र पद गोचर मेष राशि के जातकों के लिए तनाव और चुनौतियां बढ़ा सकता है। इस दौरान पारिवारिक जीवन में तनाव की स्थिति बन सकती है और घर के सदस्यों के बीच मतभेद हो सकते हैं। शादीशुदा लोगों के रिश्तों में गलतफहमियां और विवाद बढ़ने की संभावना रहेगी, इसलिए धैर्य रखना जरूरी होगा। कारोबारियों के लिए यह समय आर्थिक दृष्टि से थोड़ा कमजोर रह सकता है क्योंकि पैसा अटकने या लेन-देन में देरी से नुकसान हो सकता है।

**कर्क राशि-** कर्क राशि वालों के लिए राहु का यह गोचर कार्यक्षेत्र में तनाव और दबाव बढ़ाने वाला साबित हो सकता है। नौकरीपेशा लोगों को सहकर्मियों के साथ मतभेद या विवाद का सामना करना पड़ सकता है। ऑफिस में काम का दबाव बढ़ सकता है और मानसिक तनाव भी महसूस हो सकता है। संपत्ति या जमीन-जायदाद से जुड़े मामलों में रुकावटें आने की संभावना है। व्यापारियों को भी इस समय सावधानी बरतनी होगी क्योंकि आर्थिक नुकसान होने की आशंका बन रही है।

**सिंह राशि-** सिंह राशि के लोगों के लिए यह गोचर आर्थिक और पारिवारिक दोनों स्तर पर चुनौतीपूर्ण रह सकता है। अचानक खर्च बढ़ सकते हैं जिससे बजट बिगड़ सकता है। पिता या किसी वरिष्ठ व्यक्ति के साथ विचारों में टकराव होने की संभावना है। करियर में रुकावटें और कामकाज में कठिनाइयां सामने आ सकती हैं, जिससे मन अशांत रह सकता है। संतान से जुड़ी किसी बात को लेकर चिंता बढ़ सकती है, इसलिए संयम और समझदारी से निर्णय लेना जरूरी होगा।

**वृश्चिक राशि-** वृश्चिक राशि वालों के लिए राहु का यह गोचर जीवन में उतार-चढ़ाव लेकर आ सकता है। कार्यक्षेत्र में काम अटकने या योजनाओं के पूरा न होने से निराशा हो सकती है। व्यापार में घाटे की स्थिति बन सकती है, इसलिए किसी भी बड़े निवेश से पहले सावधानी बरतना आवश्यक होगा। आर्थिक मामलों में अस्थिरता महसूस हो सकती है और अचानक खर्च बढ़ सकते हैं। इस समय धैर्य और सोच-समझकर कदम उठाना आपके लिए बेहद जरूरी रहेगा।

## खबर एक नजर...

### घूरकर देखने की बात पर चले थप्पड़-मुक्के

**उज्जैन।** पुरानी रंजीश में घूरकर देखने की बात पर खाराकुआ थाना क्षेत्र के मोचीवाड़ा में फेमस फूट वियर के सामने सोमवार-मंगलवार रात 11 बजे अनस पिता जाहिद हुसैन 22 साल और रिजवान पिता इस्तियाक हुसैन 26 साल दोनों निवासी मोचीवाड़ा के बीच विवाद हो गया। दोनों ने एक-दूसरे के साथ थप्पड-मुक्कों से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मामला थाने पहुंचने पर पुलिस ने दोनों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया गया है। अनस की ओर से उसका भाई मन्नान हुसैन घायल हुआ है। जिसका पुलिस द्वारा मेडिकल परीक्षण कराया गया है।

### मान के कार्यक्रम में आये धार के युवक से मारपीट

**उज्जैन।** धार के सादलपुर स्थित ग्राम मौलानी का रहने वाला मनोज पिता अंतरसिंह दायमा जाति बंजारा रिश्तेदारी में आयोजित मान के कार्यक्रम में शामिल होने महिदपुर के पास आमडी कटन आया था। जहां कार्यक्रम में दूर के रिश्तेदार प्रकाश, अशोक और नागेश्वर भी आये हुए थे। जिनसे उसका पुराना विवाद था। आमना-सामना होने पर गोली-गलौच हुई और मामला मारपीट में बदल गया। मनोज के घायल होने पर कार्यक्रम में आये लोगों ने बीच-बचाव किया। महिदपुर पुलिस ने मनोज की शिकायत पर तीनों युवकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

### पराली की आग में जल संतरे के 300 पेड़

**उज्जैन।** घट्टिया थाना क्षेत्र के ग्राम राजूखेड़ा शंकरपुर जागीर में ग्रामीण ने अपने खेत में पराली जलाई, जिसकी आग तेजी से फैली और पड़ोसी तेजकरण पिता मुन्नालाल मालवीय के खेत तक पहुंच गई। जहां तेजकरण ने संतरे का बगीचा लगा रखा था। आग में संतरे के करीब 300 से अधिक पेड़ जल गये। पुलिस ने तेजकरण की शिकायत पर गेहूं के खापे जलाने वाले ग्रामीण के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

### न्यूनतम 28 डिग्री के करीब, अधिकतम 42 डिग्री पहुंचा

**उज्जैन।** नौतपा की शुरुआत होने के बाद से दिन-रात के तापमान में तेजी आना शुरू हो गई है। सोमवार-मंगलवार रात न्यूनतम तापमान 28 डिग्री के करीब 27.5 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं मंगलवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री दर्ज हुआ। नौतपा की शुरुआत होने के साथ हवा की गति भी बढ़ गई है। मंगलवार को दिनभर 10 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलती रही। जिसमें गर्माहट बनी हुई थी। मौसम वैज्ञानिकों ने लू चलने का अलर्ट जारी किया है।

### युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, अस्पताल में भर्ती

**उज्जैन।** राजीवनगर आगररोड पर रहने वाले हर्ष पिता लक्ष्मीनारायण 23 साल ने मंगलवार शाम जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने हालत देख उपचार के लिये भर्ती किया है। ड्युटी कम्पाउंडर ने मामले की सूचना चिमनगंज थाना पुलिस को दी। पुलिस द्वारा बयान दर्ज होने पर युवक के जहरीला पदार्थ खाने का कारण सामने आ पायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 890-7 | 128-1 |
| मेन बाजार | 400-4 | 577-9 |
| मिलन डे | 590-4 | 334-0 |
| मिलन नाइट | 355-3 | 459-8 |

2 8 9

---

### तीन माह तक जनरल स्टोर्स संचालक ने खातों में जमा कराई गई राशि

# फ्रेंचाइजी देने के नाम पर 7.34 लाख की धोखाधड़ी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कुरियर कंपनी के साथ डिलेवरी एजेंट की फ्रेंचाइजी देने के नाम पर जनरल स्टोर्स संचालक के साथ कुछ लोगों द्वारा 7.34 लाख रुपए की धोखाधड़ी कर दी गई। 3 माह तक मुनाफे का झांसा दिया गया और बाद में संपर्क बंद कर दिया। पुलिस ने मामले में जांच के बाद प्रकरण दर्ज किया है।

महिदपुररोड कस्बे में रोहन पोरवाल द्वारा रौनक जनरल स्टोर्स का संचालन किया जाता है। 7 जनवरी 2026 को उसके द्वारा वेबसाइड के माध्यम से कुरियर डिलेवरी एजेंट और फ्रेंचाइजी के लिये संपर्क किया था। दूसरे दिन उसके पास मयंक गुप्ता का कॉल आया और खुद को कंपनी का अधिकृत व्यक्ति बताते हुए फ्रेंचाइजी दिलाने की बात कहीं और बताया कि कंपनी की शर्तों के अनुसार आपको कंपनी के खाते में फ्रेंचाइजी के लिए फीस जमा करवाना पड़ेगी, फ्रेंचाइजी मिलने पर बहुत अच्छा मुनाफा होगा। मयंक गुप्ता द्वारा कहा गया कि आपके पिता से बात करना होगी। 9 जनवरी को प्रियंका सिंह का कॉल आया जिसके द्वारा मयंक गुप्ता से हुई बात की पुष्टि की गई। उसके द्वारा बताया कि मिस्टर रोहन पोरवाल, आपके सभी डॉक्यूमेंट्स सक्सेसफुली वेरिफाई हो गए हैं और पार्सल डिलीवरी सेंटर (फोको) मॉडल के लिए लोकेशन अप्रूव हो गई है। अपनी डिटेल मेल पर चैक करे और अपना रजिस्ट्रेशन पूरा करें। आपका रजिस्ट्रेशन अमाउंट 50 हजार रुपए है, जिसमें जीएसटी भी शामिल है। आपके पेमेंट के बाद कंपनी ने आपकी लोकेशन को फ्रेंचाइजी कोड के साथ रजिस्टर कर दिया है। यह कन्फर्म होने के बाद कंपनी आपको रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट देगी। उसके बाद 12 जनवरी को ईमेल से पार्सल डिलीवरी सेंटर का लेटर प्राप्त हुआ, जिसमें 50 हजार की मांग रखी गई। रुपए बताये गये खाते में ट्रांसफर किये गये। जिसके बाद 22 जनवरी को सिक्योरिटी डिपोजिट के नाम पर 2 लाख मयंक राजपूत के खाते में जमा कराये गये। कुछ दिन बाद ब्रेंड लाईसेंस मनी के ढाई लाख मांगे गये। 31 जनवरी को मुझे स्टोर इंश्योरेंस टीम विजिटिंग में 1 लाख 17 हजार 500 रुपए मयंक राजपूत के खाते में जमा करने को कहा गया। 3 फरवरी को फ्रेंचाइजी स्टोर इंस्टोलेशन चार्ज टीम विजीटींग के लिए 1 लाख 49 हजार 660 रुपए जमा करने को कहा।



#### संपर्क करना बंद कर दिया गया

19 फरवरी को फ्रेंचाइजी स्टोर इंस्टोलेशन चार्ज टीम विजीटींग के लिए 74 हजार 830 रुपए मयंक राजपूत के खाते में जमा कराये गये। 7 मार्च को एक बार फिर से 34 हजार 830 रुपए मांगे गये। इस प्रकार कुल 7 लाख 34 हजार 160 रुपए जमा करने के बाद संपर्क करना बंद कर दिया गया। सभी राशि अंधेरी वेस्ट मुंबई इंडियन ओवरसीज बैंक के खातों में जमा कराई गई। रोहन पोरवाल को अपने साथ धोखाधड़ी का आभास हुआ तो उसने मामले की शिकायत थाने पहुंचकर दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में मंयक गुप्ता, प्रियंकासिंह और खाताधारक साहब कुमार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

## भोपाल-जयपुर ट्रेन में यात्री की जेब से 23 हजार गायब

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शाजापुर के ग्राम खामखेड़ा पोस्ट चितावद का रहने वाला मुकेश पिता मोतीलाल परमार भोपाल-जयपुर एक्सप्रेस ट्रेन के जनरल कोच में अकोदिया से उज्जैन की यात्रा कर रहा था। ट्रेन का पीर उमरोद स्टेशन पर स्टापेज होने पर कोच से भीड़ कम होने पर मुकेश ने जेब देखी तो उसमें रखे 23 हजार 600 रुपए गायब थे।

पहले उसने कोच में तलाश की लेकिन नहीं मिले। ट्रेन के उज्जैन स्टेशन पहुंचने पर जीआरपी थाने पहुंचकर मुकेश परमार ने शिकायत दर्ज कराई और बताया कि भीड़ में किसी अज्ञात बदमाश द्वारा जेब से रुपए निकाले है। जेब में रखे रूपयों में सभी नोट 200 सौ रूपय के थे। जीआरपी ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। एक अन्य मामले में उज्जैन जीआरपी के पास गुना से मोबाइल चोरी की शिकायत जांच के लिये पहुंची। बांद्रा-गुना ट्रेन में बांद्रा से गुना की यात्रा कर रही मधु रघवंशी का कोच ए-1 में सीट नम्बर 45 पर बैठी थी। उनका बेग कोच की



सीट पर रखा था। जिसमें से सेमसंग गैलेक्सी मोबाइल अज्ञात बदमाश ने चोरी कर लिया। उक्त मामले में जीआरपी ने प्रकरण दर्ज कर सायबर की मदद से मोबाइल की लोकेशन ट्रेस करने का प्रयास शुरू किया गया है। मोबाइल चोरी की एक शिकायत इंदौर के लसुड़िया थाना क्षेत्र में रहने वाली पिंकी पति अजय विश्वकर्मा ने जीआरपी को दर्ज कराई। पिंकी पंचवेली एक्सप्रेस के जनरल कोच में छिंदवाड़ा से इंदौर की यात्रा कर रही थी। मक्सी स्टेशन नींद खुली तो पर्स में रखा पोको कंपनी का मोबाइल चोरी हो चुका था।

## बाइक सवार पर चढ़ा सीमेंट मिक्सर का पहिया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मक्सीरोड पर मंगलवार शाम दर्दनाक हादसा हो गया। बाइक सवार पर सीमेंट मिक्सर का पहिया चढ़ गया। दबने से बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। देर रात पुलिस ने मृतक की पहचान कर परिजनों को सूचना दी।

पंवासा थाना पुलिस ने बताया कि मक्सीरोड पुलिस ट्रेनिंग सेंटर के सामने शाम को दुर्घटना में एक युवक की मौत होने की खबर मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंची थी। जहां सामने आया कि मृतक युवक बाइक पर सवार था और सामने से आ रही कार से बचने पर उसका संतुलन बिगड़ने पर गिर गया था। इस दौरान पीछे से आ रहा सीमेंट मिक्सर वाहन का पहिया उसके ऊपर चढ़ा है। लोगों ने सीमेंट मिक्सर वाहन को रोक लिया था। पुलिस ने घटनास्थल से मृतक का शव चरक अस्पताल पहुंचाया और मिक्सर वाहन को थाने लाकर खड़ा कर लिया। मृतक के पास मोबाइल था, जो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका था। बाइक नम्बर से पहचान के प्रयास शुरू किये गये। बाइक शाजापुर क्षेत्र की होना सामने आई, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया, मृतक की पहचान के प्रयास लगातार किये जा रहे थे। इस दौरान सामने आया कि बाइक सवार गोकुल पिता शंकरलाल मालवीय निवासी नरवर क्षेत्र का रहने वाला है। उसके परिजनों को सूचना देने का प्रयास किया गया। प्रधान आरक्षक अनिल पाल के अनुसार प्रारंभिक रूप से मृतक की पहचान कर ली गई है। लेकिन बुधवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों के आने पर मृतक के संबंध में स्पष्ट जानकारी सामने आ जायेगी।

### शिप्रा में डूबे युवक की एसडीआरएफ ने निकाली लाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

क्षिप्रा नदी में सोमवार दोपहर को युवक डूब गया, जिसकी तलाश में एसडीआरएफ ने सर्चिंग शुरू की और रात 11 बजे के लगभग उसका शव बाहर निकाला गया। मंगलवार सुबह पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। देवासरोड स्थित हामूखेड़ी में रहने वाला विशाल पिता शंकरलाल मालवीय 24 साल सोमवार दोपहर दोस्तों के साथ समीप ग्राम कुंवारिया स्थित क्षिप्रा नदी पर नहाने गया था। पानी कमर तक का था, इस दौरान विशाल बीच नदी में पहुंच गया, जहां गहरा गड्ढा होने पर डूब गया। दोस्तों ने उसे डूबता देखा तो शोर मचाया लेकिन विशाल गहराई में जा चुका था। मामले की सूचना पुलिस को दी गई, युवक के डूबने की जानकारी मिलने पर होमगार्ड की एसडीआरएफ टीम तलाशी अभियान के लिये पहुंची। विशाल की तलाश में सर्चिंग शुरू की गई। रात 11 बजे के लगभग उसका शव बाहर निकाल लिया गया। मंगलवार सुबह



पोस्टमार्टम के दौरान सामने आया कि विशाल पेंटरी का काम करता था और नाना-नानी के पास हामूखेड़ी में रहता था। उसके पिता का एक माह पहले ही निधन हुआ था, जो आगररोड नाके पर रहते थे। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा।

### 10 हजार का था इनाम, पूर्व में पकड़े गये थे 7 साथी

# छह साल बाद गिरफ्त में आया डकैती में फरार आरोपी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नवधा एग्रो टेक फैक्ट्री में 6 साल पहले चौकीदार को बंधक बनाकर बदमाशों ने डकैती को अंजाम दिया था। पुलिस ने सात बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया था। एक बदमाश लगातार फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी पर इनाम घोषित किया गया था। फरार बदमाश को सोमवार-मंगलवार रात देवास से गिरफ्तार कर लिया गया।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 24 दिसंबर 2020 को आधी रात में ग्राम मौलान स्थित नवधा एग्रो टेक फैक्ट्री में



2 व्यक्ति पानी पीने के बहाने आये थे, चौकीदार ने उन्हे रोका तो दोनों के अन्य साथी भी तलवार-कट्टे से लैस होकर फैक्ट्री में घुस गये थे। बदमाशों ने चौकीदार को बंधक बनाकर फैक्ट्री के शटर का ताला काटा गया था और गोदाम में रखी 50 बोरी नट बोल्ट, 50 नग थ्रेशर पुली, पाइप काटने का कटर, 40 बोरी सोयाबीन, खाली गैस टंकी, डीपी ऑयल, 3 सीसीटीवी कैमरे और डीवीआर लूट लिया था। मामले में चौकीदार की सूचना पर धारा 458, 380 का प्रकरण दर्ज कर जांच के बाद धारा 395 और 411 का इजाफ किया। छह बदमाशों को कुछ दिन बाद गिरफ्तार कर लिया गया था। मामले में 2 बदमाश फरार चल रहे थे। जिनकी गिरफ्तारी पर 10 हजार का इनाम रखा गया था। फरार फारुख पिता अहमद हुसैन निवासी रसूलपुर जिला देवास को 12 मई की रात गिरफ्तार कर लिया गया था। रोहित पिता कैलाश चौहान 23 साल निवासी ईदुखा चाचा कालोनी बावडिया देवास थाना ओद्योगिक क्षेत्र जिला देवास था। जिसे सोमवार मंगलवार रात देवास से गिरफ्तार किया गया है। जिसके खिलाफ पूर्व में भी लूट चोरी के मामले दर्ज है। जिसे मंगलवार दोपहर न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com